दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 3 मई 2025 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 81 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाकिस्तान के नापाक इरादे तो पहले से ही जग जाहिर हैं। अब उसका अमानवीय चेहरा भी उजागर हो गया। जब उसने भारत में आए पाकिस्तानी नागरिकों को अपने देश में प्रवेश देने से इंकार करते हुए बाघा बॉर्डर बंद कर दिया। जिनका वीजा रद्द कर भारत उन्हें वापस पाकिस्तान भेज रहा है। बॉर्डर पर हजारों पाकिस्तानी चौबीस घंटे से परेशान हैं। अपने ही देश के नागरिकों को वापस लेने में हीलहवाला कर पाकिस्तान ने यह साबित कर दिया है कि वह अपने ही लोगों का भी सगा नहीं है। अपने लोगों की आह अब उसे तबाह करके रहेगी।

जीएसटी संग्रह में छत्तीसगढ़ बना अग्रणी राज्य

- अप्रैल 2025 में 4,135 करोड़ का संग्रहण
- केरल, पंजाब और बिहार जैसे राज्यों को पछाड़ा
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किए गए सुधारों का असर

रायपुर/नवप्रदेश। अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4,135 करोड़ का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और खनिज संसाधनों से भरपूर झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम आज करेंगे 10 नवीन सुविधाओं का शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 3 मई को नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पंजीयन (रजिस्ट्री) विभाग की नवाचार आधारित 10 नवीन सुविधाओं का शुभारंभ और मेसर्स रैक बैंक द्वारा प्रस्तावित अत्याधुनिक एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास भी करेंगे। यह कार्यक्रम राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने और आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल तथा तकनीकी सुलभ सेवाएं प्रदान करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम होगा। पंजीयन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा के उद्देश्य से पंजीयन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और सरल बनाया गया है। इन सुविधाओं में आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप्प नोटिफिकेशन, घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट, स्वतः नामांतरण जैसी तकनीकी सेवाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं से रजिस्ट्री प्रक्रिया, पेपरलेस सुरक्षित और नागरिकों के लिए सहज हो सकेगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बुजुर्ग अतीत की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक : मुर्मु

नयी दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल - 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

बोनी-अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन

मुंबई (ए.)। निर्माता बोनी कपूर और अभिनेता अनिल कपूर-संजय कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन हो गया है। शुक्रवार 02 मई को उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली। वे दिग्गज निर्माता सुरिंदर कपूर की पत्नी थीं। निर्मल कपूर ने सितंबर 2024 में ही अपना 90वां जन्मदिन मनाया।

नर्मदेश्वर बने उप वायु सेना प्रमुख

नई दिल्ली(ए.)। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को नए उप वायु सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने एयर मार्शल एस.पी.धरकर का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। कार्यभार संभालने से पहले एयर मार्शल तिवारी गांधीनगर स्थित दक्षिण-पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में तैनात थे। वायु सेना मुख्यालय 'वायु भवन' में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भिारतीय वायु सेना ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और वायु सेना मेडल से सम्मानित एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने 2 मई 2025 को उप वायु सेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया है।

अनुराधा प्रसाद ने कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली (वार्ता)। गृह मंत्रालय में अंतरराज्यीय परिषद सचिवालय की पूर्व सचिव अनुराधा प्रसाद ने शुक्रवार को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आयोग के अनुसार उन्हें आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने शपथ दिलाई।

वक्फ कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाएं दायर की

नई दिल्ली(ए.)। वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाएं दायर की गईं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिकाओं में वक्फ संशोधन कानून, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की सदस्यता वाली पीठ वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 5 मई को सुनवाई करेगी।

भारत की सख्ती से पाकिस्तान बेहाल
आनाकानी के बाद वाघा बॉर्डर पर फंसे नागरिकों को वापस लेने से मजबूर

इस्लामाबाद (ए.)। भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान की सरकार ने एलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का एलान कर दिया और पाकिस्तानी नागरिकों को एक तय समयसीमा के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दे दिया गया।

70 पाकिस्तानी अटारी-वाघा सीमा पर फंसे

पाकिस्तानियों के भारत छोड़ने की समय सीमा 30 अप्रैल को समाप्त हो गई, जिसके बाद गुरुवार को अटारी-वाघा बॉर्डर बंद रही। हालांकि कम से कम 70 पाकिस्तानी नागरिक गुरुवार को भी अटारी-वाघा बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सीमा पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर कहा कि हमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की जानकारी है, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के अटारी सीमा पर फंसे होने की जानकारी मिली है। हम अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार हैं। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।

शरीफ का यूट्यूब अकाउंट बंद, कई क्रिकेटर्स के इंस्टाग्राम भी ब्लॉक

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को भारत में ब्लॉक कर दिया। चैनल पर अब यह संदेश दिख रहा है- यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े सरकारी आदेश के कारण इस देश में उपलब्ध नहीं है। शहबाज शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल खाता है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के खाते भी ब्लॉक किए जा चुके हैं। सरकार ने केवल राजनेताओं के खिलाफ ही नहीं, बल्कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और न्यूज चैनलों के खातों पर भी कार्रवाई की है।

भविष्य में भी खुला रहेगा वाघा बॉर्डर

पाकिस्तान ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने के भारत सरकार के फैसले की आलोचना की और कहा कि इससे गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है क्योंकि इससे भारत में इलाज करा रहे परिवार प्रभावित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को 26 अप्रैल के बाद भारत छोड़ने का आदेश दिया था। इनमें सार्क वीजा धारक शामिल हैं। वहीं मेडिकल वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ने की सलाह दी गई थी। भारत की देखा-देखी पाकिस्तान ने भी वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया और भारतीयों को सार्क वीजा योजना के तहत मिले वीजा को रद्द कर दिया।

शाहजहांपुर में वायुसेना का युद्धाभ्यास

शाहजहांपुर(ए.)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना ने शक्ति प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों ने टच डाउन किया। इससे पहले दोपहर करीब 12 बजकर 41 मिनट पर वायुसेना का ह-32 विमान आया। विमान ने करीब पांच मिनट तक चक्कर लगाए। इसके बाद हवाई पट्टी पर लैंडिंग की गई। करीब एक बजे यह विमान यहां से टेकऑफ कर गया। हवाई पट्टी पर वायुसेना के हेलिकॉप्टर भी उतरे। गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक एयर शो हुआ। लड़ाकू विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद स्कूली बच्चे व लोग रोमांचित हो गए। रात में भी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतरेंगे। ऐसा पहली बार होगा, जब किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग भी होगी। इस दौरान कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे तक पूरी तरह से बंद रहेगा।

पीएम मोदी ने आंध्र को दी 58000 करोड़ की सौगात

- 74 परियोजनाओं का शिलान्यास

अमरावती(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरावती राजधानी शहर के विकास के लिए 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं - सड़क, रक्षा, रेलवे और औद्योगिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें राजधानी शहर के संस्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केरल को 8900 करोड़ की सौगात

तिरुवनंतपुरम (ए.)। केरल की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 8,900 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां दुनिया के बड़े ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता

पीएम मोदी ने आगे कहा कि बंदरगाह अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का एहसास तब होता है, जब बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी जाती है और बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में यह दृष्टिकोण सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीतियों का आधार रहा है। औद्योगिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

भारत को 13 करोड़ डॉलर का सैन्य सामान देगा अमेरिका

- हिंद-प्रशांत महासागर में और मजबूत होगी भारतीय नौसेना

नई दिल्ली (ए.)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच अमेरिका ने भारत को 13.1 करोड़ डॉलर का सैन्य साजो-सामान बेचने की मंजूरी दे दी है। इस सैन्य साजो सामान के मिलने से भारत की हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में मेरीटाइम सुरक्षा मजबूत होगी। भारत और अमेरिका में रणनीतिक सहयोग बढ़ रहा है और ताजा सौदा भी इसका उदाहरण है।

भारतीय नौसेना को मिलेंगे ये औजार और तकनीक

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के तहत काम करने वाली डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने बुधवार को बताया कि सौदे के तहत भारत को एडवांस्ड सी विजन सॉफ्टवेयर, ट्रेनिंग और सपोर्ट सर्विस मिलेगी, इससे भारत की मेरीटाइम डोमेन में जागरुकता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अर्जेंटीना और चिली में भूकंप के तगड़े झटके

नई दिल्ली(ए.)। दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना और चिली के समुद्री तटों के पास शुक्रवार को तेज भूकंप के झटके लगे हैं। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.4 मापी गई है। यह झटका समुद्र के अंदर आया, जिससे आसपास के इलाकों में भी हलचल महसूस की गई। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप का केंद्र चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी किनारों के करीब समुद्र में था। अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है, लेकिन अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन कुछ देर बाद इसे हटा लिया गया। फिर भी तटीय इलाकों में लोग एहतियातन ऊंचे इलाकों की ओर जाने लगे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, चिली के पुंटा एरेनास और अर्जेंटीना के रियो गालेगोस शहरों में भी कंपन महसूस हुए।

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ीं

- कोर्ट ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले आरोपियों के पक्ष को सुनने का अधिकार छीना नहीं जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावित आरोपियों को आरोपपत्र के संज्ञान के समय सुनवाई का अधिकार है। किसी भी स्तर पर सुनवाई का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

क्या है नेशनल हेराल्ड मामला?

नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरुआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) नाम की कंपनी बनी, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38% हिस्सेदारी है।

गरमा-गरम

पहली पूजा पीएम के नाम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के साक्षी बने, भक्तों पर हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा

वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य खुले केदारनाथ धाम के कपाट

श्रीकेदारनाथ धाम (वार्ता)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान के साथ खोल दिये गये।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के साक्षी बने। उन्होंने कपाट खुलने पर धाम में पूजा-अर्चना कर, प्रदेश के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। केदारनाथ धाम में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम की सम्पन्न हुई। मंत्र उच्चारण, हर हर महादेव के उद्घोष एवं सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बाबा केदार के कपाट प्रातः सात बजे खुले। इस अवसर पर धाम को सुंदर पुष्पों से सुसज्जित किया गया है। आज भक्तों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प भी बरसाए गए।

मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ ही संपूर्ण देश को इस पल की प्रतीक्षा रहती है। केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। हमारे राज्य के लिए यह उत्सव का समय है। उन्होंने बाबा केदार से सभी यात्रियों

के मंगलमयी यात्रा की प्रार्थना की। श्री धामी ने कहा कि बाबा केदार के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। बाबा केदार के आशीर्वाद से इस वर्ष भी चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चार धाम यात्रा के सुव्यस्थित और सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता के लिए सरकार ने सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं।

धामी ने कहा कि हम सभी उत्तराखंडवासियों का कर्तव्य है कि हम देश और दुनिया से आने वाले अतिथियों का स्वागत आत्मीयता और सेवा भाव से करें। उन्होंने कहा कि मोदी बाबा केदारनाथ के अनन्य भक्त हैं। वर्ष 2013 में आपदा के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केदार नगरी के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू हुआ। उन्हीं के मार्गदर्शन में आज केदारनाथ परिसर का दिव्य और भव्य निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केदारनाथ की इसी भूमि से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था। उनके शब्दों को सच करने के लिए राज्य सरकार निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

इससे पूर्व, कपाट खुलने की प्रक्रिया सुबह पांच बजे से शुरू हुई। इसके बाद श्री केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी बागेश लिंग, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कपाट खुलते ही हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी घाटी

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के अद्भुत क्षण के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी इस दौरान मौजूद रहे। बाबा केदार के कपाट खुलने के क्षण का श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार था। जैसे ही धाम के कपाट खुले हर-हर महादेव के जयकारों से घाटी गूंज उठी। श्रद्धा से भीगे मन भोलेनाथ का वंदन करने लगे।

कपाटोद्घाटन के लिए मंदिर को 108 क्विंटल फूल-मालाओं से सजाया गया है। वहीं, शासन, प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ ही सुरक्षा बल भी तैनात है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई है। वहीं, श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट खुलने के बाद से दर्शन के लिए टोकन व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। श्री केदारनाथ धाम अपने संपूर्ण वैभव के साथ सज संवरकर तैयार हो चुका है। शुक्रवार प्रात काल विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में कापट उद्घाटन के साथ ही भक्तगम देवाधिदेव महादेव केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकेंगे। मेरे लिए भी अत्यंत सौभाग्य का क्षण है कि मैं भी कपाटोद्घाटन के दौरान श्री केदारनाथ धाम में उपस्थित हूं।

सैकड़ों श्रद्धालुओं ने समर्पण से मन झुकाया

शुक्रवार को सुबह सात बजे वृष लग्न में केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के पावन पल के साक्षी बने। मंदिर के कपाट खुलते ही केदारघाटी हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी। कपाट खुलने से कुछ ही देर पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी केदारनाथ पहुंचे और कपाट खुलने के बाद दर्शन किए।

सीएम धामी ने किये प्रसाद वितरित

पाटोद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी संग भी मौजूद रहे। कपाट खुलने के बाद उन्होंने यहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

भारत-यूरोपीय संघ का मुक्त व्यापार समझौता रणनीतिक व्यापार की प्रतिबद्धता दोहराई



नई दिल्ली(वार्ता)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफ्कोविक ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक दूरदर्शी और ठोस वार्ता की और 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) संपन्न करने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की।

बातचीत में दोनों नेताओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्वारा फरवरी 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज की नई दिल्ली की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों पक्षियों के संबंधों को दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने श्री गोयल की यूरोप की यात्रा के निष्कर्ष पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उच्च स्तरीय सहभागिता इस बात को रेखांकित करती है कि दोनों साझेदार एक व्यावसायिक रूप से सार्थक, पारस्परिक रूप से लाभकारी, संतुलित और निष्पक्ष व्यापार साझेदारी बनाने के लिए रणनीतिक महत्व रखते हैं जो आर्थिक सशक्त और समावेशी विकास का समर्थन करती है। श्री गोयल की यूरोपीय संघ के साथ इस बातचीत में एफटीए वार्ता के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया और मासिक बैठकों और निरंतर आभासी सहभागिता के माध्यम से चल रही गति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान और व्यावहारिकता की भावना से लंबित मुद्दों को हल करने के अपने उद्देश्य को दोहराया, जिसमें 12-16 मई 2025 को नई दिल्ली में होने वाला अगला दौर भी शामिल है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए प्रशुल्क कटौती चर्चाओं के साथ-साथ गैर- प्रशुल्कीय बाधाओं (एनटीबी) पर भी समान ध्यान देने की आवश्यकता है और नियामक ढांचे को समावेशी, आनुपातिक होना चाहिए तथा व्यापार को प्रतिबंधित करने से बचना चाहिए।

भारत-यूरोपीय संघ एफ्टीए डिजिटल संक्रमण का समर्थन करके, विविध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देकर वैश्विक वाणिज्य की उभरती वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने की आकांक्षा रखता है।

विज्ञप्ति के अनुसार, "दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार समझौता हो जाने पर, यह व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में काम करेगा, बाजार में प्रवेश की सुगमता को बढ़ाएगा, नियामक सहयोग का समर्थन करेगा और दोनों पक्षों में नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।"

दोनों पक्षों ने आर्थिक जीवन शक्ति को बनाए रखने में निवेश प्रवाह और लोगों से लोगों की गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

भारत-यूरोपीय संघ एफ्टीए को विकसित भारत के लक्षण के संदर्भ में विविध उत्पादन नेटवर्क को बढ़ावा देने और निष्पक्ष व्यापार सिद्धांतों को बनाए रखने के साधन के रूप में देखा जा रहा है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का कहना है कि चूंकि भारत कई मुक्त व्यापार सौदों के माध्यम से विश्व बाजार में अपनी उपस्थिति व्यापक बनाने में लगा है, यूरोपीय संघ से एफ्टीए वार्ता राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक आकांक्षाओं के साथ संरेखित भविष्य के लिए तैयार ढांचे को आकार देने के अपने व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाती है।

पाकिस्तान की उड़ी नींद सीजफायर से मिला मुंहतोड़ जवाब

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही दहशतगर्दों के पहनगार पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। उसे हर पल भारत की कड़ी कार्रवाई का डर सता रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान नियंत्रण रेखा के पार से लगातार फायरिंग कर रहा है। लगातार आठवें दिन उसने सीजफायर का उल्लंघन किया। हालांकि, उसे हर बार मुंह की खानी पड़ी। भारतीय सेना के मुताबिक, एक और 2 मई 2025 की रात को पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया।

'पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद होने से एयर इंडिया को होगा 60 करोड़ डॉलर का नुकसान'

नई दिल्ली। पाकिस्तान द्वारा अपना एयरस्पेस भारतीय एयरलाइंस के लिए बंद करने के बाद एयर इंडिया को सालाना करीब 60 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है। न्यूज एजेंसी रायटर्स ने कंपनी के एक पत्र का हवाला देते हुए यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के एयरस्पेस बंद करने से भारतीय एयरलाइंस का ईंधन का खर्च बढ़ेगा और साथ ही उड़ानों के रूट का फिर से निर्धारण किया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone-Fax No. 07700-251887
Email-cmonagri84@gmail.com
क्र./178/न.पं./राजस्व/2025-26
नगरी, दिनांक 01/05/2025

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रविन्द्र पिता स्व. प्रेमचंद नाहटा जाति जैन निवासी वार्ड क्र. 10 नगर पंचायत नगरी तह. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत श्रृंगी ऋषि वार्ड क्र. 10 प.ह.नं. 23 आबादी भूमि खसरा नंबर 1353 का टुकड़ा 1870 वर्गफीट भूमि पर काबिजदार प्रेमचंद पिता मेघराज नाहटा के नाम मकान/मलमा स्थित है। उनका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 10 की मांग संख्या 39 में दर्ज है। आवेदक अपने पिता स्व. प्रेमचंद नाहटा के निधन उपरांत निकाय के कर संग्रहण पंजी से उनका नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था का हितबद्ध हो तो संबंधित पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 31/05/2025 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

पाकिस्तान निर्वासित होने के कगार पर परिवार, सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

नई दिल्ली। पाकिस्तान निर्वासित होने के कगार पर पहुंचे एक परिवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिकारियों को परिवार के दस्तावेज जांचने और कोई फैसला लेने तक परिवार को पाकिस्तान निर्वासित न करने का निर्देश दिया है। जम्मू कश्मीर के छह लोगों को एक परिवार पर निर्वासन की तलवार लटक रही है। छह सदस्यों का ये परिवार कथित तौर पर वीजा की अवधि निकल जाने के बाद भी भारत में रुका हुआ है। वहीं परिवार का कहना है कि उनके पास भारत में रहने के वैध दस्तावेज हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सभी दस्तावेजों की जांच करें। अदालत ने दस्तावेजों की वैधता पर जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया है। हालांकि इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की है। अदालत ने फैसला लिए जाने तक याचिकाकर्ता परिवार के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का भी निर्देश दिया है।

भाखड़ा जल विवाद गहराया: हरियाणा ने बताया घटिया राजनीति

चंडीगढ़। भाखड़ा जल विवाद पर हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इससे पहले शुक्रवार सुबह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में पंजाब भवन में प्रदेश की सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारवार्ता में सीएम मान ने कहा कि दो घंटे तक पानी के मुद्दे पर चर्चा हुई। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी को डिक्टेट किया गया। हरियाणा को पानी देने का फैसला रातों रात किया गया। ऑल पार्टी मीटिंग में इसका विरोध किया गया। मान के इस बयान पर सीएम नायब सैनी ने पलटवार करते हुए कहा कि पंजाब को घटिया राजनीति नहीं करनी चाहिए, यह गुरुओं की धरती है। आज मैं यह कहता हूं कि अगर पंजाब के लोगों को पानी की जरूरत पड़ती है तो हरियाणा जमीन के नीचे से भी पानी निकाल कर पंजाब वासियों की प्यास बुझाने का काम करेगा। हम सिंचाई के लिए नहीं, पीने के लिए पानी मांग रहे हैं जो पंजाब को देना चाहिए।

'आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने वालों पर कार्रवाई करे सरकार': अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार को आंबेडकर जी की प्रतिमा तोड़ने वालों के खिलाफकार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग ही आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ रहे हैं इसलिए वो कार्रवाई किस पर करें। यह जवाब उन्होंने प्रदेश के कई जिलों में आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़े जाने के सवाल पर दिया। अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकने भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को खत्म कर दिया है। इसलिए अब भाजपा नफरती राजनीति पर उतर आई है। भाजपा का वोट कम हो रहा है। लोग महंगाई और बेरोजगारी के सवालों को उठा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मदरसों को अवैध बताकर बंद किया जा रहा है। अगर वो अवैध हैं या अवैध जमीन पर बने हैं तो पहले क्यों नहीं रोका गया।

यूपी में वायुसेना का युद्धाभ्यास, गंगा एक्सप्रेसवे पर गरजे लड़ाकू विमान : शाहजहांपुर। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना ने शक्ति प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों ने टचडाउन किया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
Email ID-rmczone1@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20501 दि.-30/04/2025
वार्ड का नाम-15- ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR108C00657 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Hemchand Agrawal पिता/पति श्री/श्रीमती Mishri Lal के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति ASHADEVI AGRAWAL, KHUSHBU, PIYUSH AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती W/O,D/O, S/O LATE HEMCHAND AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र/ रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

श्रीमती प्रीति सिंह
जोन कमिश्नर
जोन (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20558 दिनांक 02.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651I34601 जो कि निगम अभिलेख में पिता/पति श्री/श्रीमती SANTOSH KAPUR पिता/पति श्री/श्रीमती RAMESH KAPUR के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती RAJNI MALIK पिता/पति श्री/श्रीमती W/O RAJNISH KUMAR MALIK ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20560 दिनांक 02.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651I00346 जो कि निगम अभिलेख में पिता/पति श्री/श्रीमती SANTOSH KAPUR पिता/पति श्री/श्रीमती RAMESH KAPUR के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती VARSHA LALWANI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI DEEPAK KUMAR LALWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

नोटिस

इस न्यायालय का राजस्व प्रकरण क्रमांक 202407320900029 अ/27 वर्ष 2023-24 पक्षकार परमानंद पिता सुवन विरूद्ध सुवनलाल पिता रथराम एवं अन्य 01 साकिन भारतपुर प.ह.नं. 11 तहसील बिलाईगढ़ के नाम से इस न्यायालय में प्रकरण दर्ज है उक्त प्रकरण में अनावेदक क्र. 02 शिवकुमारी पिता रथराम जाति सतनामी भूमि ग्राम भारतपुर प.ह.नं. 11 तहसील बिलाईगढ़ की उपस्थिति हेतु दैनिक समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन का आदेश किया गया है जिसमें नियत पेशी दिनांक 08.05.2025 को नियत है।

अतः उपरोक्त अनावेदक पेशी दिनांक 08.05.2025 को इस न्यायालय से उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष रख सकते हैं। अनुपस्थित रहने पर प्रकरण पर अनुपस्थित मानते हुए अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

सील
तहसीलदार
बिलाईगढ़

कार्यालय नगर पालिक निगम, (बाजार/ नजूल) रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. :- 2535780,90 फैक्स :- 0771-2227395
Website - www.nagarnigamraipur.nic.in

// अल्पकालीन निविदा सूचना //

लावारिश मवेशियों को पकड़ने हेतु 03 अकुशल मजदूर 12 माह के लिये प्रतिदिन (8 घंटे) के कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से निर्धारित दर पर आमंत्रित की जाती है अकुशल श्रमिक कलेक्टर दर पर ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. सेवा शुल्क सहित दर प्रस्तुत करें। निविदा राजस्व/बाजार विभाग नगर पालिक निगम रायपुर में दिनांक 09.05.2025 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक स्पीड रजिस्टर्ड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है प्राप्त निविदाओं को इसी दिवस सायं 4.00 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.05.2025 से 08.05.2025 तक समय शाम 5.00 बजे तक राशि 500/- रु. नगद जमा कर राजस्व/ बाजार शाखा से प्राप्त की जा सकती है। निविदा लाभांश प्रतिशत दर में प्रस्तुत करें।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

उपायुक्त (बाजार)
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर कालोनी रायपुर में निर्मित LIG-I भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक LIG-I/1856 श्री कुलबीर सिंग पिता श्री प्रेम सिंग को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 25/01/2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 25/02/2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री मो. साजिद अली पिता श्री मो. शम्सुद्दीन अंसारी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम
(आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास विभाग)
// तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र./463/आजाक/निर्माण/2025-26 कबीरधाम, दिनांक 30/04/2025

निम्नांकित कार्यों हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 14.05.2025 समय 5.00 तक है।

क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की राशि (राशि लाख में)
1	167761	प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास रेगांखार में 2 यूनिट अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	24.00

टीप :- ठेकेदार की श्रेणी "A","B", "C" एवं "D" होना अनिवार्य है। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.Cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास,
वास्ते, कलेक्टर, जिला-कबीरधाम

जी-252600622/3

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
कांकेर वनमण्डल कांकेर

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, कांकेर वन मण्डल कांकेर के अंतर्गत आने वाले काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती काष्ठ के निम्न विवरण अनुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ वन काष्ठागार डिपो कांकेर से प्राप्त की जा सकती है।

डिपो का नाम - कांकेर काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 07 मई 2025, बुधवार
नीलाम प्रारंभ - प्रातः 09.00 बजे से

स. क्र.	प्रजाति	अनुमानित मात्रा								
		नया			पुराना			योग		
		काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	सागौन	41.397	35	122	264.683	1392	1913	306.080	1427	2035
2	साल	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
3	खम्हार	2.591	0	3	0.000	0	0	2.591	0	3
4	हल्दू/मुंडी	3.249	1	9	29.715	0	0	32.964	1	9
5	बीजा	7.736	2	12	41.750	31	12	49.486	33	24
6	सलई/मोयन	2.519	0	0	15.972	0	0	18.491	0	0
7	साजा	5.740	14	2	60.343	108	6	66.083	122	8
8	शीशम	0.000	0	0	0.000	0	0	0.000	0	0
9	तिन्सा	1.854	0	3	0.529	2	0	2.383	2	3
10	नीलगिरी	0.000	0	0	0.000	33	4	0.000	33	4
11	अन्य	12.898	120	7	54.000	0	0	66.898	120	7
	योग :-	**77.984**	**172**	**158**	**466.992**	**1566**	**1935**	**544.976**	**1738**	**2093**
1	सागौन जलाऊ	5 चट्टा			-			5 चट्टा		

अनुमानित काष्ठ की मात्रा कम या अधिक हो सकता है।

टीप :-
1. क्रेताओं को ई-आक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लाग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-आक्शन में लाट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लाट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कांकेर, वनमण्डल कांकेर

जी-252600633/6

संक्षिप्त खबरें

दिनेश मिरानिया के परिवार को साय सरकार देगी 20 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के दिनेश मिरानिया के परिवार को साय सरकार ने 20 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा, दिनेश मिरानिया की हत्या अत्यंत पीड़ादायक है. यह अपूरणीय क्षति है।सीएम ने कहा, राज्य सरकार स्व. दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिवार को 20 लाख रुपए की सहायता देगी। पूरा प्रदेश इस दुःखद घड़ी में उनके परिवार के साथ है. जिन आतंकवादियों ने इस घृणित कार्य को अंजाम दिया है उन्हें सजा अवश्य मिलेगी। दिनेश मिरानिया (45) को जिस दिन गोली मारी गई, उसी दिन उनकी शादी की सालगिरह थी। वह परिवार के साथ खुशियां मनाने बैसरन घाटी गए थे. वहां पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ सेलीब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने गोलियों से भून डाला। पहलगाम में दिनेश मिरानिया की पत्नी और बच्चों से गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की थी. शाह ने कहा था कि बेगुनाह मासूम लोगों को मारने वाले आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

राज्यपाल डेका से राज्य केश शिल्प कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार को यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्प कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने सामाजिक सम्मेलन के लिए कार्यक्रम हेतु बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को आमंत्रण दिया। गुड़िया सेन, आनंद देव और ओम प्रकाश जोशी साथ में उपस्थित थे ।

राज्यपाल डेका से केंद्रीय राज्य मंत्री राणा ने सौजन्य भेंट की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से गुरुवार को राजभवन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह राणा ने सौजन्य भेंट की। डेका ने राजकीय गमछा पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

अवंतिका झा को याद किया

रायपुर/ नवप्रदेश। आकाशवाणी रायपुर की वरिष्ठ नैमित्तिक उद्घोषिका अवंतिका झा को याद किया गया. रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. सभी कैजुअल अनाउंसर ने अल्पकाल में उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया. इस अवसर पर शुभ्रा ठाकुर ने कहा एक बढ़िया स्क्रिप्टर राइटर, प्रोग्राम प्रस्तुतकर्ता, आवाज की धनी उद्घोषिका को हमने खो दिया है। ये आकाशवाणी की व्यक्तिगत क्षति है। उल्लेखनीय है, कि पिछले दिनों अवंतिका झा का आकस्मिक निधन हो ग़या. अवसर पर अवंतिका झा के पति अनुराग ओझा ने कहा हर वर्ष अवंतिका झा की स्मृति में वत्सल साहचर्य सेवा संस्थान की ओर से बेस्ट अनाउंसर का सम्मान और रनिंग शील्ड हर साल आकाशवाणी रायपुर के किसी एक उद्घोषक को दी जाएगी। इस वर्ष ये सम्मान आकाशवाणी की वरिष्ठ उद्घोषिका सीमा शर्मा को दिया गया है। इस अवसर पर उद्घोषिका अवंतिका झा के परिवार के सभी सदस्य, अभिषेक शर्मा, इंदु वर्मा, शुभ्रा ठाकुर और सीमा शर्मा उपस्थित थे ।

सुशासन तिहार : राजस्व प्रकरणों का त्वरित समाधान और जमीनी स्तर पर बदलाव की नई शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आम नागरिकों की समस्याओं को त्वरित निराकृत करने के लिए संचालित सुशासन तिहार के तहत् कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग की टीम द्वारा समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जा रहा है, जो सराहनीय है। राजस्व विभाग द्वारा समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु किए जा रहे पहल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक ही नहीं बल्कि आम जनता को राहत देने वाले ठोस प्रयास भी हैं।

सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण-सुशासन तिहार के इतर सामान्य दिनों में राजस्व विभाग के समक्ष आने वाले सबसे सामान्य लेकिन जटिल प्रकरणों में सीमांकन की समस्या प्रमुख है।

पहले इन प्रकरणों के निराकरण में काफी समय लग जाता था, जिससे आम जनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन सुशासन तिहार के दौरान इन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान जा रहा है। ग्राम चौकबेड़ा के किसान ब्रज प्रसाद की भूमि का सीमांकन वर्षों से लंबित था, जिससे खेती करना मुश्किल हो गया था। अभियान के दौरान राजस्व विभाग द्वारा दो दिनों के भीतर सीमांकन कर दिया गया, जिससे किसान परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी तरह उपतहसील पटेवा अंतर्गत किसान पंचराम और झाखरमुडा में ग्रामीणों के भूमि का सीमांकन की कारवाई की गई ।

छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान-इस अभियान में केवल बड़े प्रकरणों पर ही नहीं, बल्कि आम जनजीवन से जुटी छोटी-छोटी समस्याओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। भू-अभिलेख की प्रतिलिपि, सीमांकन रिपोर्ट की प्रति, किसान किताब, भूमि स्वामित्व की त्रुटियों का संशोधन, खातों की अद्यतन जानकारी जैसी छोटी-छोटी लेकिन संवेदनशील समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है।

किसान किताब और दस्तावेजों का वितरण

अभियान के दौरान राजस्व विभाग द्वारा बसना तहसील अंतर्गत ग्राम डूमरपाली के किसान महेशराम, ग्राम जगत के मीन केतन और राजकुमार को तहसीलदार द्वारा किसान किताब का वितरण किया गया।

महतारी वंदन योजना की 15वीं किश्त जारी

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज एक तारीख को माह मई 2025 की पंद्रहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.32 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 15 माहों में 9788.78 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है. योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

आधारकार्ड अपडेट कराने की अपील-महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो. ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है. कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

राजधानी में हिट एण्ड रन, तीन लोगों को ठोकर मारकर कार चालक फरार

■ **एक महिला की मौत, सीसीटीवी फुटेज में आया भयानक मंजर**

रायपुर /नवप्रदेश। रिश्तेदार के घर आई प्रिया साहू को क्या मालूम था कि शुक्रवार को वह अंतिम बार मॉर्निंग वॉक पर निकलेगी। अज्ञात कार चालक ने प्रिया के साथ उसकी रिश्तेदार रिया साहू और एक अन्य ललिता बंजारे को सुबह-सुबह ठोकर मारकर फरार हो गया। हादसे में प्रिया की मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता बंजारे गंभीर हालत में मेकाहारा में भर्ती हैं। मुंगेली की रहने वाली प्रिया साहू सिंधी कालोनी निवासी रिया के घर आई थी। आज सुबह प्रिया और रिया के साथ ललिता बंजारे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान अज्ञात कार चालक ने तीनों को चपेट में ले लिया। सीसीटीवी फुटेब में नजर आ रहा है कि कार की ठोकर से प्रिया कई फीट ऊछल कर सीधे सिर के बल सड़क पर जा गिरी, वहीं रिया और ललिता भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रिया की हादसे में जहां मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेकाहारा में भर्ती कराया गया है।

राजधानी में हिट एण्ड रन के मामलों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। करीबन महीने भर पहले पुरानी बस्ती थाने के सामने पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी थी। इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं आरोपी कार चालक दुर्घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। इसके एक महीना पहले 5 फरवरी को रायपुर के वीआईपी रोड पर आधी रात को नशे में धुत कार चालक ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मारी थी।

नवरंग स्कूल की कोषाध्यक्ष समेत 5 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। नवरंग पब्लिक स्कूल में ऑफिस का ताला तोड़कर चोरी से जुड़े मामले में कोर्ट ने पुलिस को एफआईआर के आदेश दिए। इस पर संज्ञान लेते हुए टिकरापारा थाना पुलिस ने नवरंग पब्लिक स्कूल की कोषाध्यक्ष समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्कूल की कर्मचारी कनिज फातिमा असरफी के पक्ष में रायपुर कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। मामले में पुलिस ने नवरंग पब्लिक स्कूल संचालित करने वाली प्रियंवदा लोक कल्याण समिति की कोषाध्यक्ष शशि प्रभा पांडे (शासकीय शिक्षक बीरेंद्र पांडे की पत्नी), उसकी बेटी प्रियमदा पांडे, अर्पणा पांडे (प्रियंवदा लोक कल्याण समिति के सचिव दीपक पांडे की पत्नी), ड्रीम इंडिया स्कूल की प्रिंसिपल नेहा तोलवानी और रजनी दुबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

हनुमान मंदिर का भूमिपूजन

घोड़े पर यहां पहुंचे थे श्रीबजरंगबली रोचक है मंदिर का इतिहास

रायपुर/ कूंरा /धरसीवां/नवप्रदेश धरसीवां की पावन भूमि पर एक दिव्य अध्याय जुड़ने जा रहा है। जिन सिद्ध हनुमानजी ने गुलामी के दौर में घोड़े पर सवार होकर अपनी चमत्कारी उपस्थिति से इस क्षेत्र को आलोकित किया था, अब उन सिद्ध प्रभु हनुमानजी का धरसीवां में भव्य मंदिर बनेगा इसके लिए अक्षय तृतीया के पावन दिन भूमिपूजन संपन्न हूं। जिसमे प्रदेश के मंत्री विजय शर्मा, विधायक अनुज शर्मा और हनुमान मित्र मंडली के सदस्य व हनुमान जी के परम भक्तों की उपस्थिति रही। केबिनेट की बैठक के कारण राज्य शासन के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सुबह करीब दस बजे अल्प समय के लिए भूमिपूजन समारोह में सामिल हुए उनके साथ क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा भी मौजूद रहे उन्होंने भूमिपूजन करते हुए विश्वास दिलाया कि श्रीराम भक्त हनुमानजी का मंदिर भव्य बनाने में वह हर संभव सहयोग करेंगे।

श्री हनुमान मित्र मंडल के प्रेरणा स्रोत स्वरूपनारायण अग्रवाल जिनका यह सपना था कि धरसीवां में सिद्ध प्रभु हनुमानजी जी का भव्य मंदिर बने उन्होंने भूमिपूजन के साथ ही मंदिर निर्माण के लिए पांच लाख रुपए का नगद दान किया। भूमिपूजन में हनुमान मित्र मंडल के सदस्य राकेश यादव, भूपेंद्र कसार, दुर्गेश अग्रवाल, संदीप जैन, दिनेश निहाल, केशव नायरायण, कन्हैया राजा, योगेश मनाराम, सालिगराम टी आई राजेंद्र दीवान सहित बड़ी संख्या में हनुमानजी के भक्त दानदाता मौजूद रहे।

मनहूस रात! दो युवकों की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर /नवप्रदेश। गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यिानी रात आंधी-तूफान के बीच प्रदेश में दो अलग-अलग जगहों पर युवकों की बेरहमी से साथ हत्या को अंजाम दिया गया. राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक विकलांग युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। वहीं दूसरी ओर कोरबा में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक की हत्या कर दी गई। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अछोली गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक की लहूलुहान हालत में युवक की लाश मिली। मृतक की पहचान 28 वर्षीय भीम नेताम के रूप में हुई है। एक पैर से दिव्यांग युवक गांव के एक किराना दुकान में काम करता था। भीम नेताम का शव गांव के शासकीय स्कूल परिसर में मिला है, जहां बीती रात एक शादी समारोह का आयोजन किया गया था. ग्रामीणों ने बताया कि शादी समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन रातभर किसी ने भी स्कूल परिसर में पड़े शव की ओर ध्यान नहीं दिया. शुक्रवार सुबह जब गांव के एक व्यक्ति की नजर शव पर पड़ी, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।। सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर चाकू से गोदने के कई निशान मिले हैं, वहीं मौके को देखने से स्पष्ट हो रहा है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को स्कूल परिसर में लाकर फेंका गया। पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए सभी संभावित पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया, जो साक्ष्यों की गहन जांच में जुटे हैं। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि गांव के कई लोगों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर कर दी हत्या -वहीं कोरबा के श्यांग थाना क्षेत्र में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने की घटना सामने आई है। मामले में पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी युवक धोबी राम मंझवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दो हत्याओं से तिल्दा नेवरा में सनसनी-वहीं राजधानी से लगे तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में दो दिन के भीतर दो हत्याओं से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। पहली हत्या बुधवार को तुलसी गांव स्थित बिजली ऑफिस के पीछे खार में हुई थी, यहां अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसका चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। दूसरी हत्या गुरुवार को बेमता गांव के गड़रिया नाला के पास ही हुई थी, यहां भी पत्थर से सिर कुचलकर अज्ञात हत्यारों ने युवक की हत्या की। मृतक की पहचान लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट निवासी सांकरा के रूप में हुई। पुलिस दोनों मामलों में हत्यारों की तलाश में जुटी है।

भगवान परशुराम जयंती : वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने जयस्तंभ चौक में बांटा प्रसाद

■ **कई स्थानों पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कई जगह पर भगवान श्री परशुराम की जन्मोत्सव मनाया गया। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सर्व युवा ब्राह्मण परिषद ने भगवान श्रीपरशुराम का जन्मोत्सव प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सुबह 11.00 बजे प्रदेश कार्यालय, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाया गया।

भगवान श्रीपरशुराम की सीख - जीवन में शस्त्र और शास्त्र दोनों ही उपयोगी हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन युवा विंग अध्यक्ष अविनय दुबे और राष्ट्रीय सचिव अमित शर्मा के द्वारा शाम 5.00 शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में प्रसाद और शीतल पेय का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, कांग्रेस शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, प्रदेश महासचिव सुनील ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन झा, अभिषेक त्रिपाठी, रवि शर्मा, सुमन मिश्रा, राकेश पाण्डेय, राघवेन्द्र पाठक, सतीश शर्मा, उमेश शर्मा, विकास तिवारी, पंकज मिश्रा, नितिन शर्मा, स्वप्निल शर्मा, सुयश शर्मा, अंकुर ओझा आदि विप्रजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा के साथ कौशल विकास के लिए हुआ एमओयू

कौशल विकास आज की जरूरत: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार 2 मई को एनआईटीआई - स्टेटस वर्कशॉप के आयोजन में शामिल हुए। यहां रोजगार और स्किल डेवलपमेंट को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के अलग-अलग जगहों से यहां कई युवा पहुंचे। इस कार्यक्रम में ट्रेनिंग लेकर प्लेसमेंट पाने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। आज मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कई युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

इस कार्यक्रम के दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा और छ्ग कौशल विभाग के बीच एमओयू हुआ और नांदी फाउंडेशन के साथ भी स्ह्र हुआ। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग और नैसकॉम के बीच एमओयू हुआ।

सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं:सीएम साय- सीएम साय ने कहा की आज के समय में ऐसे वर्कशॉप की आवश्यकता है। जिससे कार्यशाला महिला,युवा और ट्राइबल को फोकस करके रखा जाए। आज के समय में सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है, इसलिए कौशल प्रशिक्षण और रोजगार देकर सशक्त बना रहे है यह कार्यशाला बहुत सार्थक है। यह बहुत खुशी की बात है की प्रदेश के युवाओं को ट्रैक्टर बनाने का प्रशिक्षण मिल सकेगा। ट्राइबल क्षेत्रों में अनेक फॉरेस्ट प्रोड्यूस है, इन सब में स्किलिंग करके ट्राइबल क्षेत्रों के युवाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

बदलाव — नए नियम से रजिस्ट्री कराने में अब हुई आसानी

न पटवारी न तहसीलदार, रजिस्ट्री होते ही बी-वन खसरे में मालिक का नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन-जायदाद के पंजीयन के मामले में एक बड़ी पहल अब रंग ला रही है। सरकार ने यह व्यवस्था बनाई कि पंजीयन होने के तुरंत बाद संपत्ति खरीदने वाले के नाम पर नामांतरण हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत एक दिन पहले ही बलौदाबाजार जिले में एक रजिस्ट्री की गई। जैसे ही रजिस्ट्री हुई, मालिक का नाम बी-वन खसरे में दर्ज हो गया। अब नामांतरण के लिए पटवारी, तहसीलदार के पास जाने की जरूरत हमेशा के लिए खत्म हो गई है।

अब खत्म हुई ये झंझट-

यह प्रक्रिया शुरु होने से पहले नामांतरण के लिए तहसीलदार के कई चक्कर काटने के बाद चढ़ावा चढ़ाने के बाद नामांतरण होता था, लेकिन बी-वन में नाम में गलती होती थी या कर दी जाती थी, फिर इस नाम सुधरवाने के लिए कई चक्कर लगाना पड़ता था। नाम तो सुधर जाता था, लेकिन पटवारी बी-वन खसरा को डिजिटल नहीं करते थे। उसके लिए घूमना पड़ता था। पर अब सारे चक्कर का एक मिनट में समाधान हो गया है। रजिस्ट्री होते ही नामांतरण बी-वन खसरा में त्रुटि की झंझट नहीं होगी और न पटवारी से डिजिटल कराने की झंझट होगी। रजिस्ट्री के साथ सब कुछ ऑटोमेटिक होगा। नामांतरण, डिजिटल बी-वन, खसरा, नाम में कोई त्रुटि नहीं होगी।

पहले ऑटोमेटिक नामांतरण इनके नाम -बताया गया है कि बलौदाबाजार जिले में विक्रेता राजेंद्र प्रसाद पिता काशी प्रसाद ने क्रेता प्रसन्न शुक्ला पिता प्रवीण शुक्ला ग्राम लिमही तहसील बलौदाबाजार को अपनी जमीन बेची थी। जैसे ही यह रजिस्ट्री हुई मालिक का नाम बी-वन खसरे में दर्ज हो गया। इधर, नवा में दर्ज हो गया। इधर नवा रायपुर में भी एक रजिस्ट्री और नामांतरण हुआ है। श्रीमती पिटु ब्रम्हा व अन्य ने मंदिर हसौद की अपनी जमीन वेदप्रकाश सिन्हा को बेची। पंजीयन के बाद फौरन नामांतरण हुआ है।

खरीदार के नाम प्रमाणपत्र भी जारी हो गया। खसरा में यह दर्ज किया गया है कि जमीन का स्वतः नामांतरण किया गया। एक और ऐसी ही रजिस्ट्री आरंग में भी हुई है। यहां विक्रेता चंद्रमणि अग्रवाल व अन्य के नाम की जमीन ओम अग्रवाल के नाम पर होने के बाद स्वतः नामांतरण हो गया। राज्य शासन इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए काफी समय से प्रयास कर रहा था। पंजीयन के बाद नामांतरण की जटिल प्रक्रिया को समाप्त करने के इरादे से सरकार ने अधिनियम में संशोधन भी किया था।

अब संपत्ति खरीदने वालों को नहीं होगी परेशानी

राज्य में दशकों से यह व्यवस्था बनी हुई थी कि अगर कोई व्यक्ति जमीन, मकान या अन्य कोई संपत्ति खरीदता है तो उसका पंजीयन रजिस्ट्री दफ्तर यानी पंजीयन कार्यालय में किया जाता है। यहां तक की प्रक्रिया आसान है। लेकिन पंजीयन के बाद भी संपत्ति खरीदने वाला मालिक तब तक नहीं बनता है, जब तक उसके नाम पर संपत्ति का नामांतरण या प्रमाणी करण न हो। लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद संपत्ति खरीदने वालों को मालिक बनने में देर नहीं लगेगी।

सुविचार

जब नफरत का बीज पल्लवित होकर वृक्ष बन जाता है तो उसकी छाया भी हिंसा की आग भड़काती है। - अज्ञात

पाकिस्तान में तख्तापलट की संभावना

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से जहां एक ओर भारत और पाकिस्तान के बीच एक और जंग होने की संभावना बलवति हो रही है वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में तख्तापलट की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और वहां के आर्मी चीफ असीम मुनीर के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। नतीजतन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सिर्फ नाम के ही प्रधानमंत्री बनकर रह गए हैं। वहां सारे फैसले पाकिस्तानी आर्मी ले रही है। वैसे भी पाकिस्तान में लोकतंत्र सिर्फ दिखावे का रहा है। चाहे वहां किसी भी पार्टी की सरकार बने और कोई भी प्रधानमंत्री बने उसे पाकिस्तानी सेना के हाथों कठपुतली बनकर ही रहना पड़ता है, जो भी प्रधानमंत्री पाकिस्तान के आर्मी चीफ से पंगा लेने की कोशिश करता है वहां की सेना उसका तख्तापलट देती है। पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलटना कोई नई बात नहीं है। पहले पहल 1958 में तात्कालीन आर्मी चीफ अय्युब खान ने सरकार का तख्तापलटा था और खुद प्रधानमंत्री बन बैठै थे। 2009 में परवेज मुसर्रफ ने पहले कारगिल घटना को अंजाम दिया और फिर तात्कालीन प्रधानमंत्री नावाज शरीफ की सरकार का तख्तापलट दिया था। पाकिस्तान के मौजूदा आर्मी चीफ असीम मुनीर भी परवेज मुसर्रफ की राह पर चल रहे हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि उनकी सरकार नाकारा साबित हुई है। पाकिस्तान के अनेक सूबों में शहबाज शरीफ की सरकार के खिलाफ फैला असंतोष अब आक्रोश के रूप में तब्दील हो रहा है। पीओके से लेकर बलुचिस्तान तक बागावत की आंधी उठ रही है, जिसे रोकने में शहबाज शरीफ की सरकार बुरी तरह विफल रही है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तो पहले ही पटरी से उतर चुकी है। आसमान छूती महंगाई ने पाकिस्तानी आवाम का जीना मुहाल कर रखा है। कुल मिलाकर सभी मोर्चे पर शहबाज शरीफ सरकार असफल सिद्ध हुई है और अब भारत से जंग का खतरा भी पैदा हो गया है। यह स्थिति आर्मी चीफ असीम मुनीर के लिए अनुकूल है। असीम मुनीर ने बगैर शहबाज शरीफ से मशवरा किए आईएसआई चीफ जनरल मोहम्मद असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी बनवा दिया है। अब वहां का सारा फैसला पाकिस्तानी सेना और आईएसआईए ही कर रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मूकदर्शक बनकर तमाशा देखने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। इस बीच यह भी खबर सामने आई है कि पाकिस्तान में तख्तापलट की साजिश में शहबाज शरीफ की भतीजी मरियम नवाज भी शामिल हैं, जो इस समय पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज भी पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं उनके और पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर के बीच नजदीकियां बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में शहबाज शरीफ का तख्तापलट होना, बस वक्त की बात रह गई है। देखना यह होगा, तख्तापलट के बाद पाकिस्तान की कमान असीमा मुनीर संभालते हैं या मरियम नवाज पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बनती हैं। पाकिस्तान में यदि जल्द ही तख्तापलट हो जाये तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। पाकिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए यह भी आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तान में तख्तापलट के लिए ही आर्मी चीफ असीम मुनीर ने पहलगाम में आतंकी हमला कराया था। ताकि इससे भड़कर भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी सैन्य कार्यवाही करे और उन्हें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक कमजोर प्रधानमंत्री साबित करने में ज्यादा मशक्कत न करनी पड़े और जंग के हालात के बीच वे शाहबाज शरीफ सरकार का आसानी से तख्तापलट कर खुद सत्ता पर काबिज हो सके।

पाक का अमानवीय चेहरा उजागर

पड़ोसी देश पाकिस्तान का अमानवीय चेहरा उस समय उजागर हो गया है। जब उसने वीजा लेकर भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी का दरवाजा बंद कर दिया, पाकिस्तान ने बाघा बॉर्डर बंद कर अपने ही देश के लोगों को पाकिस्तान में प्रवेश करने से रोक दिया। बाघा बॉर्डर पर हजारों की संख्या में पाकिस्तानी नागरिक बॉर्डर खुलने का इंतजार करते हुए सड़क पर ही बैठे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने एक आदेश जारी कर वीजा लेकर भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को पाकिस्तान भेजना शुरू कर दिया था। किन्तु पाकिस्तान ने दो दिनों तक बाघा बॉर्डर को बंद कर दिया। अभी भी बॉर्डर पर हजारों पाकिस्तानी नागरिक जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और मासूम बच्चे शामिल हैं, वे सड़क पर ही रतजगा कर बॉर्डर खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए भारत-पाकिस्तान पर दबाव भी बना रहा है लेकिन पाकिस्तान अपने ही लोगों के लिए बॉर्डर खोलने के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान इसके पहले भी इसी तरह की अमानवीयता दिखा चुका है। जब कारगिल जंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था तो उस समय भी पाकिस्तान की सरकार ने अपने ही सैनिकों का शव लेने से इंकार कर दिया था। उस समय भारतीय सेना ने ही पाकिस्तानी सैनिकों की अंतिम क्रिया की थी। पाकिस्तान जिन आतंकवादियों को प्रशिक्षण देता है और भारत में उनकी घुसपैठ कराने की कोशिश करता है वे भी भारतीय सेना और सुरक्षाबलों के साथ होने वाली मुठभेड़ में मारे जाते हैं तो पाकिस्तान उन्हें भी पहचानने से इंकार कर देता है। जो पाकिस्तान अपने ही सैनिकों का शव लेने से इंकार करता है वह यदि अपने नागरिकों को वापस लेने में हील हवाला कर रहा है तो इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है।

देश को इस एकजुटता की जरूरत है

नीरज मनजीत

माना जा सकता है कि चूक हुई है। इसकी जांच केन्द्र की बहुत सी एजेंसियां कर रही हैं। सोशल मीडिया के इन वीर बहादुर महानुभावों को 2014 के पहले के हालात का स्मरण दिलाना जरूरी है, जब शहर-दर-शहर बम विस्फोट हो रहे थे, जिनमें सैकड़ों निर्दोष नागरिक मारे गए थे। क्या हम सन 2008 के 26/11 के बर्बर मुंबई हमले को भूल जाएं? तब छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, ओबेरॉय ट्राइडेंट, ताज पैलेस एंड टॉवर, लियोपोल्ड कैफे, कामा अस्पताल, नरीमन हाउस, यहूदी समुदाय केन्द्र, मेट्रो सिनेमा, टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग और सेंट जेवियर कॉलेज के पीछे एक लेन में आठ सीरियल हमले हुए थे। मंझगाव और विले पार्ले इलाके में टैक्सियों में बम विस्फोट हुए थे। इन हमलों में 160 से ज्यादा मासूम लोग मारे गए थे और 300 से ज्यादा मासूम नागरिक घायल हुए थे। उस वक्त न तो केन्द्र सरकार कहीं दिखाई पड़ रही थी, न उसकी एजेंसियों का अता पता था।

सच तो यह है कि पहलगाम में निष्कलुष सैलानियों की बर्बर हत्या सिर्फ भारत की आत्मा पर ही हमला नहीं है, बल्कि यह कश्मीर और कश्मीरियत की रूह पर भी अमानवीय हमला है। इस हमले के बाद पक्ष-विपक्ष सहित पूरे देश में जो एकजुटता देखी गई, वह अभूतपूर्व है। कश्मीर में भी तकरीबन सारे बाशिंदे इस वारदात की वजह से व्यथित थे। उमर अब्दुल्ला ने जब कश्मीर की विधानसभा में वारदात की जिम्मेदारी लेते हुए मृत सैलानियों के परिवारों से माफी मांगी, तो उनकी आवाज़ का दर्द साफ महसूस किया जा सकता था।

महबूबा मुफ्ती ने भी जिस वक्त इस घटना की भर्त्सना करते हुए बयान दिया, तो आवाज उनके दिल से निकली थी और उनकी व्यथा भी साफ झलक रही थी। असदुद्दीन ओवैसी तो लगातार आईएसआई, पाकिस्तान की सेना, उसके हुक्मरानों और पाक समर्थित दहशतगर्दों को कोस रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा सरकार की व्यथा का तो अंदाज़ा लगाना भी मुश्किल है। इसलिए कि मोदी और शाह ने कश्मीर को वापस पटरी पर लाने, उसे भारत की मुख्यधारा से जोड़ने, उसे संवारने और तरक्की के रास्ते पर डालने के लिए भगीरथ प्रयत्न किए हैं।

इन प्रयत्नों का असर नजर आने लगा था। घाटी में अमन की बहाली का रास्ता खुला था। कश्मीरी लोग एक बार फिर भारत की मुख्यधारा में आ रहे थे। पत्थरबाजी खत्म हुई थी और आतंकी वारदातों में काफी कमी आई थी। सारे देश में इसका प्रभाव दिखाई दे रहा था। घाटी में सैलानियों की तादाद में भारी बढोत्तरी हो रही थी। इसका सीधा फायदा आम कश्मीरी को हो रहा था। जम्मू-कश्मीर तरक्की की ओर बढ़ चला था। संयुक्त अरब अमीरात की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी एम्मार श्रीनगर में 6 करोड़ डॉलर यानी 480 करोड़ रुपए के निवेश से एक शॉपिंग मॉल और एक ऑफिस कॉम्प्लेक्स बनाने वाली थी। भारत में एम्मार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित जैन का कहना था कि इस निवेश से कश्मीर में तक़रीबन आठ हजार नौकरियां पैदा होंगी। यूएई की ही एक बड़ी वित्तीय सेवा कंपनी सेंचुरी फाइनेंशियल ने भी जम्मू कश्मीर में 100 मिलियन डॉलर के निवेश के एक समझौते पर दस्तख़त किए थे।

भारतीय मुद्रा में यह राशि 800 करोड़ रुपए बैठती है। इस इन्वेस्टमेंट के तहत जम्मू-कश्मीर में तीन होटल और एक आवासीय परिसर का निर्माण किया जाना था। सेंचुरी फाइनेंशियल के मालिक बालकृष्ण मूल रूप से जम्मू के डोड़ा जिले के निवासी हैं और वे जम्मू-कश्मीर की तरक्की के लिए प्रतिबद्ध थे। अब इस क्रूर आतंकी हमले के बाद जब हम एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं, तब ये सारी परियोजनाएं खटाई में पड़ सकती हैं।

स्पष्ट है कि मोदी, शाह और भाजपा के साथ-साथ हम सब देशवासी एक खुशहाल, विकसित और फूल की तरह खिले हुए कश्मीर का स्वप्न देख रहे थे। ऐसा कश्मीर जो दुनिया के नक्शे पर एक प्रतिमान बनकर उभरे। इसीलिए जब 2023 में भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली तो टूरिस्ट वर्किंग ग्रुप की एक बड़ी बैठक श्रीनगर में रखी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय यूनियन और साउथ अफ्रीका जैसे 17 ताकतवर देशों के 60 डेलिगेट्स शामिल हुए थे। उनके साथ कवरेज के लिए वैश्विक बिरादरी के बड़े हलकों के मीडियाकर्मी भी आए थे। इसका मतलब बिल्कुल साफ था। केन्द्र सरकार दुनिया को यह संदेश देना चाहती थी कि कश्मीर में हालात काफी हद तक सामान्य हो चले हैं। यह जरूरी था, क्योंकि उस वक्त पाकिस्तान दुनियाभर में यह प्रोपेगैंडा फैला रहा था कि कश्मीर में अवाम को दबाया जा रहा है।

22 अप्रैल को आतंकियों की बन्दूकों से निकली गोलियों की आवाज ने देश के इस सपने को तोड़कर एक बार फिर हमें कड़वे यथार्थ के धरातल पर ला खड़ा किया है। हमें उम्मीद रखनी चाहिए कि भारत इतना आगे बढ़ चुका है और दुनिया इतनी बदल चुकी है कि वक्त हमें लौटाकर वापस सदी के पहले दशक में नहीं ले जाएगा। कश्मीर को आर्टिकल 370 और 35-ए की बेड़ियों से आजाद कराना कत्तई आसान नहीं था। तुष्टीकरण की भयावह राजनीति के चलते पूरा विपक्ष इन धाराओं को हटाने के खिलाफ खड़ा हुआ था। 370 और 35-ए हटने के बाद भी समूचा विपक्ष तुष्टीकरण का कोई मौका नहीं छोड़ रहा था। मामला सुप्रीम कोर्ट में गया और आखिर सुप्रीम कोर्ट को कड़ी फटकार लगाते हुए कहना पड़ा कि अनुच्छेद 35-ए ने नागरिकों के कई मौलिक अधिकार छीन लिए थे। इसने जम्मू कश्मीर के बाहर के नागरिकों से वहां रोजगार, अवसर की समानता, संपत्ति अर्जित करने के अधिकारों को छीना था।

इस फैसले के बाद वक्ती तौर पर बयानबाजी थोड़ी शांत हो गई थी। मगर जैसे ही जम्मू-कश्मीर में चुनावों का ऐलान हुआ, इन प्रावधानों का जिन्न पुनः बाहर निकल पड़ा। यह चुनाव कश्मीर को गुरबत के अंधेरों से निकालने अथवा तरक्की के रास्ते पर डालने के वादों-इरादों के बजाए इन प्रावधानों को हटाने के मुद्दे पर लड़ा गया और जीता गया। सकारात्मक बात यह रही कि लोकतंत्र की बहाली और पूर्ण राज्य होने की दिशा में कश्मीर एक बड़ा कदम उठाकर आगे बढ़ गया था।

हम मानते हैं कि आर्टिकल 370 और 35-ए की वापसी के पक्ष में आए नतीजे कश्मीर के अवाम के वक्ती तौर पर उठे जज़्बात का इज़हार थे। माना जा रहा था कि जैसे-जैसे कश्मीर तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर और आगे बढ़ेगा, पर्यटकों की तादाद बढ़ेगी, वहां का अवाम इन सर सारी बातों को भूलकर बाकी दुनिया के साथ चल निकलेगा। ऐसा हो भी रहा था। यही बात पाकिस्तान में बैठे दहशतगर्दों के आकाओं और घाटी के चंद गुमराह उग्रवादियों को रास नहीं आ रही थी।

पहलगाम हमले के पीछे एक बड़ी वजह और भी है। कुछ महीने पहले खबरें आ रही थीं कि इजराइली आर्मी के हाथों मार खा कर हमास के कुछ भगोड़े आतंकवादी पीओके में घुस आए हैं। आईएसआई और पाक आर्मी ने बाखुशी इनका इस्तकबाल किया था। इन खबरों के बाद भारतीय आर्मी और खुफिया एजेंसियों के कान खड़े हो गए थे। इनपुट भी मिल रहे थे कि घाटी में आतंकी हमला हो सकता है, मगर किसी को यह अंदाज़ा नहीं था कि हमास की शैली में पर्यटकों को निशाना बनाया जा सकता है। हमारा विपक्ष और सोशल मीडिया में झूठ और अफ़्वाहों की फैक्ट्री चलानेवाला मोदी भाजपा का अंध-विरोधी इकोसिस्टम बड़े ही नकारात्मक तरीके से इसे इंटेलिजेंस फेलियर बता रहा है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1660 में आज ही के दिन स्वीडन, पोलैंड और ऑस्ट्रिया ने ओलिवा शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1764 में 3 मई के दिन बंगाल के नवाब मीर कासिम को अंग्रेजों ने हराया था। 1845 में आज ही के दिन चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1,600 लोगों की मौत हो गई थी। 1913 में आज ही के दिन पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र का प्रदर्शन हुआ था। 1961 में आज ही के दिन कमांडर ऐलन शेपर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी यात्री बने थे। 1965 में आज ही के दिन कंबोडिया ने अमेरिका के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किए थे। 1969 में आज ही के दिन भारत के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का निधन हुआ था।1981 में आज ही के दिन भारतीय सिनेमा की अभिनेत्री नरगिस का निधन हुआ था। 1989 में आज ही के दिन देश के पहले 50 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का हरियाणा में शुभारंभ हुआ था।1993 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा की थी।

पाठकों की बात

कृत्य कर भागते

कृत्य कर भागते न, यदि होते बीर तुम। पहुंचाते हम तुझे,शीघ्र अति हूर धाम।। नाम धर्म पूछकर, किया है अघात तूने। तुझको मिटाना अब,अपना प्रथम काम।। ध्यान धर बात सुन,प्रण आज ठान रहे। सोच से अधिक अब,सब पूर्ण इंतकाम।। लातों वाले भूत तुम, बातों से न माने कभी। एक ही इलाज तेरा,राम नाम सत्य नाम।।

- अजय मिश्रा अभिज्ञ

ताप में तप रहा

ताप में तप रहा वह मददगार था। ईंट सर पर लिए इक तलबगार था। रात दिन खट रहा भूख मिटती नहीं - दर्द दिलमें उफ्नता सगर ज्वार था।।

- राजकिशोर मिश्र 'राज'

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती

लोग दुखद समाचार डालते हैं

लोग दुखद समाचार डालते हैं, सहानुभूति दिखाते हैं फिर कुछ घंटों बाद मनोरंजन में शामिल फोटो अपलोड करते हैं। मैं ऐसे लोगों की खुलकर निंदा करती हूं माना कार्यक्रम में शामिल होना जरूरी है परंतु बाद में भी शेयर किया जा सकता है की हम दुख और सुख साथ मना लेते हैं। एक तरफ विनम्र श्रद्धांजलि देते हैं, कुछ समय बाद बधाई के फोटो शेयर करते हैं। **- रीता पांडेय**

आप सब नवरस के बारे में जानते हैं ना.

आप सब नवरस के बारे में जानते हैं ना...अगर नहीं जानते तो गूगल में सर्च कीजिये और 10वाँ रस है ह्निन्दार... अहा!इसका पान करने के पश्चात मन आह्लादित... प्रफुल्लित और ऊर्जावान हो जाता है...तो आइए इंतजार करें किसी नेता के जुबान फिसलने की फिर सोशल मीडिया पे सामूहिक निंदा रस का गान करें... **- तनु देहलवी**

चूल्हा रोया रोटियों की राख में पलती

चूल्हा रोया रोटियों की राख में पलती रही, धूप दिनभर माथे की इस छाँव में जलती रही। आँच पर पकती दुआएँ, सिल गईं चुपचाप होंठ, धड़कनों की चुप फ़िज़ा में आँसुएं पलती रही। काँच की चूड़ी में बँधे टूटते ख्वाबों के रंग, हँसते चेहरों में उदासी हर घड़ी चलती रही। चप्पलें घिसती रहीं सपनों की पथरीली डगर, थकते कंधों पर भी आशा चुपके से खिलती रही। थालियों में नर्म रोटी और कुछ नमकीन ख़्वाब। भूख ने भी प्यार से कुछ दास्ताँ कहती रही। **- रूबी झा 'कमल'**

होटलों में,दुकानों में, कारखानों में

होटलों में,दुकानों में, कारखानों में , खदानों में , और वो अनगिनत जगहों पर, जहाँ मिलता है मुझे दो वक्त की रोटी का जुगाड़ और अपने परिवार के भरण पोषण का साधन!! "मैं मजदूर हूँ"! नव जीवन हूँ, उन अनेक कारखानों का जिसकी रफ्तार कभी कम नही होती क्योकि, मैं अपने खून पसीने से उसकी रफ़्तार को कम नही होने देता! नही रुकते कदम मेरे किसी भी परिस्थिति में क्योकि, मेरे चलने से ही मेरे घर के चूल्हे जलते है। ये अभिमान नही मेरा स्वाभिमान है, अंधियारे घर मे एक छोटे दिए का प्रकाश हूँ, "मैं मजदूर हूँ"!! **- सपना परिहार**

मोदी जी राहुल गांधी के सबसे बड़े फैन है

मोदी जी राहुल गांधी के सबसे बड़े फैन है वे राहुल की बहुत सारी सलाह या मांग को धीरे धीरे पूरा कर रहे हैं चूंकि राहुल विरोधी दल का है इसलिए राहुल की मांग को तत्काल पूरा नही करते चाहे कमजोर वर्ग को नकद सहायता राशि की बात हो या फिर जाति जनगणना की तटस्थ भाव से आंकलन करने पर राहुल की बहुत सारी मांगो को पूरा कर रहे है **- संत आर थवाइत**

हर तरह के लोगों का अलग अलग समुह है

हर तरह के लोगों का अलग अलग समुह है।सोसल मीडिया पर भी ।एक ट्रेफिक लाइट पर भिखारी को एक का सिक्का दिया तो बोला मेरे साथ अन्याय क्यों कर रहे हो।पिछले चौक में तो आपने दस का नोट दिया था । तुम्हें कैसे मालूम पुछने पर अपना मोबाइल दिखाते हुवे बोला देखो उसने व्हाट्सएप के ग्रुप में डाला है। ओह तो भिखारियो का भी अपना व्हाट्सएप ग्रुप है।

- तपन मुखर्जी

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

वंदे-भारत

विजय कुमार गुप्ता

नित एक ध्येय से देश मीत, राष्ट्र-हित में गाते हैं।
राष्ट्र के जो घोर विरोधी, विकास देख बिफरते हैं।
हद दिखती वंदे-भारत पे, पत्थर मारा करते हैं।
हत्या लूट साजिश खबरें ही, नित्य बहुत प्रसारित हो।
देखते व्यथित घटना बहस, पर सत्य सदा बाधित हो।
सक्षम भारत बना विश्वगुरु, आत्म-बल अनुशासित हो ।
आत्म-निर्भर भारत के सब, निर्णय अति प्रशंसित हो।
दुर्बल भारत निहारते थे, इसे सभी बिसराते हैं।
राष्ट्र के जो घोर विरोधी, विकास देख बिफरते हैं।
हद दिखती वंदे-भारत पे, पत्थर मारा करते हैं।

क्रमशः

QUIZ TIME

1) मस्त्रवीस जो बाबर द्वारा मुस्लिम कानून के नियमों का संग्रह है, उसका नाम है:

2) कौन मध्य प्रदेश विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष थे?

3) अंग्रेजों द्वारा स्थापित प्रथम व्यापार केंद्र कौन-सा था?

4) कौन सा सबसे स्थिर पारिस्थितिकी तंत्र है? (वन / समुद्री)

5) हाल ही में किसे कठपुतली नाट्य में अमूल्य योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मुबैय्यान (2) पंडित कुंजीलाल दुबे (3) सूरत (4) समुद्री (5) 96 वर्ष की भीमव्वा डोड्डबलप्पा शिल्लेक्याथरा

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा गंभीर नही रहेंगे घर एवं बाहर मसखरी के मूड में रहेंगे परिजनों की गंभीर बातों को भी नजरअंदाज करने पर फटकार सुन्नी पड़ेगी।

वृषः आज का दिन आप शांति से एकांत में बिताना पसंद करेंगे मध्यान तक आपकी कामना पूर्ण भी होगी लेकिन इसके बाद कार्य बोझ बढ़ने से चैन से बैठ भी नही पाएंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके मन के अनुरूप रहेगा। आज आप दिनचर्या को शानदार रूप से बिताना चाहेंगे।

कर्कः आज का दिन आपको हानिकारक रहेगा। आज स्वयं लिए निर्णय गलत ही रहेंगे इस लिये आज कोई भी बड़ा कार्य अथवा निवेश करने से बचें।

सिंहः आज के दिन आप घरेलू आवश्यकता की पूर्ति के लिये खरीददारी पर खर्च करेंगे व्यवसायी वर्ग व्यवसाय में अकस्मात बढ़ोतरी होने से ज्यादा व्यस्त रहेंगे।

कन्याः आज दिन का आरंभ बेहत ढीला रहेगा आज आप घरेलू कार्यो में उलझ कर रह जाएंगे।

तुलाः आज के दिन आपकी धार्मिक भावनाये प्रबल रहेंगी दिन के आरम्भ में पूजा पाठ में व्यस्त रहेंगे धार्मिक क्षेत्र की यात्रा भी होगी।

वृश्चिकः आज के दिन आप सावधानी से बिताये स्वयं अथवा किसी अन्य के कारण परेशानी में पड़ सकते है।

धनुः आज के दिन आप घर अथवा कार्य क्षेत्र पर जिस भी कार्य को करेंगे उसमे अवश्य ही सफल होंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिये मिला जुला रहेगा। सेहत आज शिथिल रहने के कारण कार्यो के प्रति ज्यादा गंभीर नही रहेंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिये बेचैनी भरा रहेगा दाम्पत्य जीवन मे खरा ना उतर पाने की ग्लानि मन मे दिनभर रहेगी।

मीनः आज का दिन आपके लिए अशान्त रहेगा। दिन के आरंभ में किसी से झगड़ा होने की संभावना है।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:51, सूर्यास्त : 06:56,चन्द्रोदय : 09:19, चन्द्रास्तः ??24:13, अयन :उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : धृति,प्रथम करण : बालव (09:14 तक),द्वितीय करण : कौलव (20:27 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मिथुन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:47 से 12:41, सर्वार्थ सिद्धि योग : 13:04 से 29:32

रवियोग : 13:04 से 29:32, विजय मुहूर्त : 14:28 से 15:21, गोधूलि मुहूर्त : 18:54 से 19:15, सायाह्न सन्ध्या : 18:55 से 19:59, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:35, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:34 से 17:15, दुर्मुहूर्त : 08:13 से 09:07, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी (09:14 तक), चन्द्र वास : पश्चिम, शिववास : कैलाश पर (09:14 से नन्दी पर)।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

1		3	■	■	4		5	■
	■	6	7			■	8	9
10				■		■	11	
	■	■	12	13		14		■
15	16		■		■		■	17
■		■	18		19		■	
20				■	21		■	
22		■		■		■	23	
24		■	■	■	25			■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 035 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	टट्टू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

न्यूज गैलरी

मच्छर उन्मूलन करने हर वार्ड में दो बार होगी फागिंग

दुर्ग। नगर निगम के विद्युत-यंत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने विभागीय समिति की बैठक में हर वार्ड में सप्ताह में दो बार फागिंग शुरू करने के लिए जरूरी मशीन सहित सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूर्व में नए वाहन खरीदे गए हैं। वाहनों के संचालन के लिये नए चालक व हेल्पर रखने के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा की गई। कर्मशाला विभाग में वाहनों के रखरखाव के लिए टिन शेड निर्माण करने और कर्मशाला विभाग के सभी वाहनों की सफाई के लिए सर्विसिंग सेंटर बनाने पर भी चर्चा की गई। नगर निगम में 3 नग रिफ्यूज कम्पैक्टर वाहन क्रय किया गया है, जिसके लिए रैम्प बनाने, 4 नग टाटा एस वाहनों और विभागीय कार्य के लिये 1 नग वाहन की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। विद्युत विभाग में स्ट्रीट लाइट खरीदने, विभाग में प्लेसमेंट या ठेके पर कर्मचारी रखने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। बैठक में विभागीय समिति के सदस्य जितेन्द्र ताम्रकार, युवराज कुंजाम, रंजीता पाटिल, मनीषा सोनी, रेखा बंजारे, प्रकाश गीते, ममता ओमप्रकाश सेन, रेशमा सोनकर, जीतू महोबिया, प्रतिभा सुरेश गुप्ता सहित विभाग के इंजीनियर आरके जैन, नोडल अधिकारी सुरेश केवलानी, सहायक नोडल अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, कर्मशाला प्रभारी शोएब अहमद उपस्थित रहे।

टोल फ्री नंबर पर नागरिक करें शिकायत

दुर्ग। कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में संचालित सारथी कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 1800 233 0788 चालू कर दिया गया है। इस टोल फ्री नंबर के माध्यम से जिले के नागरिक कार्यालयीन समय में बिना किसी शुल्क के अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।

ओवरब्रिज के नीचे ठेला और गुमटियों को हटाया गया

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद कुम्हारी की टीम ने आज सुबह 8 बजे ओव्हरब्रिज के नीचे अवैध रूप से लगाए जा रहे ठेला, गुमटी को हटाने की कार्रवाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने कहा कि अतिक्रमण से यातायात में बाधा के साथ ही दुर्घटनाएं हो सकती है। उन्होंने भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है। ओवरब्रिज के नीचे छोटी-छोटी दुकानें सड़क किनारे लगाने और ऑटो चालकों द्वारा वाहन खड़ी करने के कारण यातायात में बाधा आ रही थी। यातायात व्यवस्थित करने के लिये यहां से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

व्यवसाइयों के कड़े विरोध के बावजूद इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम प्रशासन ने अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करते हुए इंदिरा मार्केट के फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले कारोबारियों के कब्जे हटा दिये। कार्रवाई शुरू होने पर नाराज व्यवसाइयों ने निगम की टीम के समक्ष कड़ा विरोध किया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कई बार तीखी बहस हुई। गहमागहमी का माहौल रहा। कड़े विरोध के बाद भी कार्रवाई चलती रही। सख्ती देखकर अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जे हटाना शुरू कर दिया।

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर भवन अधिकारी गिरीश दीवान, राजेंद्र ढबाले, बाजार अधिकारी शुभम गोइर और अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में निगम की टीम सुबह 10 बजे इंदिरा मार्केट पहुंची। फुटपाथ पर कब्जा कर दुकान चलाने वाले अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई शुरू करने पर दुकानदारों ने कड़ा विरोध किया।

रेडीमेड कपड़े की दुकानों सहित अन्य दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सीएसपी चिराग जैन, दुर्ग थाना टीआई विजय यादव, मोहननगर टीआई शिव चंद्रा, बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित यातायात विभाग से रमेश कुमार दुबे के अलावा सीएसएफ के जवान मौजूद रहे।

अभियान के दौरान पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट व आसपास की करीब 58 दुकान दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने कहा है कि अतिक्रमण के कारण यातायात में बाधा आ रही थी। नगर निगम का अभियान लगातार जारी रहेगा।

वार्ड 25 में महासफाई अभियान : महापौर ने दिए सख्त निर्देश

शहर के सभी 60 वार्डो में महासफाई अभियान के तहत आज महापौर अलका बाघमार ने शहर के वार्ड क्र. 25 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। नाला-नालियों पर अतिक्रमण हटाकर सफाई कराने और नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल और स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल सहित अधिकारी उपस्थित रहे। सार्वजनिक नलों में बेवजह पानी बहते देख महापौर ने टोंटी लगाने के निर्देश दिये। महापौर ने साफ सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य अमले को जोरदार फटकार लगाई।

लापरवाही करने वाले सफाई सुपरवाइजरों पर एक्शन लेने के निर्देश भी दिये। सुपरवाइजरों से कहा गया कि अपने वार्ड के पार्षदों के निवास पर

सफाई कर्मियों की हाजिरी लें। महापौर ने नाली व सड़क पर अतिक्रमण करने और सड़क पर रेत-गिट्टी फैलाकर रखने वाले बिल्डिंग मटेरियल संचालक को जमकर फटकार लगाई। सड़क पर फैलाकर रखे गए रेत-गिट्टी को जब्त करने के निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि सड़क किनारे या नालियों के ऊपर अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल में किया चेहरे पर गंभीर चोट का सफल ऑपरेशन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला अस्पताल दुर्ग में चेहरे पर आई गंभीर चोट का सफल ऑपरेशन किया गया। दुर्घटना के कारण पेशेंट को चेहरे की हड्डियों में गंभीर चोट आई थी। चोट के कारण मरीज का जबड़ा पूरी तरह से बिगड़ चुका था। गाल की हड्डी के कई टुकड़े हो गए थे। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज का कामयाब ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के लिये मरीज की सांस की नली में छेद करके सांसे बचाने एनेस्थेटिक डॉ. संजय वालवेन्द्रे विभागाध्यक्ष व डेंटल सर्जन डॉ. कामिनी डड़सेना द्वारा सबमेन्टल रेप्लेसमेंट का निर्णय लिया गया। इसके बाद सांस की नली को मुंह में डालकर, हड्डी के निचले गर्दन में छोटा छेद कर सांस की नली को निकाला गया। इसके बाद पूरे चेहरे का आसानी से ऑपरेशन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. हेमन्त साहू ने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में मेक्सोफेशियल सर्जन डॉ. कामिनी डड़सेना और ओटी टीम में एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. संजय वालवेन्द्रे, डॉ. हरी, शायनी चेरियन, शिबेन दानी, नसरीन बेगम, मयूरी वर्मा, दुर्गेश व युगल किशोर की अहम भूमिका रही। मरीज के सफल ऑपरेशन के बाद आईसीयू में शिफ्ट किया गया। मरीज की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

प्रदेश में जिला अस्पताल को सुविधाओं पर सर्वोच्च स्थान

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सभी 25 जिला अस्पतालों की विभिन्न पैरामीटर के आधार पर उसकी रैकिंग की गई। इस रिपोर्ट में जिला अस्पताल दुर्ग को प्रदेश में सबसे अच्छा पाया गया। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू के अनुसार जरूरी सुविधाओं के आधार पर पैरामीटर निर्धारित किए गए 10 अंक में से दुर्ग जिला चिकित्सालय को 07 अंक प्राप्त कर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सर्वोच्च स्थान पर रहा। जिला अस्पताल दुर्ग को एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड), कायाकल्प, लक्ष्य एवं मुस्कान का सर्टिफिकेट प्राप्त है।

जिला चिकित्सालय में लू प्रबंधन वार्ड

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दुर्ग में लू प्रबंधन वार्ड बनाया गया है। 6 बेड का एसी वार्ड व 5 बाथ टब और 1 बर्फ बनाने की मशीन की व्यवस्था की गई है। लू प्रबंधन वार्ड में लू लगने के कारण बुखार आने वाले मरीजों का इलाज किया जाता है। बहुत ज्यादा फीवर होने पर मरीज को ठण्डे पानी से नहलाकर इलाज किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ. हेमन्त साहू ने बताया कि इस प्रकार की व्यवस्था छत्तीसगढ़ में सिर्फदो जिला चिकित्सालय में है। दुर्ग के अलावा केवल रायपुर में यह व्यवस्था की गई है।

ओलावृष्टि और चक्रवाती हवाओं से फसल क्षति पर मिलेगा बीमा लाभ

■ एडऑन कवर लेने किसान 72 घंटे के भीतर दें सूचना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पिछले कुछ दिनों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही ओलावृष्टि व तेज चक्रवाती हवाओं के कारण उद्यानिकी फसलों को नुकसान पहुंचने की सूचना मिल रही है।

पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत ओलावृष्टि व चक्रवाती हवाओं से उद्यानिकी फसलों को होने वाले नुकसान के लिए एडऑन कवर के रूप में बीमा कराया जाता है। उप संचालक उद्यान से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन कृषकों द्वारा एडऑन कवर के लिए बीमा कराया गया है, उन्हें ओलावृष्टि और चक्रवाती हवाओं से फसल क्षति के 72 घंटे के भीतर स्थानीय उद्यानिकी अधिकारी या बीमा कंपनी को सूचित करना अनिवार्य है।

इसके बाद बीमा कंपनी, विभागीय अधिकारी और किसान की संयुक्त समिति द्वारा फसल क्षति का आंकलन किया जाएगा और नियमों के अनुसार दावा राशि का भुगतान किया जाएगा।

जिले के जिन किसानों ने एडऑन कवर के लिए बीमा कराया है, वे नुकसान की प्रारंभिक जानकारी बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के टोल-फ्री नंबर 1800-419-0344 पर दे सकते हैं। विभागीय अधिकारियों को भी जानकारी दी जा सकती है।

नि :शुल्क प्रशिक्षण

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग द्वारा दुर्ग, बालोद व बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक/युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

चला बुलडोजर : राजस्व विभाग ने नजूल भूमि को किया कब्जा मुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का नबंर 43 के खसरा नबंर 541 में लगभग 8000 वर्गफीट में प्री कास्ट पोल लगाकर घेरा लगाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था। राजस्व अभिलेख में अनिल अग्रवाल पिता घनपत अग्रवाल के नाम पर खसरा नबंर 541/81 रकबा 0.04 दर्ज है। अतिक्रमणकर्ता अनिल अग्रवाल द्वारा बिना पूर्व सूचना के दूसरे खसरे में चालाकी पूर्वक अपनी जमीन मानकर जानबूझ कर अतिक्रमण किया जा रहा था। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर आज सुबह नगर निगम भिलाई के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में ईएसआईसी हास्पिटल के सामने पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जा रिक्त कराया गया। स्थल पर पंचनामा तैयार कर शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

इससे पहले बृजेश शर्मा द्वारा मुरूम डालकर प्री कास्ट घेरा कर अतिक्रमण किया गया था। जिसे नगर निगम भिलाई की टीम द्वारा हटा दिया गया। कार्यवाही के दौरान जोन प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, राजस्व निरीक्षक नजूल मीनू सिंह, सुपरवाईजर ईमान सिंह कनौजे, निरंजन असाटी, तोडफ़ोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक सिंह, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे उपस्थित रहे।

आंधी-पानी से गिरे पेड़ की शाखाओं को निगम की टीम ने हटाया

गुरुवार की शाम को आई तेज आंधी के कारण पेड़ व शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिर गई थी। नगर निगम की टीम ने मौके पर जाकर सड़कों से पेड़ की शाखाओं को हटवाया। महापौर नीरज पाल ने एमजे कालेज के बगल में नाले के ऊपर लगे वर्टिकल गार्डन को व्यवस्थित कराया। निगम की टीम व यातायात विभाग द्वारा सभी मार्गों को क्लीयर कराया गया। नगर निगम भिलाई के सभी पांचो जोन आयुक्त सुबह से भ्रमण करते हुए पेड़ गिरने की शिकायतों को दूर कर रहे थे। यातायात विभाग व स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी मार्गो पर आवागमन व्यवस्थित किया गया।

लंबित आवेदनों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत मिले आवेदनों के समाधान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज नगर निगम भिलाई-चरौदा में समीक्षा बैठक ली। बैठक में भिलाई-चरौदा, कुम्हारी, भिलाई 3 तहसील, जामुल, अनुविभागीय अधिकारी भिलाई 3 के अधिकारियों ने आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी। नगर निगम भिलाई-चरौदा में कुल 565 आवेदन मिले थे, जिनमें से 344 का निराकरण हो चुका है और 221 अभी लंबित हैं। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 536 आवेदन मिले जिनमें से 400 आवेदनों का निराकरण किया गया है। 136 आवेदन लंबित हैं। तहसीलदार भिलाई 3 को कुल 651 आवेदन मिले।

आदि जगद्गुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव 4 को रायपुर में

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी श्री आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 4 मई रविवार को शहीद स्मारक भवन रायपुर में समारोह के आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे, जबकि रायपुर की महापौर मीनल चौबे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। विशिष्ट अतिथि महंत डॉ रामसुंदर दास महाराज दुधाधारी मठ रायपुर, महंत विवेक गिरि महाराज गौरकापा, महंत सच्चिदानंद गिरि उपस्थित रहेंगे। गोस्वामी समाज के प्रांताध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी ने बताया कि जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारी के लिये प्रदेश स्तर के पदाधिकारी सक्रिय हैं। सुबह 10 बजे मंत्रोच्चार के साथ जयंती उत्सव शुरू होगा। भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूजा अर्चना के बाद श्री आद्य गुरु शंकराचार्य पर केंद्रित व्याख्यान होगा।

समारोह में 2024-25 में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा।

भव्य आयोजन की तैयारी में छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के प्रांताध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी, सह अध्यक्ष योगेन्द्र पुरी, प्रांतीय महासचिव डॉ.संजय गोस्वामी, संरक्षक लिल्लार पुरी, चित्रसेन गिरि, कुबेर प्रकाश गिरि, कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन, रायपुर जिला अध्यक्ष वेदपुरी सहित समूचे छत्तीसगढ़ में बसे समाज के बंधु जुटे हैं।

सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का तत्काल समाधान करें

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत मिले आवेदनों की प्रगति की समीक्षा आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में की गई। अपर कलेक्टर ने राशन कार्ड के मामलों में पृथक व संयुक्त परिवारों के संबंध में ग्राम सभा, ग्राम पंचायत और सचिव के प्रतिवेदन के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जॉब कार्ड को भी ऑनलाइन प्रणाली में अपलोड करने पर जोर दिया। बैठक में ऑनलाइन निराकरण प्रक्रिया में कमियां दूर कर आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने कहा। अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग में कुल 785 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 670 का निराकरण हो चुका है। 115 अभी लंबित हैं। तहसीलदार दुर्ग में 2144 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1058 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 1086 अभी लंबित हैं। जनपद पंचायत दुर्ग को कुल 29336 आवेदन मिले, जिनमें से 27727 का समाधान किया गया है। 1609 आवेदन लंबित हैं। नपं उतई में 2340 आवेदन मिले, जिनमें से 2278 का निराकरण हुआ और 62 आवेदन लंबित हैं।

सुशासन तिहार : शहर में 6 स्थानों पर लगेंगे शिविर

सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर 5 मई से 31 मई तक लगाए जाएंगे। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक 6 स्थानों पर शिविर की व्यवस्था का जायजा लेते हुए निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये। 5 मई को वार्ड 7 तिलक उ मा वि शिक्षक नगर में वार्ड 1 से 11 और वार्ड 30 व 31 के साथ ही वार्ड 56 के नागरिकों के लिये समाधान शिविर लगाया जाएगा। 14 को वार्ड 23 स्वामी आत्मानंद उ मा वि दीपक नगर में वार्ड 23 से 26 और 47 से 48 व 59 और 60 के नागरिकों के लिए समाधान शिविर लगाया जाएगा। 16 को वार्ड 52 उ मा शाला बोरसी में वार्ड 49 से 55 व 21 मई को जेआरडी उ मा शाला हिन्दी भवन के सामने वार्ड 32 से 39 के नागरिकों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00001 दमोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430106300006

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम दमोदा के वर्तमान भूमिस्वामी भुनेश यादव पिता/पति दानी पता-बोरई, परमानन्द ठेठवार पिता/पति दानी पता-बोरई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 546/2(0.1800), 549(0.1600), 550(0.3700),551(0.2500),608 (0.1800), 673/2(0.2800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता परमानन्द ठेठवार पिता/पति-दानी पता-बोरई, भुनेश यादव पिता/पति-दानी पता-बोरई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00001 बोरई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430106300008

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम बोरई के वर्तमान भूमिस्वामी भुनेश यादव पिता/पति दानी पता-बोरई, परमानन्द ठेठवार पिता/पति दानी पता-बोरई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 260/1 (0.0300), 561 (0.1800), 845(0.1700), 1167 (0.3700), 1185 (0.1600), 1210 (0.1600), 1562 (0.1100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भुनेश यादव पिता/पति-दानी पता-बोरई, परमानन्द ठेठवार पिता/पति-दानी पता-बोरई के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200073

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी नंदकिशोर जायसवाल पिता/पति रामकुमार जायसवाल पता 21/2 नेहरुनगर प. भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 665/9 (0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती ज्योति जायसवाल पिता/पति स्व. नंदकिशोर जायसवाल पता मोतीलाल नेहरु नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 2025261121290

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी पंकज कुमार सिंह पिता/पति केशव सिंह पता भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 693/21(0.0042) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अमृत सिंह पिता/पति शशिकांत सिंह पता भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी.202425430103900209

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी बन्दना वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-सेक्टर 2 भिलाई, हेमलता वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-सेक्टर 2 भिलाई, दीपक कुमार वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-शिक्षकनगर दुर्ग, अनिता पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-सेक्टर 2 भिलाई, मनोज कुमार वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-शिक्षकनगर दुर्ग, मंजुला वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता सेक्टर 2 भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 987/18(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/केता सुनंदा बंछोर पिता/पति गजानंद बंछोर पता-म.नं. 93 वार्ड नं. 03 जरवाय कंडरका, बन्दना वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता सेक्टर-2 भिलाई, सुनिर्मलकांत बंछोर पिता/पति गजानंद बंछोर पता-म.नं. 93 वार्ड नं. 03 जरवाय कंडरका, मंजुला वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-सेक्टर-2 भिलाई, हेमलता वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-सेक्टर 2 भिलाई, दीपक कुमार वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता शिक्षकनगर दुर्ग, गजानंद बंछोर पिता/पति स्व. बालमुकुंद पता-म.नं. 93 वार्ड नं. 03 जरवाय कंडरका, अनिता पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता-सेक्टर-2 भिलाई, मनोज कुमार वर्मा पिता/पति ऋषिराम वर्मा पता शिक्षकनगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 19.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदारदुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी
एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)
क्रमांक: 295/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक इम्तिखर खान पिता मो. इलियास अहमद खान निवासी 120 वार्ड नं 39, गांधीनगर डिपरापारा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490001 आवेदिका अनिता निषाद पिता बाबूलाल निवासी म. नं. 145, वॉर्ड नं. 05, ग्राम बीलभदर जिला- धमतरी (छ.ग.) पिन नं. 493778 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 26/05/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 16/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर
अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202526112162

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी चुम्पेश्वरी साहू पिता/पति नृपत साहू पता रिसाली सेक्टर भिलाई सिविक सेंटर भिलाई, रामनाथ साहू पिता/पति स्व. रामाधीन साहू पता सेक्टर-5 सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1088/26(0.0056) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अरुण कुमार साहू पिता/पति रामनाथ साहू पता सेक्टर-5 सिविक सेंटर भिलाई, विनोद कुमार साहू पिता/पति रामनाथ साहू पता सेक्टर-5 सिविक सेंटर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनिति यादव पति कृष्णचंद यादव निवासी डी.डी. नगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1/279 रकबा 0.0330 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट पर कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में पहली बार सट्टा संचालन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के साथ साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 112 के अंतर्गत संगठित अपराध का मामला भी दर्ज कर एक महत्वपूर्ण और संदेशात्मक कदम उठाया गया है। यह कार्रवाई न केवल सट्टा कारोबार में लिप्त आरोपियों के लिए चेतावनी है, बल्कि अन्य जिलों और राज्य भर के लिए एक कानूनी उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।

कोदवा में अक्ती पर पुत्री पुत्रा का विवाह संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्र में अक्षय तृतीया अक्ती का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया गुड्डी गुड़िया की शादी रस्म4दिन तक चला इस दौरान कोदवा के बहुत से घरों में विधि विधान विवाह की परंपरा निभाई गई गुड्डी गुड़िया का शादी विवाह गीत गाते बजते हुए बच्चों से लेकर बड़ों ने डांस किया ।जिसमें पूरे रस्म के साथ शादी संपन्न हुआ पहले बच्चों ने चूरमाठी,चिकट हरदही की रश्म निभाई उसके बाद बारात आगमन हुआ जिसमें पूरे गांव बाराती बन के आए और पूरा विधि विधान के साथ पुत्री पुतरा का विवाह संपन्न हुआ।विवाह संपन्न कराने में टिकेश्वरी राजक,नंदिनी यादव, आरती मानिकपुरी, प्रतिभा, सीमा, कविता, शिवानी, सविता, संध्या, दीपिका, माहेश्वरी, गीतांजलि, प्राची, रागनी, माहेश्वरी, खुशबू,दुर्गा,साक्षी का सहयोग रहा।

पारिवारिक संरक्षा संगोष्ठी का भाटापारा में हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश।विद्युत परिचालन विभाग रायपुर रेल मंडल द्वारा रेल दुर्घटनाओं को रोकने पारिवारिक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन भाटापारा लॉबी में किया गया। संगोष्ठी के माध्यम से रनिंग स्टाफ को गुणवत्तापूर्ण विश्राम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवन शैली के लिए टिप्स दिए गए। संगोष्ठी में रनिंग स्टाफपरिवार सहित उपस्थित हुए। सहायक मंडल विद्युत अभियंता श्याम कुमार कुर्रे, मुख्य करू नियंत्रक सतीश देवांगन, मुख्य स्टेशन मैनेजर अजय कुमार, मुख्य लोको निरीक्षक एस एल सोनी, एस एस हुसैन और एन आर करपाल उपस्थित थे। पर्यवेक्षकों ने संरक्षा और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर रनिंग स्टॉफ के परिवार के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए सीधा संवाद किया। सहायक विद्युत इंजीनियर परिचालन भिलाई श्याम कुमार कुर्रे ने दुर्घटना को रोकने परिवार की भूमिका के साथ साथ मेडिटेशन , तनाव निवारण, जनरल अवेयरनेस, रनिंग स्टॉफ की कठिन ड्यूटी के बाद घर पर गुणवत्ता पूर्ण विश्राम,खानपान व स्वस्थ जीवन शैली के निर्वहन के लिए सदस्यों की भागीदारी पर प्रकाश डाला।

रवि प्रजापति का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलोदा बाजार में पदस्थ रवि प्रजापति का शुक्रवार की प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 50 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके ग्रह नगर भिलाई पॉवर हाऊस में शुक्रवार की शाम संपन्न हुआ। कम्प्युटर आपरेटर के रूप में कार्यरत रवि प्रजापति के आकस्मिक निधन पर जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से अपने चरणों में स्थान देने और परिजनों को दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर को लेकर बच्चों में उत्साह

महाराष्ट्र मंडल की पहल से बच्चों को संस्कार और अनुशासन के मार्ग पर चलते देख अभिभावक भी खुश

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति का महीने भर चलने वाला ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर बच्चों के उत्साह के साथ शुरू हो गया। पहले दिन प्रतिभागी बच्चों ने अपना परिचय देते हुए पद्मासन की स्थिति में बैठकर ऊँकार का जाप किया। शिविर के पहले ही दिन बच्चों को हिंदी कैलेंडर के 12 महीनों के नाम बताए गए। इसी तरह हिंदू कैलेंडर के महीने में दो पक्ष पूर्णिमा और अमावस्या, सप्ताह के सात वार जैसी अनेक मूलभूत जानकारियां दी गई।

योग व आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि शिविर को संचालित कर रहे गुरुजनों मंजूषा मरकले, डॉ. दीपाली अमीन, डॉ. अलकनंदा नारद, डॉ. मंजुषा वैशंपायन और चारुशीला देव बच्चों के अपने- अपने ग्रुप में पहले से तय विषयों पर चर्चा कर रहे हैं और उन्हें अभ्यास करा रहे हैं। बच्चों को चारों वेदों के बारे में सिखाया जा रहा है। 18 पुराणों के बारे में बताया गया।

आस्था ने जोर देकर कहा कि हमने ऑनलाइन शिविर में शामिल होने के लिए जो अनुशासन और संस्कार निर्धारित किए थे, बच्चे उनका अनुसरण कर रहे हैं। उसके बाद ही वे शिविर में शामिल हो रहे हैं। शालाएं बंद होने के बाद बच्चों को सुबह उठकर स्नान कर भगवान के सामने दीया- बाती करते देखना और सुबह सबेरे घर के वरिष्ठ सदस्यों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेना, वाकई सुखद अहसास कराता है। अच्छी बात यह है बच?चों के अभिभावक भी बाल संस्कार शिविर के महाराष्ट्र मंडल की इस पहल को सकारात्मक प्रतिसाद दे रहे हैं।

आस्था के अनुसार केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ शालाएं अभी भी किसी न किसी स्वरूप में चल रहीं हैं, इसलिए फिलहाल कुछ बच्चे ऑनलाइन संस्कार शिविर में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उनके शिविर में शामिल होने के बाद बच्चों की संख्या और भी अधिक हो जाएगी। बाल संस्कार शिविर को ऑनलाइन लगाने का सबसे बड़ा लाभ यह हो रहा है कि छत्तीसगढ़ समेत चार राज्यों मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के बच्चों को भी इसमें शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

ट्रैक्टर-ट्राली के पीछे टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 53 पर शुक्रवार की शाम सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में एक तेज रफ्तार बाइक जा घुसी। उसमें सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। ग्राम मेमरा स्थित अपना ढाबा के पास नेशनल हाईवे 53 पर बाइक सवार खड़ी ट्राली के पीछे जा टकराई। जिसे लाखागढ़ के मुकेश सोना और डोंगरीपाली निवासी अमित सारथी की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले दोनों की उम्र 20 से 25 के बीच बताई जा रही है। हादसा शुक्रवार शाम 6 बजे की बताई जा रही है।दोनों युवकों के शव को एंबुलेंस से पिथौरा सीएचसी भेजा गया है। पिथौरा पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पुलिस को आशंका है कि जिस जगह यह हादसा हुआ है वहां टर्निंग पॉइंट है। इस लिए उसके आसपास सड़क किनारे वाहन खड़े करना मनाही है। इसके बावजूद सड़क किनारे ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ा किया गया है।

पीएम आवास में लापरवाही : सीईओ-ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बोडला व पंडरिया को नोटिस

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सुशासन तिहार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की वर्चुअल समीक्षा की गई। इस दौरान आवेदनों का निराकरण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना जनमन के कार्य में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पंडरिया एवं जनपद पंचायत बोड़ला व पंडरिया के विकासखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्रामीण परिवारों को आवास योजना से लाभान्वित किया जाना है। वर्चुअल बैठक के दौरान निर्माण कार्य में अपेक्षाकृत कम प्रगति होने एवं समय पर राशि जारी नहीं करने जैसे अनेक विषयों को लेकर सीईओ जिला पंचायत द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा कार्य में लापरवाही बरतने के कारण संबंधित को नोटिस जारी किया गया है।

समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने सभी जनपद पंचायत को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक के द्वारा सभी को निर्देशित करते हुए कहा गया कि वर्तमान समय में निर्माण कार्य पूरी तेज गति से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। सभी निर्माणाधीन आवास को वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करें। जिससे कि हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। वर्चुअल बैठक के दौरान सभी सीईओ जनपद पंचायत विकासखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण कार्यक्रम अधिकारी सहित उपसंचालक पंचायत एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीज हुए परेशान, परिजन हुए गर्मी से बेहाल

डॉक्टर सुबह-शाम अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर नहीं

राजनांदगाव/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में बच्चों के डॉक्टर सहित गद्ययनिक ओपीडी में आजकल डॉक्टर नदारत रहते हैं। इसमें गायनिक ओपीडी क्रमांक 3 तथा शिशु रोग ओपीडी डॉ. राकेश रामटेक तथा माधुरी खूंटे शिशु बाल रोग विशेषज्ञ के कमरे में आज 2 मई के शाम 5-30 से ताला लगा हुआ था। जो यह बताता है कि यह डॉक्टर सुबह शाम अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर नहीं है और कई मरीज अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर घंटा बैठे नजर आये हैं। उन्हें बताने वाला यहां पर नर्स भी नहीं रहती है कि कोई डॉ. भी आएगा या नहीं।

इन डॉक्टरों की मनमानी से विधानसभा अध्यक्ष तथा राजनांदगाव विद्यायक डॉ. रमन सिंह की छवि पर विपरीत असर पड़ रहा है और अभी-अभी नए कलेक्टर की पदस्थापना हुई हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले ही जिला अस्पताल का जायजा लेकर डॉक्टरो को और अधिकारियों को निर्देश दिया था कि आम जनता को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो,समय पर डाक्टर उपस्थित हो, पर्याप्त दवा हो और संबंधित स्टाफ मौके पर उपस्थित है। परंतु शुक्रवार को 2 मई को जिला अस्पताल के गायनी ओपीडी नंबर 3 तथा शिशु रोग दो प्रमुख डॉक्टर की कमरे की तालाबंदी यह बताती है कि यह डॉक्टर अपने सेवा को लेकर कितने गंभीर हैं और प्राइवेट अस्पताल में जाकर डबल कमाई में लगे हैं अथवा अपने निजी क्लीनिक में बच्चों का उपचार कर मोटी कमाई कर रहे हैं। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा कलेक्टर साहब को आवश्यक कड़े कदम उठाना चाहिए जिससे आम जनता को राहत मिले।

नपा पंडरिया में दिखा सुशासन तिहार का असर, देवपुरा बस्ती में लगी स्ट्रीट लाइट

सुशासन तिहार के तहत तेजी से हो रहा समस्याओं का समाधान

कवर्धा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार अभियान के तहत आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान की जमीनी सफलता अब धरातल पर भी स्पष्ट रूप से नजर आने लगी है। इसी क्रम में नगर पालिका पंडरिया द्वारा स्थानीय निवासी राकेश अहिरवार द्वारा किए गए आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। राकेश ने अपने वार्ड क्रमांक 09 अंतर्गत देवपुरा बस्ती के अंदर स्ट्रीट लाइट की मांग की थी, जहाँ लंबे समय से अंधेरा होने के कारण आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

नगर पालिका ने इस आवेदन को गंभीरता से लेते हुए अत्यंत कम समय में देवपुरा बस्ती के अंदर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करवा दी। नई लाइट लगने से अब स्थानीय नागरिकों को रात्रिकालीन आवाजाही में सुविधा होगी और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह कदम काफी लाभकारी सिद्ध होगा। राकेश अहिरवार ने नगर पालिका के इस त्वरित और प्रभावी कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार के अंतर्गत मेरी समस्या का तुरंत समाधान किया गया। पहले बस्ती के अंदर रात में अंधेरा रहता था, जिससे दिक्कत होती थी, अब लाइट लगने से बहुत राहत मिली है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त होने वाले जनहित से जुड़े सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप हर नागरिक को सुविधाएँ सुलभ रूप से मिल सकें। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन प्रदान करना है। इस प्रकार की त्वरित कार्रवाइयों से आम जनता में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास और भी अधिक मजबूत हो रहा है।

नपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

कुरूद/नवप्रदेश। ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 5 और वार्ड क्रमांक 10 के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमे कुछ जगहों में वार्ड वासियों के मांग पर रोड को आगे बढ़ाने के लिए आग्रह किया गया। जिसमें नप अध्यक्ष के द्वारा तत्काल पूरा करने के लिए इंजिनियर को आदेशित कर वार्डवासियों संग भूमि पूजन भी किया गया। इस सुअवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, महामंत्री प्रभात बैस, नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, पार्षदगण राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, सितेश सिन्हा, वरिष्ठ नागरिकगण पूर्व पार्षद मुलचंद सिन्हा, संतोष बैस, रोमन देवांगन, अर्जुन चन्द्राकर, भूपेन्द्र छोटू, बिसहत बैस, खेदन तिवारी, खेदन यादव, टेकू साहू, इंजिनियर भोजराज सिन्हा सहित दोनों जगहों में वार्डवासीगण एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

गांजा तस्करी के दो आरोपियों को 10-10 साल की सजा

महासमुंद/नवप्रदेश। गांजा के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 23 वर्षीय प्रिंस कुमार दुबे पिता बीरेंद्र कुमार दुबे उत्तर पश्चिम दिल्ली नरेला निवासी तथा 28 वर्षीय मोसिन उर्फ मोहसिन पिता सलीम कलियर हरिद्वार निवासी को एनडीपीएस एक्ट के अपराध में धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति रेल्वे स्टेशन के पास मेन रोड एनएच 353 भीमखोज में एक भूरे रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर जा रहे है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों से पूछताछ की उनके पास रखे एक बड़े भूरे रंग के बैग में 7 पैकेटों में लि टा हुआ गांजा बरामद किया गया। जिसका वजन 25 किलो था। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौपा गया था जहां अपराध सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

प्रथम पेज का शेष

जीएसटी संग्रह में छत्तीसगढ़...

15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिनसे निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है। सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर-जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति,सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता,पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है।

सीएम आज करेंगे 10 नवीन...

अब आम नागरिक रजिस्ट्री से जुड़ी सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय, श्रम और धन की बचत होगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय द्वारा जिस एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास किया जाएगा, वह नवा रायपुर के सेक्टर 22 में विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 5 मेगावॉट क्षमता का यह केंद्र पर्यावरण संरक्षण मानकों का पालन करते हुए सौर ऊर्जा आधारित होगा तथा भविष्य में इसकी क्षमता 150 मेगावॉट तक विस्तार की जा सकेगी। लगभग 1000 करोड़ के निवेश वाली इस परियोजना से 500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह इकाई राज्य की औद्योगिक नीति वर्ष 2024-30 के तहत एंकर यूनिट के रूप में विकसित होगी। इसके साथ ही राज्य में आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और डेटा सेवाओं से जुड़े एक नए इको-सिस्टम के विकास की नींव रखी जाएगी।

पीएम मोदी ने आंध्र को ..

रेलवे उन्नयन और रक्षा संबंधी प्रतिष्ठान शामिल हैं। अमरावती के निर्माण को फिर से शुरू करने के हिस्से के रूप में, पीएम ने 49,000 करोड़ रुपये की 74 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिसमें विधानसभा, सचिवालय और उच्च न्यायालय भवनों और न्यायिक आवासीय क्वार्टरों के साथ-साथ 5,200 परिवारों के लिए आवास भवनों का निर्माण शामिल है।

जिन छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की उन्होंने आधारशिला रखी, उनमें एनएच के विभिन्न खंडों का चौड़ीकरण, एलिवेटेड कॉरिडोर, हाफ क्लोवर लीफ और रोड ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल है। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी, अंतर-राज्यीय यात्रा को बढ़ाएंगी, भीड़भाड़ को कम करेंगी और समग्र रसद दक्षता में सुधार करेंगी। इसी तरह, गुंटकल पश्चिम और मल्लप्पा गेट स्टेशनों के बीच रेल ओवर रेल के निर्माण का उद्देश्य मालगाड़ियों को बायपास करना और गुंटकल जंक्शन पर भीड़भाड़ को कम करना है। इसी तरह, पीएम ने 254 करोड़ रुपये की तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिसमें दोहरीकरण और तिहरीकरण परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने 3,860 करोड़ रुपये की लागत वाली आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जो तिरुपति, श्रीकालहस्ती, मालाकोंडा और उदयगिरि किला जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक निर्बाध संपर्क प्रदान करती हैं।

केरल को 8900 ...

मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75ब ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था, इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था, अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा।

भारत को 13 करोड़ डॉलर...

बढ़ेगी और साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बेहतर होगी। अमेरिका के विदेश विभाग ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इस सौदे की जानकारी दी है। डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने बताया कि इस प्रस्तावित सौदे का उद्देश्य विदेशी नीति को मदद देना और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को पूरा करने के साथ ही भारत और अमेरिका के संबंधों को रणनीतिक स्तर पर मजबूत करना है। साथ ही हिंद प्रशांत महासागर और दक्षिण एशिया के सबसे अहम देश के साथ सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करना भी इसका उद्देश्य है।

वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य...

विजय प्रसाद थपलियाल, तीर्थ पुरोहित श्रीनिवास पोस्ती, धर्माचार्यों, वेदपाठीगणों, भैरव नाथ के अरविंद शुक्ला ने पूरब द्वार से मंदिर में प्रवेश किया तथा मंदिर के गर्भगृह के द्वार की पूजा-अर्चना में शामिल हुए। देवी देवताओं का आह्वान कर, जन कल्याण की कामना तथा संकल्प के साथ ही ठीक प्रातः सात बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये गये।

मूसलधार बारिश, आंधी के बाद उमस व बिजली संकट से जनता बेहाल

नवागढ़ में दो दिन का कहर

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर और आसपास के गांव बीते 48 घंटों से भीषण संकट से गुजर रहे हैं। गुरुवार को आई तेज आंधी और मूसलधार बारिश ने जहां भारी तबाही मचाई। वहीं शुक्रवार को बिजली कटौती, तेज उमस और प्रशासनिक ढिलाई ने हालात और बिगाड़ दिए। कई मोहल्लों में जनजीवन पूरी तरह ठप रहा, किसान और छोटे व्यापारी भारी नुकसान में डूबे हैं।

गुरुवारः कुदरत का कहरः गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे तेज आंधी के साथ बारिश ने कहर बरपाया। कई जगह पेड़ गिरे, बिजली के खंभे उखड़ गए, और तार जल गए। दो घंटे तक मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा ठप रही। ग्रामीण इलाकों में खेतों में रखा धान बारिश में भीग गया, टीन के शेड उड़ गए और कच्चे मकान जमींदोज हो गए। एक किसान ने कहा, फसल घर आ चुकी थी, लेकिन गोदाम की छत उड़ गई। सारी मेहनत एक झटके में चली गई।

शुक्रवारः बिजली संकट और उमस का सितम : शुक्रवार को लोगों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन सुबह से ही बिजली गायब रही। उमस और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। कई मोहल्लों में पंखे, कूलर और पानी की मोटरें बंद रहीं।

सुकुल पारा मोहल्ले में टूटा हुआ बिजली का तार पूरे दिन जमीन पर पड़ा रहा, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी हुई। स्थानीय दुकानदारों ने बताया, ग्राहक नहीं आ रहे। दुकान खोलना भी घाटे का सौदा लग रहा है।

प्रशासन की तैयारी पर उठे सवाल : बिजली विभाग की टीमों ने मरम्मत का कार्य शुरू तो किया, लेकिन संसाधनों की कमी और स्टाफ की सीमित संख्या के कारण काम बेहद धीमा रहा।

न्यूज गैलरी

अज्ञात चोर ने महिला से की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। देर रात घर घुसकर महिला से मारपीट करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर किया है। पुलिस को ग्राम चारभांठा निवासी खुशबाई धृतलहरे ने बताया कि 24 अप्रैल की रात लगभग 1. 30 बजे अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आया और उनके गले की माला से आलमारी की चाबी निकालने का प्रयास करने लगा, लेकिन वह जाग गई, तब अज्ञात ने रॉड या डंडे से चेहरा को मारा। चिल्लाने से उनकी लड़कियां जमीला, नीतू तथा लकेश्वरी जग गई, तब अज्ञात भाग निकला। रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 115(2), 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

सेवानिवृत्त शिक्षक से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम बानीपाली निवासी सेवानिवृत शिक्षक भोगीलाल पटेल ने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह करीब 7.30 बजे वह घर में था, तभी गांव के चंद्रशेखर नायक , राजकुमार नायक आए और हमारे द्वारा बनाए जा रहे मकान में तहसील कार्यालय में जाकर स्टे लगवाए हो कहकर गाली - गलौज करते हुए मारपीट की। उनके द्वारा स्टे नहीं लगाए जाने की बात कहने के बावजूद उन्होंने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

ओडिशा का महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। खेमड़ा सिमगांव धान मंडी तालाब के पास एक व्यक्ति से ओडिशा निर्मित महुआ शराब पुलिस ने बरामद की है। कोमाखान पुलिस ने सूचना पर वार्ड 11 डबरापारा बागबाहरा निवासी श्याम यादव (38) से 30 नग हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित देशी महुआ शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

आंधी बारिश से उखड़े पेड़, घरों के टिन शेड उड़े, खड़ी फसल बर्बाद

खैरागढ़/नवप्रदेश। गुरुवार शाम की तेज आंधी बारिश ने जमकर बर्बादी मचाई है। जिले मे दर्जनों इलाकों में पेड़ तेज हवाओं से उखड़ गए। इससे कई मार्गों पर यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। जिला मुख्यालय में ही कई स्थानों रिहाइशी इलाकों में पेड़ गिरने भारी क्षति हुई। कई क्षेत्रों में घरों दुकानों के शेड हवाओं में उड़ गए। जिले के उदयपुर में दर्जनों परिवारों के घरों में लगे टीन शेड उड़ गए। घरों छप्पर उड़ गए। आंधी ने लगभग 35 से 40 मिनट तक भारी तबाही मचाती रही। इससे दुकानों-घरों और शासकीय भवनों को भी नुकसान पहुंचा। उदयपुर इलाके में ही सैकड़ों

एकड़ में पपीता की फसल को भी तेज हवाओं से बर्बाद हो गई। इससे किसानों को लाखों का नुकसान हो गया।

शादियों में आंधी बारिश की खलल : गुरुवार को ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में शादियों में भी तेज हवाओं ने जमकर खलल डाला। शहर में ही तेज हवाओं के चलते घंटे भर से ज्यादा देर तक बिजली व्यवस्था बाधित रही। कई इलाकों में देररात तक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई।

शादियों में भी लगाए गए टेंट और पंडाल भी तेज हवाओं से तितर बितर हो गए। हालांकि कुछ इलाकों में बारिश भी हुई है। लेकिन बारिश से ज्यादा हवाओं और चली आंधी ने ज्यादा नुकसान पहुंचाया है।

सिविल अस्पताल में गिरा पेड़, यातायात बाधित

जिला मुख्यालय में ही स्थित सिविल अस्पताल परिसर मे तेज हवाओं के चलते नीम का पेड़ उखड़ गया। बस स्टैंड में सुलभ शौचालय के पास सूखा पेड़ भी धराशाई हो गया। हालंकि इससे जानमाल की हानि नहीं हुई लेकिन मौके पर चहल-पहल नहीं होने से कई लोग इसकी चपेट में आने से बच गए। दोनों जगहों पर काफी देर तक आवाजाही बाधित रही। जिला कार्यालय, सिविल लाइन, पिपरिया वार्ड, अमलीडीह में भी तेज हवाओ से कई पेड़ उखड़ गए। कई जगहों पर दुकानों और मकानों में लगे होर्डिंग, बोर्ड, सहित शेडों को बड़ा नुकसान पहुंचा है।

विवाह में अज्ञात चोर ने उड़ा दिया हार

महासमुंद/नवप्रदेश। विवाह कार्यक्रम स्थल से एक महिला की गुलबंद हार चोरी हो गई। खल्लारी पुलिस ने मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम मरार कसहीबाहरा निवासी प्रेमलाल साहू ने बताया कि 12-15 अप्रैल के बीच भतीजा पुष्पेंद्र कुमार साहू का विवाह कार्यक्रम था।

इस दौरान उनकी भांजी होषिका साहू भी आई थी। उन्होंने सोने का गुलबंद हार को मायन के बाद उक्त जेवर आलमारी में अन्य महिलाओं के जेवरात वाले थैले में रखा था लेकिन थैले को जब खोला गया तो उसमें भांजी का सोने का गुलबंद गायब था। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 333 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

दुर्गम जंगल में स्थित ऐतिहासिक मंडीप खोल गुफा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- मेला पूर्व सड़क की साफ-सफाई, पानी, सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान विकासखंड के ग्राम ठाकुर टोला के घने जंगलों में स्थित ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंडीप खोल गुफा का स्थल निरीक्षण किया। अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को गुफा के दर्शनार्थियों के लिए खुलने से पहले, कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह दौरा किया।

कलेक्टर चंद्रवाल ने गुफा में प्रवेश कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था और पर्यटकों की सुविधाओं हेतु व्यापक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ रवि को मार्ग की साफ-सफाई और अन्य जरूरी तैयारियां समय रहते

पूर्ण करने को कहा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अविनाश ठाकुर को गुफा के प्रवेश द्वार पर चेतावनी बोर्ड और गेट लगाने के निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालु सावधानीपूर्वक प्रवेश कर सकें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मेला स्थल पर कैंप लगाने के निर्देश भी दिए ताकि श्रद्धालुओं को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। साथ ही स्थानीय युवाओं को गुफा दिखाने गाइड के रूप में रखने पर भी जोर दिया गया। गुफा खुलने पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर ने पुलिस विभाग को भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही वन विभाग को गुफा के भीतर बैरिकेडिंग के लिए बांस और बल्लियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालु क्रमबद्ध तरीके से दर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ठाकुरटोला के जमींदार लाल रोहित सिंह पुलस्त्य और पुजारी राधा मोहन दास वैष्णव ने मंडीप खोल गुफा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया गुफा देखने 16 बार एक ही नदी को पार कर जाना होता है यह गुफा रियासतकालीन परंपराओं से जुड़ी है और हर वर्ष अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए खोली जाती है। यहां पहले पूजा-अर्चना ठाकुरटोला के जमींदार परिवार द्वारा की जाती है।

गुफा के समीप सेतगंगा कुंड स्थित है, जिसे गंगा के समान पवित्र माना जाता है। स्थानीय मान्यता है कि इस जल में कभी विकृति नहीं आती और इसका जल सदा शुद्ध रहता है। इसके समीप स्थित 'चमगादड़ गुफा' में हजारों चमगादड़ निवास करते हैं और दिन में भी यहां अंधकार बना रहता है।

कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

सर्व समाज ने मनाया भगवान परशुराम व आद्य शंकराचार्य का जन्मोत्सव

धमतरी/नवप्रदेश। भूपेंद्र कान्हा मिश्रा के मार्गदर्शन में भगवत पाद शिवा अवतार आद्य शंकराचार्य महाभाग की 2532 वें प्राकट्य महोत्सव बैशाख शुक्ल 5 शुक्रवार 2 मई एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज की पावन प्रेरणा से सेवा प्रकल्प कार्यक्रम के तहत शताब्दी उद्यान में विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पौधरोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम एक पहल मार्निंग ग्रुप रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजू गुप्ता, लखन सिन्हा, शत्रुघन सोम, हरीशंकर पाठक, पवन गिरी गोस्वामी, लक्ष्मण जिज्ञासी, महेश शामनानी, प्रकाश पटेल, सत्येन्द्र ठाकुर, संदीप गायकवाड़, अशोक साहू, लक्ष्मण रजक, विजय सिंह ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, रोहित सोनी, राजेश यादव, विक्रांत पवार, मुकेश पटेल, अय्युब खान, राजा फुटान, पंप्पु सोनी, वेदप्रकाश देवांगन, शिव कुमार जैस, खियल दास वाधवानी, गन्नु, भूपेन्द्र साहू, सत्तु सोनी, राकेश सोनी, अशोक साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इसी कड़ी में पहलगाम में 27 मृतात्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद पिन्टू यादव और आभार प्रदर्शन हेमंत बंजारे ने किया।

तेन्दूपत्ता संग्रहण परिवहन कार्य में सुरक्षा के लिए वन विभाग ने प्रबंधकों की ली बैठक

- माओवादियों को कोई सहयोग नहीं देने की हिदायत

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के वनांचल क्षेत्रों मे शुरू होने वाले तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य मे इस बार नक्सल गतिविधियों को पूरी तरह रोकने एसपी कार्यालय मे एसपी त्रिलोक बंसल सहित अधिकारियों ने वनविभाग अधिकारियो कर्मचारियों की उपस्थिति में जिले के संग्रहण,परिवहन कार्य करने वाले फर्म/एजेन्सी के प्रबंधकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । एसपी बंसल ने कहा कि पूर्व में तेन्दूपत्ता माओवादियों के फंडिग का मुख्य आय का स्त्रोत हुआ करता था। वर्तमान में शासन की मंशानुरूप

मार्च 2026 के पहले माओवादियों का खात्मा करने के उद्देश्य से माओवादी बौखलाये हुए है। प्रत्येक ठेकेदार अपने यूनिट हेडक्वार्टर में कार्यरत् व्यक्तियों की सम्पूर्ण जानकारी,पूर्ण पता, यूनिट अन्तर्गत थाना चौकी में जमा करेंगे । एक सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जमा करना होगा। एसपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बिना अनुमति के नगद राशि जंगल क्षेत्रों में नही ले जाने के निर्देश दिए। गैर सूचना पर राशि सहित तेन्दूपत्ता संग्राहक एवं उसके कर्मचारी पुलिस चेकिंग में पकड़ाने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की होगी। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक नक्सल रमेश कुमार चंद्रा ने तेन्दूपत्ता सीजन में आवश्यक सुरक्षा सावधानी बरतने व माओवादियों की किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस से सम्पर्क करने कहा।

पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को पकड़ा

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना खम्हरिया स्टाफद्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1002/2021, अपराध क्रमांक 223/2021 धारा 294, 506, 323 भादवि के मामले में फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी राजेन्द्र साहू पिता

बैसाखू उम्र 19 साल साकिन बनरांका थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि भानू पटेल, आरक्षक कुसुम कोशले, तोरण डहरिया एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण भुमिका रही।

रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करते एसडीएम ने पकड़ा चेन माउंटेन व हाईवा

महासमुंद/नवप्रदेश। रेत की चोरी और परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं इस चोरी को रोकने के लिए एक दिन पहले एसडीएम ने 11 पंचायतों को नोटिस दिए जाने के बावजूद पंच सरपंचों पर इसका असर बेअसर साबित हो रहा है। नोटिस के बाद भी चिंगरौद में अवैध रूप से रेत की चोरी और परिवहन जारी है। जिस पर शुक्रवार को खनिज व राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कर रेत उत्खनन कर रहे चैन माउंटेन और परिवहन में लगे एक हाईवा को जब्त किया गया है। बता दें कि गुरुवार को ही रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैंकरा ने 11 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और पंचों को नोटिस जारी किया था।

उन्होंने ग्राम पंचायत बरबसपुर, कनेकेरा, गढ़सिवनी, अछोला, लहंगर, पीढ़ी, अमलोर, चुहरी, सिरपुर, चिंगरौद, और पासिद के सरपंचों को नोटिस जारी कर कहा है कि आपके ग्राम पंचायत अंतर्गत नदी, नाले में अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा गौण खनिज नियम, 1996 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थित शासकीय संपत्तियों की सुरक्षा एवं संवर्धन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है। आपके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन दृढ़ता पूर्वक नहीं किया जा रहा है, लापरवाही बरती जा रही है, जिससे शासकीय राशि की हानि हो रही है।

बावजूद नोटिस को दरकिनार कर जिला मुख्यालय से लगे चिंगरौद रेत घाट में आज भी रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था। आज सुबह कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग एवं राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने चिंगरौद रेत घाट पर छापामारा। टीम ने मौके से एक चेन माउंटेन मशीन व एक हाईवा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों जब्त वाहन को सिटी कोतवाली के सुपुर्द कर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बरसात से पहले रेत भंडारण शुरू

उत्खनन के बाद अब महानदी के दोनों ओर नदी के किनारे के गांवों में रेत का अवैध भंडारण शुरू हो गया है। जिस पर अब तक विभाग की निगाह नहीं है और न ही अब तक कोई कार्रवाई की जा सकी है। बता दें कि बारिश के दिनों में महंगे दामों पर बेचने माफिआओं ने भारी मात्रा में रेत का भंडारण करना शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार हाल ही में गढ़सिवनी में हुए निर्बाध अवैध उत्खनन से निकाली गई रेत मोहकम के आसपास डंप की गई है। लेकिन, ग्रामीणों द्वारा खनिज विभाग में की गई शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई।

सरपंच और उपसरपंच ने सीईओ सिमगा को सौपा ज्ञापन

सिमगा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बैकोनी के सरपंच महेश मिरी एवं उपसरपंच ने पचायत सचिव को हटाए जाने की मांग की। शुक्रवार को स्ष्ठरू सिमगा अंशुल वर्मा और ष्टश्वह्र सिमगा अमित दुबे को लिखित ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव मोहर दास जोशी को हटाए जाने का ज्ञापन सौंपा।

टीबी उन्मूलन में महासमुंद राज्य में प्रथम, 278 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024-25 में महासमुंद जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में महासमुंद जिले को सम्मानित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया तथा आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने महासमुंद जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान

किया है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ को देश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को सर्वोत्तम तरीके से लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है, जो समस्त राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि राज्य की 4103 ग्राम पंचायतों को अब तक टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है।

महासमुंद जिले में संचालित निक्षय निरामय अभियान के तहत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के नेतृत्व में सीएमएचओ डॉ. पी. कुदेशिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू धृतलहरे एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में 12 लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे एवं अन्य आधुनिक जांच तकनीकों से परीक्षण किया गया। वर्ष 2023 में जिले की 292 ग्राम पंचायतें एवं वर्ष 2024 में 278 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित की गईं। यह उपलब्धि जिला स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत और जनभागीदारी का परिणाम है।

जागरूकता अभियान — *भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के हीरक जयंती पर जल बचाने के लिए किया प्रेरित*

पर्यावरण, जल संरक्षण पर स्काउट गाइड ने निकाली साइकिल रैली

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75 वर्ष हीरक जयंती के अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण को लेकर साइकिल संदेश रैली का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत स्काउट गाइड परंपरा अनुसार स्कार्फ लगाकर किया गया। साइकिल संदेश रैली को जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त एवं छ.ग. बीज विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर ने शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए स्काउट को और उंचाई तक ले जाने पर जोर दिया। उन्होंने साइकिल चलाकर संदेश दिया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, विकासखण्ड के अध्यक्ष कौशलेन्द्र वैष्णव, मुख्यालय आयुक्त रामकुमार साहू, बी.आर.सी.सी. जागेश्वर सिन्हा, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, डी.ओ.सी.गाइड लीनू चंद्राकर, विकासखण्ड सचिव लता वैष्णव, सीनियर स्काउटर सुरेन्द्र मानिकपुरी,

रघुनाथ सिन्हा, मधु शर्मा, हिरेन्द्र साहू, अर्चना तिवारी, विद्या दुबे, गायत्री सेन उपस्थित थे। रैली जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं जल संरक्षण से संबधित नारा लगाते हुए, नारा लिखे बैनर तख्ती के साथ कन्या शाला, कांग्रेस भवन, स्वामी चौंक, अंबेडकर चौंक, बस स्टैंड, बिटोबा टॉकीज, दादा बाड़ा, गांधी चौंक, शास्त्री चौंक बी.टी.आई. रोड होते हुए स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षण केन्द्र में समापन हुआ। समापन समारोह में जिला सलाहकार दाऊलाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावचरण संरक्षण, जल संरक्षण करना अति आवश्यक है, उन्होने कहा कि जल है तो कल है, जल को हमें बचाना है, पर्यावरण की रक्षा करना है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने भी स्काउट गाइड को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाने एवं जल को बर्बाद नहीं होने, बचाने के उपायों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी मोहनराव सावंत ने स्काउट गाइड से कहा कि वे अपने घरों के आसपास की महिलाओं को समझाये प्रेरित करें कचरे को उचित स्थान पर रखे। पानी की बर्बादी किस प्रकार से रोके इस पर जानकारी देने कहा।उन्होनें कहा कि बच्चों की बात से लोग जल्दी प्रभावित होते हैं। कार्यक्रम में रामकुमार साहू, जागेश्वर सिन्हा, रघुनाथ सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। उपस्थित अतिथियों द्वारा स्काउट गाइड का सम्मान करते हुए उपहार के रूप में कलम भेंट किया गया। साइकिल रैली में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के स्काउट गाइड, श्रीराम पाठशाला के स्काउट गाइड एवं आशीबाई गोलछा की गाइड ने भाग लिया। आनंद साहू, नगर पालिका के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला शिक्षा अधिकारी मोहनराव सावंत, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल उपस्थित थे।

पक्षियों के लिए थाना परिसर में पेड़ पर लगाया घरोंदा व मटका

महासमुंद/नवप्रदेश। वार्ड -25 के पार्षद भाऊराम साहू के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी की पहल पर सिटी कोतवाली परिसर के बरगद पेड़ में पक्षियों के लिए घरोंदा व मटकी टांगा गया। साथ ही दाने की भी व्यवस्था की गई। उपाध्यक्ष द्वारा शहर के पेड़ -पौधों में पक्षियों को बचाने मिट्टी के पात्र लगाए जा रहे हैं। जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए पक्षियों व पशुओं को बचाना आवश्यक है, ये अनबोले पक्षी हैं इन्हें भी प्यास लगती है। शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने कहा कि पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना पुण्य का काम है।

इस अवसर पर थाना प्रभारी शरद दुबे मौजूद थे। उन्होंने प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि थाना परिसर में लगाए गए मिट्टी के पात्र में पानी की व्यवस्था उनके द्वारा कराई जाएगी। भाजपा नेता मुन्ना साहू ने भी पक्षियों के लिए दाना -पानी व्यवस्था करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसा अभिनव प्रयास आमजनों को भी करना चाहिए, तब हमारी प्रकृति सुरक्षित रहेगी।

राष्ट्रीय टेनिस वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम हुई रवाना

भाटापारा/नवप्रदेश। 26 वीं मिनी एवं यूथ टेनिसव्हालीबॉल नेशनल चैपियनशिप का आयोजन दिनांक 2 मई 2025 से 4 मई 2025 तक गोपाबंधु स्टेडियम पारादीप (ओड़िसा) में आयोजित हो रही है जिसमें छत्तीसगढ़ की यूथ बालक बालिका की टीम भी भाग ले रही है।

टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव शरद पंसारी ने बताया की छत्तीसगढ़ टीम का चयन विगत दिनों किया गया था जिसमें खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन किया गया है साथ ही टीम रवाना होने के पहले सात दिवसीय फ्री नेशनल कोचिंग कैंप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा के खेल मैदान पर आयोजित किया गया जिसमें खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां एवं तकनीकी रूप से तैयार किया गया।

टीम रवाना होने के पूर्व बलौदाबाजार – भाटापारा जिला के कलेक्टर दीपक सोनी एवं अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजोरा ने अच्छे खेल के प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी है। छत्तीसगढ़ की बालक टीम में अमन यादव, मनीष पाल, उज्जवल सिंह, खुशहाल देवांगन, सुजीत शर्मा एवं सुजल देवांगन है। बालिका टीम में राजकुमारी भारती, तनीषा साहू, गायत्री साहू, नीलम गजेंद्र एवं भूमिका देवांगन टीम में शामिल है टीम के मुख्य कोच सुमन शाहा है ।खिलाड़ियों के चयन पर एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य महेश शर्मा, राजकुमार मल, आलोक गुप्ता, उमेश सिंग ठाकुर, डॉ विकास आडिल, सुनील यदु, अविचल पाण्डेय, महेश्वरी पंसारी, निर्मल जांगढ़े, अनिष बघेल, सनप्रित सिंग, फ़िरोज टंडन, सोनचंद ध्रुव, चित्ररेखा, स्वाति, पंकज साहू प्रदीप कर्ष एवं पालक गण ने हर्ष व्यक्त किया है।

सुशासन तिहार अंतर्गत शासकीय आईटीआई में हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार का आयोजन अंतर्गत शासकीय आईटीआई भाटापारा में 12 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया गया,इस अवसर पर सुशासन तिहार विषय पर निबंध लेखन, पारंपरिक खेल, नाटक, वाद-विवाद एवं अन्य विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य अजय कुमार गढ़ेवाल के मार्गदर्शन एवं ज्ञानचंद वर्मा प्रशिक्षण अधिकारी (वेल्डर) के संयोजन एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में समस्त प्रशिणार्थियों को अवगत कराते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया गया।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कृषि महाविद्यालय का किया निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने छूईखदान स्थित रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में चल रही गतिविधियों और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और कक्षाओं का निरीक्षण कर प्राचार्य से महाविद्यालय में छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी ,महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की संख्या के संबंध में चर्चा की। महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कृषि महाविद्यालय संस्थान द्वारा तैयार किए गए बंगला पान के नर्सरी का भी अवलोकन किया और किस्म एवं उत्पादन संबंधी पहलुओं पर संबंधितों के साथ चर्चा की। कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय के माध्यम से किसानों को दी जा रही सलाह और सेवाओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कृषि महाविद्यालय को बेहतर बनाने और किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन सहित महाविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी मौजदू थे।

फुले फिल्म संघर्ष और समानता का संदेश टैक्स फ्री करे सरकार

खैरागढ़/नवप्रदेश। महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के जीवन और सामाजिक सुधारों पर आधारित फिल्म फुले को सामाजिक कार्यकर्ता विप्लव साहू ने प्रदेश सरकार से टैक्स फ्री करने की मांग की है । साहू ने कहा कि इस फिल्म ने अपनी विषयवस्तु और ऐतिहासिक महत्ता के कारण व्यापक चर्चा बटोरी है। फुले फिल्म, का निर्देशन राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार विजेता अनंत महादेवन ने किया है, जातिगत भेदभाव, महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए फुले दंपति के संघर्ष को दर्शाती है। उन ऐतिहासिक घटनाओं को चित्रित किया गया है, जिन्होंने भारत में सामाजिक सुधार की नींव, लड़कियों के लिए पहली स्कूल, विधवा मुंडन का विरोध, पुनर्विवाह और सत्यशोधक समाज का गठन किया। यह फिल्म शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसे टैक्स-फ्री करके सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि फुले दंपति का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचे ।

नगरी में पत्रकार संघ की हुई बैठक

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ धमतरी जिला अध्यक्ष गोपी किशन कश्यप प्रभारी धमतरी जिला ललित साहू आतिथ्य में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी ईकाई की बैठक 01मई दिन गुरुवार को रेस्ट हाउस नगरी में आवश्यक बैठक रखा गया है जिसमें संघ के द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम करने और संगठन को मजबूती बनाए रखने के साथ साथ पत्रकारों के हित मे विभिन्न बिंदुओं मे विचार विमर्श किया गया । साथ ही श्रमजीवी पत्रकार संघ मे नए सदस्यों ने फार्म भरकर स्दस्यता ग्रहण किया।बैठक में मुख्यरूप से जीवन नाहटा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अशोक संचेती जिला सचिव, रुपेश साहू जिला महासचिव, अभिनव अवस्थी जिला उपाध्यक्ष, राजू पटेल नगरी ब्लाक महासचिव,अंगेश हिरवानी ,रिजवान मेमन ब्लाक उपाध्यक्ष उत्तम साहू ब्लाक कोषाध्यक्ष ,कुलदीप साह,गोलू मंडावी, मिथिलेश पटेल प्रदीप साहू, राजूनाथ जोगी, कुमार नायर,तरुण निषाद, दीपेश निषाद,भूषण मरकाम, देवेंद्र सेन,श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी ईकाई समस्त सदस्य गण उपस्थित थे।

नपा उपाध्यक्ष, पार्षदों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी पार्षद द्वय सीता डोण्डेकर,पियूष साहू, भाजपा नेता हनीष बग्गा एवं पूर्व सरपंच गोविन्द ठाकुर ने संयुक्त रूप से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से भेट कर ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में संयुक्त नाम की जमीन में आपसी सहमती के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। साथ ही परिवार के मुखिया के नाम पर जमीन में उनके वरिसानों को मुखिया की सहमती पर आवास दिया जाना चाहिए। बटवारा नामा में समय लगने के कारण ऐसे करीब 30-35 परिवार है जो आवास से वंचित हो जायेंगे। इस पर कलेक्टर लंगेह ने कहा की आवास योजना ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिये जाने का प्रयास कर रहे है।

इन्होंने लंबी सेवा के दौरान निष्ठा और ईमानदारी से दिया अपनी ड्यूटी को अंजाम : एसपी

उपनिरीक्षक मोहित दास और किशन को एसपी ने दी ससम्मान विदाई

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में गुरुवार को एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस विभाग के दो उपनिरीक्षक मोहित दास साहू और किशन सिंह तिलगाम को सेवानिवृत्ति के अवसर पर ससम्मान विदा किया गया। मोहित दास साहू ने एक जुलाई 1982 को पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए और लगातार 42 वर्ष, 10 माह, तक सेवा दी उक्त सेवा कल के दौरान आरक्षक से पदोन्न होकर प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक से सहायक उप. निरीक्षक, सहायक उप. निरीक्षक से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त किए।

किशन सिंह तिलगाम ने 20 दिसंबर 1983 में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर आरक्षक से प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक, सहायक उप. निरीक्षक से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्न हुए, और कुल 41 वर्ष, 4 माह, 11 दिन तक पुलिस विभाग में कार्यरत रहे। अपने लंबे सेवाकाल में दोनों अधिकारियों ने पुलिस विभाग में विभिन्न जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया। वे हमेशा VIP ड्यूटी, लाइन ऑर्डर ड्यूटी, कानून व्यवस्था संबंधी ड्यूटी तथा अन्य विशेष जिम्मेदारियों में सक्रिय और भरोसेमंद भूमिका में रहे। उनका अनुशासन, सजगता और कार्य के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, मोहित साहू और किशन तिलगाम दोनों ने पुलिस विभाग में लंबी और उत्कृष्ट सेवा दी है। उन्होंने हमेशा ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और साहस का परिचय दिया। उनके योगदान को विभाग हमेशा याद रखेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल ने कहा, इन दोनों अधिकारियों ने अपने सेवाकाल में जो अनुशासन, धैर्य और कार्यकुशलता दिखाई, वह नई पीढ़ी के पुलिसकर्मियों के लिए एक मिसाल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, कर्तव्य के प्रति जो समर्पण इन अधिकारियों ने दिखाया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। यह केवल विदाई नहीं, बल्कि उनकी सेवा यात्रा का सम्मान है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के द्वारा दोनों अधिकारियों को श्रीफल, साल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर ससम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर में उप. पुलिस अधीक्षक अंजू कुमारी, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिहं, एवं अन्य कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दोनों अधिकारियों के योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मजदूर दिवस पर हिंदू संगठन परमार्थ सेवा समिति ने की मुक्तिधाम की साफ-सफाई

नगरी/नवप्रदेश। मजदूर दिवस के अवसर पर हिंदू संगठन परमार्थ सेवा समिति नगरी द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए नगर पंचायत नगरी के मुक्तिधाम परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की।इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, ललित शर्मा, चमन साहू, बिल्लू निर्मलकर, रूपेंद्र साहू, देवेन्द्र परिहार, राज कुमार, गुलाब देवांगन, दयाशंकर साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते हुए मुक्तिधाम की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया। संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। मजदूर दिवस जैसे विशेष अवसर पर यह पहल समाज में श्रम की गरिमा और सेवा भाव को दर्शाती है।

राजनांदगांव में 4 मई को होगी राज्यस्तरीय अक्षांश स्विमिंग प्रतियोगिता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अक्षांश स्विमिंग पूल्स द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आकांक्षा स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 4 मई को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता लगातार तीसरे वर्ष आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति के शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के धमतरी, कांकेर, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बालोद, कवर्धा व खैरागढ़ जिलों से प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, तथा विजेता खिलाड़ियों को मेडल और स्मृति चिन्ह भेंट किए जाएंगे। आयोजन में भाग लेने के लिए मात्र 100 का प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है।

सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने ली समीक्षा बैठक

गौ संरक्षण एवं जागरूकता के लिए सक्रिय हुआ गौ सेवा आयोग

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने गौ ग्राम जनजागरण यात्रा के तहत जिले के गौशालाओं का निरीक्षण कर गौ संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रविराज साहू, गौ सेवा आयोग के पंजीयक समीर शर्मा, डी.एस.पी. सुश्री प्रतिभा चंद्रा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. अंजना नायडू, पशुधन विकास विभाग के अधिकारीगण, गौशाला संचालक, समाजसेवी संस्थान एवं गौ सेवक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पटेल ने गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषिक महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होने कहा कि गायों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थलों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए एवं प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वंयसेवी संगठनों से अपील की है कि वे गांव-गांव जाकर गायों की उपयोगिता के प्रति जनजागृति फैलाएं। गौ-तस्करी की रोकथाम को लेकर उन्होने पुलिस विभाग को निर्देश दिए है कि इस पर कड़ी निगरानी रखे एवं त्वरित कार्यवाही करें। साथ ही गौ सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। अध्यक्ष श्री पटेल ने वर्तमान 'गौ ग्राम जन जागरण यात्रा' के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह राज्यव्यापी जागरूकता यात्रा 20 मई तक संचालित की जाएगी। जिसका मुख्य उद्देश्य गायों का संरक्षण, संवर्धन गौ उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं हर घर गौ पालन के प्रति जनमानस में सकारात्मक चेतना का संचार करना है। उन्होंने यह भी कहा कि देशी गार कृषि के क्षेत्र में उपयोगी होने के साथ-साथ गोबर और गौ-मूत्र से जैविक कीटनाशकों एवं अन्य लाभकारी उत्पादों के निर्माण में सहायक है जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

खेत में घुसे गौवंश पर टंगिया से घातक वार

खैरागढ़/नवप्रदेश।। शहर के टिकरापारा मे एक खेत में घुसे मवेशी पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा टंगिया से घातक वार किए जाने से नंदी घायल हो गया है। जानकारी के बाद श्रीराम गौसेवा समिति के सदस्यों ने मौके पर पहुँचकर नंदी का इलाज शुरू कराया । बताया गया कि टिकरापारा मे खेत मे घुसे नंदी पर टंगिया से घातक वार किया गया है । नंदी के शरीर मे जगह जगह टंगिया से वार के निशान है कई वार काफी गंभीर तरीके से किए गए है ।

सहायक संचालकों के प्रमोशन पर डीईओ ने दी बधाई

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक बी. आर.पटेल एवं के.के. गुप्ता का प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित सहायक संचालक राकेश शर्मा,के.एस. मरावी, जिला समन्वयक मनी लाल ब्राह्मणी सहित एपीसी मनहरण साहू,अरुण वर्मा, जहीर अब्बास, खेलावन वर्मा, सहायक क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, संतोष चौहान, रमेश साव,तेज कुर्रे, नवीन वर्मा, मनोरमा धनगर, दुलेश ध्रुव, सूरज कसार,मिनी पटेल,भरत यादव, रवि प्रजापति सहित कार्यालय के कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।

मीराबाई चौक पुर्नस्थापना आंदोलन में भूपेश बघेल भी होंगे शामिल

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर मे लगातार विवादो मे घिरी मीराबाई चौक के पुनस्थापना के लिए जारी कांग्रेस के आंदोलन मे अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी शामिल करने कांग्रेसियों ने उनके अवेली प्रवास पर चर्चा की । मजदूर दिवस पर आयोजित बोरे बासी तिहार कार्यक्रम मे पहुँचे पूर्व सीएम बघेल का विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई मे सलोनी मे भव्य स्वागत किया । अवेली में आयोजित 'बोरे-बासी महोत्सव' एवं विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन में शामिल होने के बाद मनराखन देवांगन सहित कांग्रेसियों ने बघेल को मीराबाई चौक मे हूई तोडफ़ोड़ के मूददे की विस्तृत जानकारी देते इससे संबंधित दस्तावेज दिखाए और प्रतिया सौंपी । देवांगन ने भविष्य मे मीराबाई चौक के पुनस्थापना के लिए होने वाले आंदोलन मे शामिल होने बघेल को आमंत्रित किया। पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि मीराबाई चौक आंदोलन मे वे खुद शामिल होंगे। इस दौरान पालिका के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, डॉ. अरूण भारद्वाज, भरत चंद्राकर, रविंद्र सिंह गहेरवार, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी ,शेखरदास , राहुल बंजारे, हिमांचल सिंह, भुखन बंजारे, कमलेश यादव, गेंदलाल कुरे, सन्तोष वर्मा,उमेश कोडले, नागेश्वर शाहू, कौशल शाहू, मोहित शाहू, टोमेन्द्र, परस राम, देवेंद्र शाहू, सन्दीप सिरमौर, कोमल वर्मा, दिनेश वर्मा, देवेंद्र तोड़े, हरजीत सिंह, गोलुपाल, सूरज देवांगन, यतेंद्रजीत सिंह समेत कार्यकर्ता शामिल रहे।

मनोनीत | **पटेल समाज में हर्ष की लहर, लगा बधाइयों का तांता**

श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव बने राजू पटेल पटेल

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी ब्लाक के महासचिव राजू पटेल मनोनीत हुए पूर्व में राजू पटेल छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के सचिव पद में रह चुके थे, प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू पटेल छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज के मिडिया प्रभारी है और साथ ही नगरी सिहावा क्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद पर है, साथ ही ग्रामीण सांकरा क्षेत्र के उपाध्यक्ष है। अब वर्तमान 2025 छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का गठन किया गया जिसमें नगरी ब्लाक के महासचिव बनाये जाने पर कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश संयोजक राजेन्द्र नायक, संरक्षक अमर सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारिणी अध्यक्ष तेजराम पटेल, धमतरी जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, पटेल समाज सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, सचिव डिलेश्वर पटेल,कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, उपाध्यक्ष रमेश पटेल, डामेश्वर पटेल, सहसचिव राकेश कुमार पटेल, संगठन मंत्री बेदन पटेल, नरेश कौशल, सलाहकार बृजलाल पटेल, प्रवक्ता मनोहर पटेल, पटेल समाज ग्रामीण अध्यक्ष सांकरा प्रेम लाल पटेल, पटेल,सहित भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, धमतरी जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व जिला महामंत्री भाजपा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नगरी, भरत निर्मल कर विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत नगरी, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नंद यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मिडिया जगत से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जीवन नाहटा, धमतरी जिला अध्यक्ष गोपी किशन कश्यप, उपाध्यक्ष अभिनव अवस्थी, जिला सचिव अशोक संचेती, नगरी बलाक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, कुलदीप साहू, जितेन्द्र (गोलू) मंडावी, सहित सभी पत्रकार साथी, शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया।

नरेन्द्र सोनी ने संगीत विवि की कक्षाओं में सीटों की बढ़ोत्तरी की मांग की

खैरागढ़/नवप्रदेश। भाजपा नेता नरेन्द्र सोनी ने संगीत विवि कुलपति डाक्टर लवली शर्मा से मुलाकात कर संगीत विवि में संचालित विभिन्न विधाओं की कक्षाओं में सीटो की बढ़ोत्तरी किए जाने की मांग की है। सोनी ने कुलपति से चर्चा मे कहा कि जिले के पांडादाह स्थित राजगामी संपदा न्यासिक न्यास की भूमि का अधिग्रहण इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के लिए अति आवश्यक है राजगामी न्यास की भूमि का अधिग्रहण इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाम पर संगीत विवि के संसाधनों में बढोत्तरी हो सकेगी और जिले वासियो के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ जाएंगे। संगीत विवि को संगीत कला, फाइन आर्ट थियेटर चित्रकला से संबंधित केन्द्रीय विवि का दर्जा दिए के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत बताते सोनी ने कहा कि यहां छात्र-छात्राओं को समस्त संसाधनों के साथ बेहद अनुकूल वातावरण में ललित कला का अध्ययन कर सकेगें।

बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था से जाम में जूझ रहे लोग

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। नगर वासियों के लिए सड़क जाम एक प्रमुख ज्वलंत समस्या बनी हुई है। आम से लेकर खास तक इससे परेशान रहते हैं। लचर यातायात व्यवस्था, सिकुड़ती सड़कें एवं वाहनों के बढ़ते बोझ के आगे यहां ट्रैफिक व्यवस्था आए दिन लड़खड़ाती नजर आ रही है। यही कारण है कि एंबुलेंस से लेकर आम तक की गाड़ी को यहां अक्सर दो-चार होना पड़ता है। जाम की समस्या ज्यादातर सुबह 9 बजे से 11 बजे और दोपहर 3 से 5 बजे तक ज्यादा परेशानी होती है। नगर के मुख्य चौक और मुख्य बाजार रोड में जाम की समस्या बनी रहती है।

सड़कों से अतिक्रमण हटना एवं फिर लगना यहां के लिए आम बात है। प्रशासनिक तंत्र भी इस पर ठोस निर्णय नहीं ले पा रहा है। जिसके कारण जनमानस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नगर में न ट्रैफिक लाइट है और न ही यातायात संकेतक है। नगर में लोगों द्वारा मांग किया जा रहा है कि मुख्य चौक में ट्रैफिक पुलिस और ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

भटगांव को मिला एसडीएम का लिंक कोर्ट, सुशासन तिहार में नागरिकों की मांग हुई पूरी

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजन की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने भटगांव में एसडीएम लिंक कोर्ट की स्थापना का आदेश जारी किया है। यह व्यवस्था तहसील भटगांव और सरसींवां के नागरिकों को राजस्व और दाण्डिक प्रकरणों में त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब प्रत्येक गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ का न्यायालय तहसील कार्यालय भटगांव में अस्थाई रूप से संचालित होगा। यह लिंक कोर्ट आगामी आदेश तक जारी रहेगा। इस लिंक कोर्ट में राजस्व मामलों की सुनवाई के साथ-साथ सभी प्रकार के न्यायिक प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि यदि आवश्यक हुआ, तो इसकी समीक्षा कर भविष्य में संशोधन भी किया जा सकता है। नागरिकों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है ।

भारत स्कॉउट्स एवं गॉइड्स ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निकाली रैली

- **जल संरक्षण जरूरी नहीं तो अगला विश्व युद्ध जल के लिए होगा : रिखीराम यादव**

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 75 वे स्थापना दिवस (हीरक जयंती) के अवसर पर शुक्रवार को नगर में जागरूकता सायकल रैली निकाली। रैली के माध्यम से नागरिकों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसका आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला सचिव रोमनलाल साहू, डीओसी (स्काउट) आशीष साहू तथा डीओसी (गाइड) सीमा साहू के मार्गदर्शन में किया गया। रैली को गरियाबंद डीएसपी निशा सिन्हा एवं उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो छिंद तालाब, गौरव पथ, भूतेश्वर महादेव मार्ग होते हुए तिरंगा चौक से होकर सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में संपन्न हुई। करीब 5 किलोमीटर लंबी इस रैली में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने बैनर, पोस्टर व नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को जल एवं पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव थे। अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी त्रक्षा ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि जिला स्काउट गाइड संघ उपाध्यक्ष श्रीमति मिलेश्वरी साहू व प्रीतम सिन्हा, सेजेस प्रबंधन समिति अध्यक्ष केसर निर्मलकर, सेजेस प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध, जिला खेल अधिकारी यूके नेताम, नपा सभापति सुरेन्द्र सोंनटेके, सूरज सिन्हा उपस्थित थे।

आम तोड़ने चढ़ा पेड़ पर, बोर के करंट से हो गई मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। बोरबेल के विद्युत तार की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पौंसरा निवासी संदीप साहू (19) पौंसरा -बरपेलाडीह मार्ग स्थित तालाबनुमा डबरा में नहाने गया था। तालाब किनारे पेड़ से आम तोड़ने पेड़ पर चढ़ गया । इस दौरान वह बोरवेल के तार की करंट की चपेट में आ गया जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। साथ में गए युवक ने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी।

समर क्लॉस का शुभारंभ 5 से

नगरी/नवप्रदेश। साहू सदन नगरी में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के तत्वाधान में समर क्लास का शुभारंभ 5/05/2025 से हो रहा है। जिसमें कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित है। विषय विशेषज्ञों द्वारा समर क्लास लिया जाना है ।समय प्रातः 8:00 बजे से 10:00 तक .स्पोकन इंग्लिश .मेडिटेशन/ मोटिवेशनल क्लास जीवन विद्या/ साहित्यिक गतिविधिअंकों का जादू /चित्रकला की बारीकियां एस्ट्रोलॉजी /वास्तु शास्त्र संगीत कला से संबंधित क्लास लगेगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित होकर लाभ उठा सकते हैं जिसमे आयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी ।समय प्रातः 8:00 से 10:00 तक रहेगा। संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी किया जाना है

स्वास्थ्य भवन का घेराव, तूता धरना स्थल में 6 हजार से ज्यादा एनएचएम कर्मी हुए शामिल

- **भारी आंधी तूफान में भी डटे रहे कर्मी**
- **एनएचएम कर्मियों का स्वास्थ्य सचिव एवं मिशन संचालक सह आयुक्त से मुलाकात**
- **एक माह में निराकरण का दिया आश्वासन**

गरियाबंदः/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मियों का स्वास्थ्य भवन घेराव को देखते हुए विभाग के उच्चाधिकारियों ने संघ के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात किया। समय पर एनएचएम कर्मियों के मांगो को पूरा करने का दिया भरोसा। मिशन संचालक ने 1 माह में निराकरण करने का दिया आश्वासन।

छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर में ग्रेड पे, नियमितीकरण, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, सी आर व्यवस्था में सुधार, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य मांग को लेकर एकदिवसीय स्वास्थ्य भवन घेराव का कार्यक्रम आयोजित था।

उक्त आयोजन को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव द्वारा मांगों के संबंध में चर्चा हेतु संघ के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया संघ के प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से विभिन्न मांगों के संबंध में सार्थक चर्चा हुई और समय सीमा में पूरा करने का आश्वासन दिया।

तत्पश्चात मिशन संचालक सह आयुक्त डॉ. प्रियंका शुक्ला जी से मांगों के संबंध में संघ के प्रतिनिधिमंडल का मुलाकात किया गया गया। मिशन संचालक सहआयुक्त मैडम ने स्वास्थ्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया हैं कि एनएचएम कर्मचारियों के मांगो को एक महीने में अतिशीघ्र पूरा किया जायेगा। एनएचएम कर्मचारियों को अब कोई भी समस्या नहीं होंगी तथा आने वाले समय में एनएचएम कर्मचारियों के लिए अच्छी पॉलिसी लाने की बात हुई।

चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रतिनिधि भी उपस्थिति थे। एनएमएच कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, कौशलेश तिवारी, जिला अध्यक्ष गरियाबंद अमृत राव भोंसले ने कहा कि संघ 20 वर्षो से मांग करता आ रहा है, लेकिन आज पर्यंत तक इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। जबकि मणिपुर, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु में नियमितीकरण एवं मेडिकल अवकाश जैसे कई महत्वपूर्ण सुविधा दी जा रही है। संघ की ओर से प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी, कौशलेश तिवारी, अमृत राव भोंसले, डॉ. रविशंकर दीक्षित, हेमंत सिन्हा,श्याम मोहन दुबे, पूरन दास, संतोष चंदेल, डॉ. अलोक दुबे, संगीता ब्रम्हनोटिया इत्यादि उपस्थित थे।

आरक्षित सीट को दूसरे वर्ग में बदलने का सतनामी समाज ने जताया विरोध

- **सरायपाली जनपद के लिए आरक्षित अनुसूचित जाति को बदल कर अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त कर दिया**

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के समन्वयक पद पर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट को दूसरे वर्ग में बदलने पर सर्व अनुसूचित जाति समाज के सलाहकार दिनेश बंजारे व जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल ने गुरुवार को जिला पंचायत सीईओ एस आलोक से मिलकर आपत्ति जताते हुए भर्ती प्रक्रिया निरस्त कर अजा वर्ग का अभ्यर्थी नियुक्त करने की मांग की।

दिनेश बंजारे ने बताया कि पीएम आवास योजना ग्रामीण विकास भवन प्रथम तल सेक्टर 19 नार्थ ब्लॉक छग अटल नगर रायपुर के पत्र 1127, 3 सितंबर 2024 के अनुसार संविदा की विभिन्न रिक्त पदों पर आरक्षण रोस्टर अनुसार सूची जारी कर भर्ती करने 18 सितंबर 2024 तक आवेदन मंगाने विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें ब्लॉक समन्वयक पद महासमुंद जिला के बसना जनपद के लिए अनारक्षित व सरायपाली जनपद के लिए अनुसूचित जाति मुक्त आरक्षित थी। बसना जनपद के 1 पद अनारक्षित को यथावत रखा गया, लेकिन सरायपाली जनपद के लिए आरक्षित अनुसूचित जाति को बदल कर अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त कर दिया गया। यदि राज्य कार्यालय के जारी विज्ञापन में रोस्टर नियम का पालन नहीं किया गया था तो बसना जनपद का क्यों नहीं बदला गया?

उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के पांच जनपद में से एक अनुसूचित जाति के लिए पूर्व में कार्यरत थे, लेकिन जिला पंचायत ने गलत रोस्टर अपनाकर पूरे जिला के पांच जनपद में अनुसूचित जाति विहीन कर दिया है। इससे अनुसूचित जाति वर्ग के साथ घोर अन्याय है। अभी कार्यरत तीन ब्लॉक में भी अजा वर्ग की जनपद समन्वय नहीं है। इसे लेकर उन्होंने सीईओ एस आलोक को आपत्ति के लिए आवेदन सौंपा।

तोयनार के पूर्व सरपंच विजयपाल शाह 7 महीने 12 दिन जेल में रहने के बाद बरी

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के तोयनार ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच और कांग्रेसी कार्यकर्ता विजयपाल शाह हाल ही में जेल से रिहा हुए हैं। उन्हें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था और वे 7 महीने 12 दिन जेल में रहे। न्यायालय द्वारा सभी आरोपों से बरी किए जाने के बाद वे चार दिन पहले अपने घर लौटे। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की है। उन्होंने विजयपाल शाह से अपनी दो दिन पहले तोयनार में एक शादी समारोह में मुलाकात का जिक्र किया।

विधायक विक्रम मंडावी ने उठाए सवाल

विक्रम मंडावी ने सवाल उठाया कि क्या विजयपाल शाह के जेल में बिताए 7 महीने 12 दिन वापस लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शाह ने उस अपराध की सजा काटी है जो उन्होंने किया ही नहीं था। श्री मंडावी ने आगे कहा कि यह मामला सिर्फ विजयपाल शाह तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे कई और लोग भी जेलों में बंद हैं जो कथित तौर पर भाजपा सरकार की गलत नीतियों का शिकार हो रहे हैं। विजयपाल शाह की गिरफ्तारी और फिर बरी होने की इस घटना ने क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता इस मामले को लेकर सरकार पर निशाना साध रहे हैं, जबकि इस पर भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी तक सामने नहीं आई है।

5वीं, 8वीं परीक्षा का परिणाम घोषित, 87.7% विद्यार्थी सफल

महासमुंद/नवप्रदेश। केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली अंतर्गत 14 साल बाद इस साल से कक्षा 5वीं और 8 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया गया। 30 अप्रैल को बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें 34 हजार 861 परीक्षार्थियों में 30 हजार 581 (87.7 प्रतिशत) ने सफलता हासिल की, शेष 4280 को पूरक की पात्रता मिली है जो जून में आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा में एक बार फिर परीक्षा देंगे। बता दें कि 2010-2011 के बाद से ही पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा बंद थी। तब से लेकर गत शिक्षण सत्र तक स्थानीय परीक्षा अंतर्गत बच्चों को फेल नहीं किया जा रहा था। पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं इससे पूर्व जिला स्तर पर ही घरेलू स्तर पर ली जाती थी और इसके प्रश्नपत्र स्कूल स्तर पर ही तैयार होते थे। इस वर्ष से स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं को फिर से बोर्ड पैटर्न पर लेने का निर्णय लेते हुए परीक्षा 17 मार्च से 3 अप्रैल के बीच आयोजित कराई। जिले के 1429 परीक्षा केन्द्रों में पांचवीं की परीक्षा हुई। 5 वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में कुल 17180 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था । जिसमें से 17103 ने ही परीक्षा में भाग लिया। इसी तरह आठवीं की परीक्षा जिले के 589 केन्द्रों में सम्पन्न हुई । परीक्षा में भाग लेने के लिए जिले के 17891 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, पर 17758 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए ।

5 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 92.65 प्रतिशत

ब्लॉक स्तर पर बुधवार को एक साथ परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें 5 वीं की परीक्षा में हिस्सा लेने वाले कुल 17103 में से 15846 (92.65 प्रतिशत) ने सफलता हासिल की। जिसमें 13907 ने प्रथम श्रेणी, 1836 ने द्वितीय , 103 ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की ,शेष 1257 पूरक रहे।

आठवीं में 77.3 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

कक्षा आठवीं में कुल 17758 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में हिस्सा लिया जिसमें 77.3 प्रतिशत यानि 11394 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की । इसी प्रकार 3044 ने द्वितीय श्रेणी में व 297 ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की शेष 3023 की पूरक आई।

पटवारी ने 5 सौ रुपए की रिश्वत लेने का वीडियो डिलीट करने बनाया दबाव

- **नहीं किया तो 5 के खिलाफ झूठे मामले में लिखाई एफआईआर**
- **ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा वीडियो, जांच के दिए निर्देश**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पिथौरा ब्लॉक के 50 से ज्यादा ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर से मिलकर के पंड्रीपानी के पटवारी विजय प्रभाकर के द्वारा एक वर्ष पूर्व खसरा, बी वन देने के एवज में 5 सौ रुपये का रिश्वत लेने का वीडियो कलेक्टर को सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप वीडियो डिलीट नहीं किया तो 5 लोगों के खिलाफ झूठे एफआईआर दर्ज कराया गया है।

कलेक्टर विनय कुमार लहंगे को ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि पंड्रीपानी हल्का नं 50 के पटवारी विजय प्रभाकर खसरा, बी वन निकालने के नाम पर 500 रुपये की मांग कर रहे है और उनके हाथ में 500 का नोट दिख रहा है। साथ ही विनय पटेल के द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की शिकायत भी ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। इस पूरे मामले में ग्रामीण जहां निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग कर रहे है। ग्रामीण मोती राम साव, राजेश साहू ने बताया कि पेंड्रावन के पटवारी विनय पटेल पटवारी संघ के अध्यक्ष है और रिश्वत लेने के वीडियो को डिलीट करने का दबाव बना रहे है। इसके कारण 28 अप्रैल को पटवारी ने उसको बंधक बनाकर मारपीट करना, मोबाइल फोन तोड़ने और शासकीय कार्य में वाधा पहुंचाने के अलावा शासकीय दस्तावेज फाड़ने का 5 लोगों पर झूठा एफआईआर दर्ज कराया है। ग्रामीणों का कहना है पटवारी अपने हल्का में आते नही है, राजस्व के मामले को समय पर नही निपटाते। जिसकी शिकायत कलेक्टर से पहले भी कर चुके हैं। वहीं इस मामले में कलेक्टर विनय कुमार लहंगे का कहना है ग्रामीणों की शिकायत मिली है। उनका कहना है पटवारी के साथ मारपीट मामले में झूठी एफआईआर दर्ज कराई गई है। अगर ऐसा है तो इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। वीडियो को संबंधित एसडीएम को भेजकर इसकी जांच कराएंगे।

आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ पार्षद ने मनाया जन्मदिन, कूलर भेंट

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा वार्ड 25 के पार्षद भाऊराम साहू ने अपना जन्मदिन आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने वार्ड के मंदिर में पूजा-अर्चना कर दिन की शुरूआत की। पश्चात उन्होंने क्षेत्र के बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों को फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का उद्देश्य केवल जनसेवा है। जन्मदिन जैसे अवसर पर लोगों की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इसके अलावा साहू ने वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आंगनवाड़ी में उन्होंने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। बच्चों को गर्मी से राहत दिलाने आंगनबाड़ी केंद्र को कूलर भेंट की। साहू ने बच्चों के साथ केक काटकर फल व चॉकलेट का वितरण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी, भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।

विडंबना... गांव का नाम एक जैसा होने की वजह से किसानों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

रेल लाइन परियोजना के चलते जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले से होकर गुजरने वाली रेल लाइन परियोजना के चलते जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रशासनिक रोक लगी है। इससे स्थानीय किसान गंभीर आर्थिक संकट में पड़ गए हैं। राजस्व विभाग द्वारा बलौदाबाजार जिले में प्रस्तावित रेल लाइन के मार्ग में आने वाले ग्रामों की भूमि रजिस्ट्री पर अस्थायी रोक लगाई गई है। परंतु खपरी नाम के एक जैसे कई गांवों होने के कारण यह रोक उन गांवों पर भी लागू हो गई है, जो इस रेल लाइन से प्रभावित ही नहीं हैं।

स्थानीय किसानों को झेलना पड़ रहा आर्थिक संकट

पलारी तहसील के खपरी (भवानीपुर) निवासी किसान गोपीचंद निषाद ने बताया कि, उनकी भतीजी की शादी तय हो चुकी है, और खर्च के लिए उन्हें अपनी कुछ जमीन बेचनी थी। लेकिन रजिस्ट्री कार्यालय में यह कहकर मना कर दिया गया कि खपरी गांव रेल परियोजना के अंतर्गत आता है। जबकि वास्तविकता यह है कि जिस खपरी गांव से रेल लाइन गुजर रही है, वह यहां से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है। इस नाम समानता के चलते जिला प्रशासन द्वारा सभी खपरी गांवों पर रजिस्ट्री प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इससे दर्जनों किसान परेशान हो रहे हैं।

ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित खपरी गांवों की स्पष्ट पहचान कर गैर-प्रभावित गांवों से रजिस्ट्री पर लगी रोक तत्काल हटाई जाए। यदि समय रहते यह समस्या हल नहीं की गई तो किसानों को खेती, पारिवारिक जिम्मेदारियों और जीवन-निर्वाह में गहरी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

वाहन चालकों से अवैध वसूली : टीआई ने आरक्षक को करवाया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र में एक आरक्षक को गिरफ्तार किया गया है। जो वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहा था, पुलिस की जांच के बाद पता चला कि आरक्षक रजनीश लहरें बिलासपुर पुलिस लाइन में पदस्थ है। इस दौरान उसकी ड्यूटी बिलासपुर के अस्पताल में लगाई गई थी। उसकी ड्यूटी एक बंदी की सुरक्षा में लगाई गई थी। बता दें की आरक्षक की लापरवाही से बंदी अस्पताल से फरार हो गया, इसके बाद फरार बंदी की तलाश में आरक्षक रजनीश लहरे सक्ती जिले के हसौद क्षेत्र तक जा पहुंचा। मगर यहां फरार आरोपी की तलाश करने के बजाय आरक्षक यहां अवैध वसूली करने लगा। उसने डभरा चंद्रपुर मार्ग में वाहनों को रुकवाना शुरू कर दिया, फिर डभरा टीआई बनकर वाहन चालकों से वसूली करने लगा। जब गश्त में निकले डभरा टीआई ने देखा की वाहनों की लंबी कतारें जमा हो गई हैं, तब पता चला की एक बोलेरो वाहन में तीन लोग बैठे हुए थे। जिसमें से आरक्षक रजनीश लहरें खुद को डभरा टीआई बता रहा था। , और वाहन चालकों से गाड़ी के कागजात मांग रहा था। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई की और मौके से आरक्षक रजनीश लहरे और उसके दोस्त विक्की उर्फ छोटू दास को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है की एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया है। आरक्षक और उनके साथी के कब्जे से अवैध वसूली में प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी जब्त किया गया है।

न्यूज गैलरी

पहलगाम के मृतकों हेतु प्रार्थना सभा व शांति भोज 5 को

रायपुर/ नवप्रदेश। विगत दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों की आत्मा की शांति तथा श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए तिरंगा वंदन मंच द्वारा सोमवार पांच मई को शाम छह बजे से कालीबाड़ी चौक में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शांति पाठ तथा शांति भोज भी कराया जाएगा। इस अवसर पर आतंकी हमलों में दिवंगत हुए नागरिकों की तस्वीर पर लोग पुष्पांजलि भी अर्पित कर सकेंगे। तिरंगा वंदन मंच से मुकेश शाह,विजय भट्टाचार्य,संजय नायक, सुरिंदर सिंह,अनिल केवलानी,अनिकेत वोहरा, राजीव जैन ने शहर वासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करने की अपील की है।*

श्याम सत्संग मंडल महिला समिति द्वारा नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

रायपुर/ नवप्रदेश। श्याम सत्संग मंडल महिला समिति द्वारा आज चौबे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में गरीब झुग्गीझ्बस्ती निवासियों के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष संगीता सरावगी एवं सचिव राजश्री अग्रवाल ने बताया कि केंद्र का उद्घाटन रायपुर महापौर मीनल चौबे द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद आनंद अग्रवाल के आतिथ्य,विशिष्ट अतिथि कविता राठी एवं समाजसेवी अनिता खंडेलवाल,बिंदिया अग्रवाल,एकता मित्तल,रेशम अग्रवाल की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरुवात 2 ट्रेनर द्वारा की गई जो हमेशा प्रशिक्षण लेने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

चेंबर भवन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं व्यापारिक संघों का परिचय सम्मेलन

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् उपस्थित पदाधिकारियों ने अपना परिचय दिया।चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने समस्त पदाधिकारियों का बड़े ही गर्मजोशी से पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया । भसीन ने चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया का परिचय देते हुए नवीन जिला उपाध्यक्षों एवं जिला मंत्रियों का परिचय कराया एवं विकसित व्यापार का आधार-चेम्बर परिवार के नारे दिये।चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे कार्यकाल में कोई भी पदाधिकारी छोटा या बड़ा नहीं है। व्यापारिक हित में हब सब मिलजुलकर कार्य करेंगे। जो भी चेम्बर का लक्ष्य होगा उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे। शाम 4 बजे से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ चेम्बर से संबद्ध व्यापारिक संगठनों का परिचय सम्मेलन संपन्न हुआ। चेम्बर पदाधिकारियों ने व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया।चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि यह परिचय सम्मेलन व्यापारिक संगठनों को आपस में जोड़ने और उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। सम्मेलन में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और उन्होंने अपने व्यवसाय, उत्पादों और सेवाओं का परिचय दिया। साथ ही व्यापारिक संगठनों के बीच नेटवर्क बनाने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए चर्चा हुई।

पुलिस विभाग की लापरवाही उजागर

निरीक्षकों की डीपीसी की प्रक्रिया दो साल से अधर में

- 1998-99-2000 बैच के निरीक्षकों को निरीक्षक बने लगभग 18 साल हो गए हैं

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में बड़ी लापरवाही सामने आई है। पुलिस निरीक्षकों की पदोन्नति की विभागीय प्रक्रिया दो साल से अधर में है। इस मामले को पूरी तरह से ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। गौरतलब है कि मई 2024 में शुरू हुई डीपीसी की प्रक्रिया साल भर होने को आया, पूरी नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि, इस डीपीसी के जरिए 1998-99--2000 बैच के निरीक्षकों की पदोन्नति होनी है। विभाग में इनकी सेवा को 26- 27 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन इन्हें अब तक केवल एक बार ही पदोन्नति का लाभ मिल पाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 1998-99-2000 बैच के निरीक्षकों को निरीक्षक बने लगभग 18 साल हो गए। इनकी सेवा अवधि भी 26- 27 साल की हो गई है, लेकिन इन्हें इस सेवा अवधि के दौरान मात्र एक पदोन्नति मिली है।

सूत्रों के मुताबिक, शासन द्वारा 38 पद सांख्येतर स्वीकृत बजट में भी किया गया है, परन्तु संबंधित विभाग और संबंधित मंत्रालय की उदासीनता की वजह से अभी तक निरीक्षकों की डीपीसी नहीं हो पाई है। हालांकि पीएससी की ओर से दो बार डीपीसी की डेट तय कर दी गई थीं। लेकिन इसी बीच कमेटी के दो सदस्य सेवानिवृत्त हो गए। अब विभाग उनकी जगह नए सदस्य तय नहीं कर पा रहा है। डीपीसी में विलंब होने का कारण सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पाने को ही माना जा रहा है।

हाईकोर्ट का है निर्देश, हर वर्ष हो पदोन्नति

गौरतलब है कि, वर्ष 2024 में पद रिक्त होने के बाद भी निरीक्षक से डीएसपी पद पर पदोन्नति नहीं हो सकी है। जबकि हाइकोर्ट के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष पदोन्नति किया जाना अनिवार्य है। पिछली बार पदोन्नति 2023 में हुई थी। इस प्रक्रिया को पूरी हुए दो साल बीत गए हैं। पता चला है कि, पिछले वर्ष मई में ही निरीक्षकों को पदोन्नति देने के लिए डीपीसी की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन वही प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

मंत्रालयीन अफसरों का रवैया आ रहा आड़े

विभागीय सूत्र निरीक्षकों की डीपीसी में विलंब का कारण मंत्रालय के अधिकारियों के मनमाने रवैए को बता रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ नायब तहसीलदार से तहसीलदार की पदोन्नति की डीपीसी 28 अप्रैल को हो गई है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिली पीएम आवास की पहली किस्त

सीएम साय ने विभिन्न जिलों से वर्चुअली जुड़े हितग्राहियों से बात भी की

- मुख्यमंत्री ने आवास निर्माण के लिए पहली किस्त मिलने पर दी बधाई
- छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केंद्र सरकार ने ऐसे परिवारों के लिए स्वीकृत किए हैं 15 हजार आवास
- कुल दस करोड़ रुपए हितग्राहियों के खातों में अंतरित, प्रथम किस्त के रूप में 2500 परिवारों को जारी किए गए 40-40 हजार रुपए

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 परिवारों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पहली किस्त की राशि अंतरित की। उन्होंने मंत्रालय में वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में आवास निर्माण की पहली किस्त प्रति परिवार 40-40 हजार रुपए के मान से कुल दस करोड़ रुपए हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए। छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केंद्र सरकार द्वारा राज्य के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विभिन्न जिलों से मंत्रालय से वर्चुअली बड़ी संख्या में जुड़े हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन ने केंद्र सरकार से विशेष आग्रह कर आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए जो प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता की शर्तों में नहीं आ पा रहे थे, उनके लिए 15 हजार आवास स्वीकृत कराया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने संवेदनशीलता और गंभीरता से हमारे निवेदन को मंजूरी दी और वंचित परिवारों के लिए भी आवास की व्यवस्था की।

श्री साय ने नक्सल प्रभावित दूरस्थ वनांचलों के लिए स्वीकृत इस विशेष परियोजना के हितग्राहियों की हौसला अफ्जाई करते हुए अच्छा मकान बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार हर तरह की मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने नक्सली हिंसा के शिकार परिवारों से आत्मीयता से बातकर उनका हाल-चाल पूछा। उन्होंने घर-परिवार और उनके व्यवसाय की जानकारी ली। बातचीत के दौरान विभिन्न जिला मुख्यालयों से जुड़े हितग्राहियों ने पक्का आवास मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

विजय शर्मा ने आनलाइन किया हितग्राहियों को संबोधित

उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने भी हितग्राहियों को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। आज 2500 ऐसे परिवारों को जो नक्सलवाद छोड़कर मुख्य धारा में लौट आए हैं या नक्सल हिंसा से पीड़ित हैं, उनके पक्के आवासों के निर्माण के लिए 40-40 हजार रुपए की पहली किस्त जारी की गई है। ये ऐसे परिवार हैं जो प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में नहीं आ पा रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में विभाग ने विशेष प्रयास कर भारत सरकार से ये आवास मंजूर कराए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य में नक्सलवाद को समाप्त करने का अभियान अब अंतिम चरण में है। बस्तर के लोगों के मन से अब आतंक का डर हट जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मुख्य धारा में आएं। बस्तर की शांति और विकास के लिए यह जरूरी है। उन्होंने विशेष परियोजना के तहत हितग्राहियों के चिन्हांकन और इसे अमलीजामा पहनाने के लिए विभागीय अधिकारियों की पीठ थपथपाई और उन्हें धन्यवाद दिया।

योगेश क्षत्री बनाए गए रायपुर सेंट्रल जेल के अधीक्षक

रायपुर /नवप्रदेश। राज्य शासन ने जेल विभाग में फेरबदल करते हुए अधीक्षकों और उप अधीक्षकों का तबादला किया है। जेल विभाग से जारी आदेश के अनुसार रायपुर, अंबिकापुर, राजनांदगांव और जशपुर के जेलों में पदस्थ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इसके साथ ही विभागीय आदेश के द्वारा मोखनाथ प्रधान, उप जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रायपुर को अधीक्षक (चालू प्रभार), जिला जेल जशपुर के पद पर किया गया स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, योगेश सिंह क्षत्री, अधीक्षक, केन्द्रीय जेल अंबिकापुर को तत्काल प्रभाव से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, रायपुर के पद पर पदस्थ करता है।

योगेश सिंह क्षत्री- अधीक्षक, केन्द्रीय जेल अंबिकापुर को तत्काल प्रभाव से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

अमित शांडिल्य- अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रायपुर को तत्काल प्रभाव से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सहायक महानिरीक्षक, मुख्यालय, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, नवा रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है.

अक्षय सिंह राजपूत- अधीक्षक, जिला जेल राजनांदगांव को तत्काल प्रभाव से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक, केन्द्रीय जेल अंबिकापुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

उत्तम कुमार पटेल- उप जेल अधीक्षक, जिला जेल महासमुंद को तत्काल प्रभाव से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक, जिला जेल राजनांदगांव के पद पर पदस्थ किया गया है.

श्याम लाल ठाकुर-उप जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग को तत्काल प्रभाव से, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक, जिला जेल जशपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

अमलेश्वर और आसपास के गांव में तूफान से नुकसान

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। कोपेडीही। सांकरा। तेज धूप के बाद शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज तूफान के अमलेश्वर, कोपेडीही, सांकरा इत्यादि स्थानो में तबाही मचाई।

लगभग 90 से 95 किलोमीटर तेज हवा की गति के कारण कई स्थानों के पेड़ उखाड़े, होर्डिंग उड़े,तथा विद्युत पोल उखड़ चुके हैं कारण कई स्थानों पर अभी भी विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिससे पानी की समस्या भी बनी हुई है।

ग्राम कोपेडीही में विद्युत पोल के साथ-साथ पेड़ गिर गया पेड़ के गिरने से प्रेस कर्मचारी की बाइक चपेट में आ गई। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। तथा विद्युत कनेक्शन अभी तक नहीं आने के कारण पानी की भी समस्या बनी हुई है।सांकरा ग्राम पंचायत में सोलर पैनल से चलने वाली पानी टंकी में पानी नही है क्योंकि सोलर पैनल हवा में उखड़ चुका है जिससे पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है लगभग यहां 200 परिवार निवास कर रहे हैं। इसी प्रकार कई स्थानों में तेज हवा ने नुकसान पहुंचाया है।

कथा स्थल बदला-तेज हवा के कारण आई आंधी से रामकथा का पंडाल उखड़ चुका इसलिए तत्काल प्रभाव से आयोजक ने बाजार चौक में रामकथा के आयोजन को जारी रखा है जिसकी व्यवस्था पूरी कर ली है।

अमलेश्वर के कई स्थानों पर तेज हवा के कारण होर्डिंग उड़ चुके हैं तथा विद्युत आपूर्ति नहीं होने से कई स्थानों में पानी की समस्या है।

निजी मेडिकल कॉलेजों में अप्रवासी भारतीय कोटे की सीटें बेचने का षड्यंत्र

- सत्ता के संरक्षण में पिछले साल भी गड़बड़ियां की गई इस बार भी अपात्र छात्रों के भर्ती की तैयारी

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों में अप्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सक्रिय है। भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार में निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता जो माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा तय किया गया, जिस प्रक्रिया और गाइडलाइन का पालन होना चाहिए, नहीं किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे में भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 13 अक्टूबर 2024 के पत्र क्रमांक थ् 17-37/2024/55 के द्वारा उक्त संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से भी अभिमत भेजा गया था, लेकिन सरकार के संरक्षण में फर्जीवाड़ा बंद नहीं हुआ, इस वर्ष फिर वही खेल चालू है। सरकार की मंशा पात्र अभ्यर्थियों को लाभ देने के बजाय गलत तरीके से मेडिकल की सीट बेचने की है।

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि निजी मेडिकल कॉलेज में अप्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे से प्रवेश के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट तौर पर कहा है कि एनआरआई कोटे के संदर्भ में वंशावली के निकटतम रिश्तेदारों को ही निर्धारित आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए।

समारोह — श्रमिक साथी देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं-बैज

श्रमिक दिवस पर श्रम वीरों का कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया सम्मान

रायपुर/ नवप्रदेश। कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा श्रमिक दिवस पर शहीद स्मारक भवन में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने श्रमिकों का श्रीफल, शॉल व टिफिन बॉक्स भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज शर्मा ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं छाया विधायक रायपुर दक्षिण कन्हैया अग्रवाल ने किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि श्रमिक साथी देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कांग्रेस पार्टी श्रमिकों का कल्याण व सम्मान करती है। गरीब व श्रमिकों के हित में मनरेगा, शिक्षा व भोजन का अधिकार पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदान किया था। कांग्रेस सरकार ने श्रमिकों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की थी। कांग्रेस ने श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया है। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी है। भाजपा सरकार में श्रमिक अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं।

कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा श्रमिक साथियों की मेहनत अनमोल है वह दिन-रात देश व लोगों के लिए पसीना बहाते हैं। श्रमिक साथियों के बिना विकास की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। कांग्रेस श्रमिकों के हितों के लिए हमेशा कार्य करती रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप प्रदेश महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलैन कामदार, सुरेश शुक्ला, शारिक रईस खान, श्रम कल्याण मंडल सदस्य नरेश गड़पाल, युगल पांडे, अब्दुल हैदर, अशरफ हुसैन, अजय अग्रवाल, पार्षद शेख मुशीर, मनीष दयाल, दीपा बग्गा, नवीन चंद्राकर, मो. अरशद, मो. शब्बीर,र ाहुल इंदुरिया, रवीन्द्र शुक्ला, पूनम यादव, इंटक नेता आशीष दुबे, वहीदुद्दीन, सैयद चिराग अली, रेशम अजगले, जिवराखन साहू, राहुल सिंह, गौरव एरी, गम्मन कौशिक, श्रेयांश शुक्ला, मोहम्मद नईम, कमल भोई, मोहम्मद शफीक, कालू, अशफाक, सल्लू, अतायत अली, हेमंत वर्मा सहित भारी संख्या में श्रमिक व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खारुन गंगा महाआरती आंधी-तूफान और बारिश के बीच भी नहीं रुकी श्रद्धा

मोबाइल की रोशनी में हुआ दिव्य आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। 01 मई को शाम को खारुन नदी के तट पर स्थित महादेव घाट में आयोजित खारुन गंगा महाआरती भयंकर आंधी-तूफान और तेज बारिश के बावजूद अत्यंत भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई। बिजली गुल हो जाने के बाद भी भक्तों ने हार नहीं मानी। सभी श्रद्धालुओं ने अपने-अपने मोबाइल की टॉर्च जलाकर घाट को रोशन कर दिया और उसी उजाले में महाआरती का दिव्य आयोजन संपन्न हुआ।

यह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक और भावुक कर देने वाला था – जहाँ एक ओर प्रकृति ने अपनी शक्ति दिखाई, वहीं दूसरी ओर भक्तों की अटूट श्रद्धा और आस्था ने यह साबित कर दिया कि भक्ति किसी बाधा की मोहताज नहीं होती।महादेव घाट जन सेवा समिति ने इस आयोजन में भाग लेने वाले समस्त श्रद्धालुजनों, स्थानीय नागरिकों एवं पूरे छत्तीसगढ़वासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। समिति का कहना है कि महादेव घाट श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, जो सदैव दीपों से जगमगाता रहेगा।

कार्यक्रम के समापन पर भक्तों ने ÷जय खारुन गंगा मैया÷, ÷जय हाटकेश्वर महादेव÷ और ÷जय छत्तीसगढ़ महतारी÷ के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

छत्तीसगढ़ की आस्था और एकता की यह मिसाल आने वाले समय में भी प्रेरणा देती रहेगी।

माँ खारून गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति, रायपुर छत्तीसगढ़।

न्यूज गैलरी

सेल के निदेशक वित्त का डॉ. अशोक कुमार पांडा ने संभाला पदभार

नई दिल्ली(ए.)। डॉ. अशोक कुमार पांडा ने 30 अप्रैल को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) का पदभार संभाल लिया है। डॉ. पांडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरान, डॉ. पांडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने वित्तीय एवं तकनीकी ज्ञान और प्रोएक्टिव अप्रोच के लिए व्यापक रूप से जाने जाने वाले, डॉ. पांडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिंग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन और रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है। अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. पांडा ने सेल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें डिलेवरेजिंग प्रयास, लागत अनुकूलन, रेल मूल्य निर्धारण रणनीति, अचल संपत्ति बिक्री नीति, कर अनुकूलन, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए सेल इकाइयों में ई- इनवॉयसिंग कार्यान्वयन और डिजिटल इनवॉयसिंग शुरू करना प्रमुख रूप से शामिल हैं। अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारियों के अलावा, डॉ. पांडा ने सेल के कई संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में काम किया है, जिससे कंपनी के वित्तीय प्रशासन को और मजबूती मिली है।

वित्त क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के अलावा, उन्होंने खनन, संयंत्र संचालन, परियोजनाओं आदि के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके लिए उन्हें लागत प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए जवाहर पुरस्कार - 2012 जैसे पुरस्कार मिले हैं। वे युवा प्रबंधकों के लिए चेयरमैन ट्रॉफी में उपविजेता भी रहे, जिसने उनके करियर के शुरुआती चरण में उनके नेतृत्व और समस्या समाधान कौशल को उजागर किया। डॉ. पांडा ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, व्यावसायिक बैठकों आदि के लिए व्यापक रूप से यात्रा की है। उन्होंने विदेशी और घरेलू संस्थानों से कई प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

अप्रैल में शेयर बाजार ने दिया 3 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न

मुंबई। वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय शेयर बाजार का अप्रैल में प्रदर्शन शानदार रहा। इस दौरान सेंसेक्स ने 3.65 प्रतिशत और निफ्टी ने 3.46 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीते महीने बैंकिंग इंडेक्स ने शेयर बाजार में तेजी का नेतृत्व किया और निफ्टी बैंक ने 6.83 प्रतिशत का रिटर्न दिया। इसके साथ ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स ने 4 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। अप्रैल में लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप का प्रदर्शन अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 4.75 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने 2.19 प्रतिशत का रिटर्न दिया। बीते महीने निफ्टी में इंडसइंड बैंक (29 प्रतिशत), टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (16.4 प्रतिशत), इटरनल (जोमैटो) (15.3 प्रतिशत), एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस (14.1 प्रतिशत) और टाइटन (10.3 प्रतिशत) की तेजी के साथ सबसे ज्यादा बढ़ाने वाले शेयर थे। वहीं, टाटा स्टील (9.2 प्रतिशत), हिंडाल्को (8.5 प्रतिशत), विप्रो (7.9 प्रतिशत), श्रीराम फाइनेंस (6.8 प्रतिशत) और इन्फोसिस (4.5 प्रतिशत) सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयर थे।

विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग से मिला समर्थन

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अप्रैल में 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। पीएमआई सर्वे में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्षों में सबसे अधिक बढ़ा और इस मांग का नेतृत्व अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका ने किया। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति अप्रैल में सुधरी है और उत्पादन जून 2024 के बाद सबसे तेज गति से बढ़ा है।

शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 58.1 से बढ़कर अप्रैल में 58.2 हो गया। यह दस महीनों में इस क्षेत्र में सबसे मजबूत सुधार दर्शाता है। पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। उत्पादन वृद्धि में नवीनतम सुधार में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक नए व्यवसाय में तेज वृद्धि थी। विनिर्माण क्षेत्र की विस्तार दर को बेहतर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग से समर्थन मिला। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री को अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि से मदद मिली। पीएमआई सर्वे में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से नया कारोबार 14 वर्षों में सबसे

अधिक बढ़ा और इस मांग का नेतृत्व अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका ने किया। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, अप्रैल में नए निर्यात ऑर्डरों में उल्लेखनीय वृद्धि भारत में उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत दे सकती है, क्योंकि व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य और अमेरिकी टैरिफ घोषणाओं के अनुरूप खुद को ढाल रहे हैं। इस सकारात्मक प्रवृत्ति के साथ-साथ रोजगार और क्रय गतिविधि में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सर्वेक्षण में कहा गया है, उत्पादन की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि जारी रखी। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले ठीक 9 प्रतिशत लोगों ने अतिरिक्त कर्मचारियों को काम पर रखा, तथा कथित तौर पर स्थायी और अस्थायी अनुबंधों की पेशकश की गई। नये व्यवसाय के विकास के साथ-साथ क्रय गतिविधि में भी वृद्धि हुई, तथा इनपुट खरीद में नवीनतम तीव्र विस्तार का श्रेय आंशिक रूप से स्टॉक-निर्माण पहल को भी दिया गया। भंडारी ने कहा, मजबूत ऑर्डरों के कारण विनिर्माण उत्पादन वृद्धि दस महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इनपुट कीमतों में थोड़ी तेजी से वृद्धि हुई, लेकिन मार्जिन पर प्रभाव आउटपुट कीमतों में बहुत तेज वृद्धि से अधिक हो सकता है।

19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 17 रुपये की कटौती की गई

महंगाई से आम जनता को मिली राहत, सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर

नई दिल्ली। ऑय मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने आज यानी 1 मई से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 17 रुपये की कटौती की गई है. संशोधित कीमतों से रेस्तरां, होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को फायदा होगा जो इन सिलेंडरों का इस्तेमाल दैनिक कार्यों के लिए करते हैं. हालांकि, घरों को थोड़ी राहत मिली है क्योंकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है।

अप्रैल में बेंचमार्क अंतरराष्टीय कीमतों के अनुरूप मासिक संशोधन में कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में 41 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर की कटौती की गई थी. यह कटौती 1 मार्च को प्रति सिलेंडर 6 रुपये की बढ़ोतरी के बाद की गई है। कमर्शियल एलपीजी की कीमत अब मुंबई में 19 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 1713.50 रुपये,

दिल्ली में 1762 रुपये, कोलकाता में 1,868.50 रुपये और चेन्नई में 1,921.50 रुपये है। प्रमुख शहरों में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की नई दरें दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1747.50 रुपये होगी। कोलकाता- सिटी ऑफ जॉय में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1851.50 रुपये होगी। मुंबई- मैक्सिमम सिटी में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1699 रुपये होगी. चेन्नई- तमिलनाडु की राजधानी में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1906 रुपये है.

14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत दिल्ली- 853 रुपये, कोलकाता- 879.00 रुपये, मुंबई- 852.50 रुपये चेन्नई- 868.50 रुपये

2019 के बाद से सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है।

भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है। ऑक्सफैम की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है।

जनवरी-अप्रैल में मुंबई में ऑल टाइम हाई 52,896 नए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन हुए दर्ज

मुंबई। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था की धीमी गति के बावजूद, मुंबई ने इस साल जनवरी-अप्रैल में 52,896 नए प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के साथ अब तक का उच्चतम स्तर दर्ज किया है। यह 2024 में इन्हीं चार महीनों के दौरान रजिस्टर्ड 48,819 प्रॉपर्टी की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी एनारॉक द्वारा गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। महाराष्ट्र के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन (आईजीआर) के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2025 के पहले चार महीनों में मुंबई में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से एकत्रित कुल राजस्व लगभग 4,633 करोड़ रुपए है। यह पिछले साल की इसी अवधि (जनवरी-अप्रैल 2024) की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है, जब एकत्रित राजस्व 3,836 करोड़ रुपए था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, जनवरी से अप्रैल तक प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डेटा और डिमांड के रुझान के आगे के विश्लेषण से पता चलता है कि बेचे गए घरों का एवरेज टिकट प्राइस 1.57 करोड़ रुपए था, जो 2023 और 2024 की याद दिलाती है, जब यह 1.56 करोड़ रुपए था।

आम-सूचना
नाम परिवर्तन होने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रेणु गोस्वामी (RENU GOSWAMI) पति श्री योगेश दास गोस्वामी, उम्र 37 वर्ष, निवासी- 337/2, वार्ड नं.-10, शंकरनगर, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की निवासी है, मेरे पक्षकार के पुत्र मोक्ष गोस्वामी के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पक्षकार का नाम - मेघा गोस्वामी (MEGHA GOSWAMI) दर्ज हो गया है जो उनका घरेलू नाम है । जबकि मेरे पक्षकार का सहीं एवं वास्तविक नाम रेणु गोस्वामी (RENU GOSWAMI) है जो कि उनके आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में दर्ज है। कि रेणु गोस्वामी एवं मेघा गोस्वामी दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का ही नाम है।

भविष्य में मेरे पक्षकार को रेणु गोस्वामी (RENU GOSWAMI) पति श्री योगेश दास गोस्वामी के नाम से ही जानी एवं पहचानी जावेगी। अत: सो सूचना जानें।

निखिल महलवार
अधिवक्ता-जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827930577

आम-सूचना
नाम परिवर्तन होने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कैलाश बाई (KAILASH BAI) पति स्व. दादू राम साहू (Late DADU RAM SAHU) आयु-69 वर्ष, निवासी- आजाद चौक, राम नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के निवासी है, मेरे पक्षकार के आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में नाम कैलाशी बाई (KAILASHI BAI) दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है, जबकि मेरे पक्षकार का सही एवं वास्तविक नाम- कैलाश बाई (KAILASH BAI) है, जो कि उनके बैंक रिकार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड में दर्ज है। कि कैलाश बाई (KAILASH BAI) एवं कैलाशी बाई (KAILASHI BAI) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का ही नाम है।

भविष्य में मेरे पक्षकार को कैलाश बाई (KAILASH BAI) पति स्व. दादू राम साहू (Late DADU RAM SAHU) के नाम से ही जानी एवं पहचानी जावेगी।

निखिल महलवार
अधिवक्ता-जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827930577

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202504100700093 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिकामीर हमीद अली पिता/पति शौकत अली निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 662/2 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सबकल अली की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000113 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. टुनेन्द्र कुमार बंजारे पिता स्व. रेवाराम बंजारे 2. ज्ञानेश्वर प्रसाद बंजारे पिता स्व. रेवाराम बंजारे 3. श्रीमती संगीता चंदेल पिता स्व. रेवाराम बंजारे पति श्री चंद्रशेखर चंदेल 4. श्रीमती फणेश्वरी नाग पिता स्व. रेवाराम बंजारे पति श्री अजय कुमार नाग पता- ग्राम गाड़ाडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा स्व. श्रीमति हिरौंदी बाढ़ पति स्व. थुकेल के नाम पर भूमिस्वामी हक में ग्राम करगाडीह प.ह.नं. 56 तह. व जिला दुर्ग में भूमि खसरा नंबर 407, 409 रकबा 0.800, 0.220 हे. जुमला 1.020 हे. स्थित है। स्व. श्रीमति हिरौंदी बाई पति स्व.थुकेल की मृत्यु दिनांक 15/03/2025 को हो गई है। स्व. श्रीमति हिरौंदी बाइ के एक मात्र संतान पुत्री स्व. श्रीमति सूरज बाई बंजारे की मृत्यु दिनां 23/03/2017 को ग्राम-गाड़ाडीह में हो गई है। श्रीमति हिरौंदी बाई पति स्व. थुकेल के नाम पर भूमिस्वामी हक में ग्राम करगाडीह प.ह.नं. 56 तह, जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 407, 409 रकबा क्रमशः 0.800, 0.220 हे. जुमला 1.020 हे. पर स्व. श्रीमति हिरौदी बाई पति स्व. थुकेल का नाम विलोपित कर आवेदकगण के नाम बतौर उत्तराधिकारी के नामांतरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202504104300142 /अ-2/वर्ष 2024-25
ग्राम-उमदा, प.ह.न.04, तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा सोनी पति कृष्ण कुमार सोनी, निवासी नेहरू नगर भिलाई 3 द्वारा ग्राम उमदा, प.ह.नं 04 रा.नि.मं. व तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 502/3 रकबा 0.0092 हैं भू-राजस्व 0.01 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 13.05.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202504101200047 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रमाबाई चंद्राकर पिता/पति श्रवण कुमार निवासी अण्डा मौजा जंजगिरी प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1264 रकबा 0.28 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार मोतीम बाई पिता स्व. बैसाखु वगै से दिनांक 30.03.2012 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 14.05.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: बालमुकुंद सिंह ठाकुर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20250410040021/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका बालमुकुंद सिंह ठाकुर आ./पति स्व. छत्तर सिंह ठाकुर निवासी सेक्टर-04 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	110/8	0.140 वर्गफीट 1575	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्रीमती मालती मनहरे | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400308/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मालती मनहरे आ./पति मनीष कुमार मनहरे निवासी देवकर जिला बेमेतरा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	893/37	0.007 वर्गफीट 850.33	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: मोहसीन सलाम खान पठाण | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400295/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री मोहसीन सलाम खान पठाण आ./पति श्री सलाम खान पठाण निवासी मुसलमान टोला गोदिंया महाराष्ट्र द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	582/3	0.007 वर्गफीट 806	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202504104700082 /अ-3/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि:- आवेदक श्री सूरज हाउसिंग प्रोजेक्ट द्वारा पार्टनर श्रीमती दुर्गा देवी आ. श्री प्रताप सिंह निवासी राजीव नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम जुनवानी प.ह.नं.-43 रा.नि.म -जुनवानी तह. व जिला दुर्ग स्थित खसरा नं. 206/1, 206/2, 207/2, 207/3, 207/4, 208/1, 208/2, 210/2, 210/3 रकबा क्रमशः- 0.2200 हे, 0.1500 हे, 0.4100 हे, 0.3300 हे, 0.5300 हे, 0.1491 हे, 0.6872 हे, 0.3650 हे, 0.3560 हे कुल रकबा 3.1973 हेक्टेयर जो कि आवेदक कंपनी आवेदक श्री सूरज हाउसिंग प्रोजेक्ट द्वारा पार्टनर श्रीमती दुर्गा देवी आ0- श्री प्रताप सिंह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को छ.ग.शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर, अटल नगर का आदेश क्रमांक 2430/एफ4/सात / 2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.2020 के अनुसार संविलियन करने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200074

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी यशवंत साहू पिता/पति भूरवा साहू पता गयानगर वार्ड नं. 4 उरला रोड दुर्ग, सूरज साहू पिता/पति पुनीत साहू वार्ड 57 रामनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 69(0.0360) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सूरज साहू पिता/पति पुनीत साहू वार्ड 57 रामनगर उरला दुर्ग, यशवंत साहू पिता/पति भूरवा साहू पता गयानगर वार्ड नं. 4 उरला रोड दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000109 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक -वासु गेन्ड्रे पिता स्व. महराजी निवासी 151, आजाद चौक सतोष किराना स्टोर्स के पास रामनगर वार्ड नं.- 13 सुपेला भिलाई तह0 व जिला दुर्ग विरूद्ध छ0ग0 शासन द्वारा विश्वजीत पिता धिराजी वगैरह के नाम पर मौजा-हनोदा प.ह.नं. 53 स्थित जमीन खसरा नंबर 182 रकबा 0.30 हे. लगान 0.50 पैसा जो राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। पिता महराजी का स्वर्गवास दिनांक 11/05/2024 को हो चुका है। माता श्रीमति बिसन बाई टंडन पति स्व. महाराजी टंडन का भी स्वर्गवास दिनांक 10/10/2024 को हो चुका है। जिसके मृत्यु पश्चात् उनके निम्न विधिक वारिसानः वासुगेन्ड्रे उम्र- 52 वर्ष पुत्री दुलेश्वरी महिपाल उम्र 50 वर्ष पुत्री, शशिकला उम्र 45 वर्ष पुत्री, सुषमा कोठारी उम्र 44 वर्ष पुत्री, मृतक का स्वर्गवास हो जाने से उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं शेषप्रविष्टियों यथावत् रखे जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000108 /अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक -वासु गेन्ड्रे पिता स्व. महराजी निवासी 151, आजाद चौक संतोष किराना स्टोर्स के पास रामनगर वार्ड नं.- 13 सुपेला भिलाई तह0 व जिला दुर्ग विरूद्ध छ0ग0 शासन पिता- महराजी पिता स्व. गुहाराम के नाम पर मौजा-हनोदा प.ह.नं. 53 स्थित जमीन खसरा नंबर 700/4 रकबा 0.030 हे. लगान 0.10 पैसा जो राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। पिता महाराजी का स्वर्गवास दिनांक 11/05/2024 को हो चुका है। माता श्रीमति बिसन बाई टंडन पति स्व. महाराजी टंडन का भी स्वर्गवास दिनांक 10/10/2024 को हो चुका है। जिसके मृत्यु पश्चात् उनके निम्न विधिक वारिसान :- वासुगेन्ड्रे उम्र 52 वर्ष पुत्री दुलेश्वरी महिपाल उम्र 50 वर्ष पुत्री, शशिकला उम्र 45 वर्ष पुत्री, सुषमा कोठारी उम्र- 44 वर्ष पुत्री, मृतक का स्वर्गवास हो जाने से उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202504104100007 /अ-6(अ)/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरोजनी बाई देवांगन आ. भगेला देवांगन ध.प. ओमप्रकाश देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदिका के पिता भगेला देवांगन आ. पंचुराम देवांगन की क्रयशुदा भूमि वाके मौजा, ग्राम नगपुरा प.ह.न. 59/03 रा.नि.मं दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग की भूमि खसरा नं 149 का टुकड़ा रकबा 0.80/0.324 हे. लगान 1.19 पैसे भूमि स्थिति है। जिसे आवेदिका के पिता भगेला देवांगन विक्रेता लालराम वल्द दयाराम देवांगन से क्रय कर पंजीयन दिनांक 06. 07.1972 को क्रय कर उक्त दिनांक से मालिक काबिज है। आवेदिका के पिता भगेला देवांगन की उक्त क्रयशुदा भूमि का नामातंरण क्रमांक 13 दिनांक 02.02.1988 को प्रमाणीकरण कर खसरा नं 149/1 रकबा 0.80/0.324 हे. दर्ज कर भू अधिकार अभिलेख ऋष्ठ पुस्तिका क्रमांक 210534 प्रदान किया गया है। जिसकी नामातंरण पंजी भू अधिकार अभिलेख ऋष्ठ पुस्तिका की कापी संलग्न है। जिसमें भूमिस्वामी भगेला पिता पंचूराम के नाम पर दर्ज किंतु ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी के नाम पर दर्ज नहीं है। ऋष्ठ पुस्तिका पर अंकित भूमि स्वामी का मृत्यु होने पर वारिसान हक में नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 21.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202504104300139 /अ-2/वर्ष 2024-25
ग्राम-कोडिया, प.ह.न.01, तह. अहिवारा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लक्ष्मी मारकण्डे पिता सिद्धार्थ मारकण्डे, निवासी हर्षित विहार टाटीबंध के द्वारा ग्राम कोड़िया, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. व तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1204/2, रकबा 0. 360 हे. भू-राजस्व 0.05 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 के तहत वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत कोड़िया के प्रस्ताव की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 13.05.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504104700050 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अल्का प्रजापति पति- श्री जितेन्द्र प्रसाद प्रजापति निवासी- मकान नं. डी 10/ ब्लॉक नं. डी-03, सी.एस.पी.जी.सी.एल. कालोनी बंसतपुर तह. व जिला जांजगीर चांपा के द्वारा मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म.- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर- 1084/124, रकबा 0.010 हे. 1200 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक के नाम पर दर्ज हो गया है। किन्तु उपरोक्त वर्णित भूमि वर्तमान बी-01, में पटवारी अभिलेखों में विक्रेताओं का नाम दिखा रहा है। जबकी उक्त भूमि मेरे नाम पर पंजीकृत प्रमाणीकरण कर ऋणपुस्तिका मुझ केता के नाम पर प्राप्त हो गई है। उपरोक्त भूमि के संबंध में खसरा बी-01, 02, में नाम ऑनलाईन दर्ज करवाने एवं विकताओं का नाम विलोपित कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202501104700020 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि: आवेदक चितरंजन यादव पिता- किशन लाल यादव, उम्र 19 वर्ष साकिन- 106, वार्ड नंबर- 07, करंजा भिलाई कचान्दुर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा- कचान्दुर प.ह.नं. 12 रा.नि.मं- जेवरा सिरसा स्थित भूमि खसरा नंबर-10971 रकबा 0.46 हे0 लगान 1.36 रूपये भूमि जिसका ऋणपुस्तिका क्रमांक-437167 है भूमि राजस्व रिकार्ड में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसमें मेरा नाम नाबालिक चितरंजन पिता स्व. किशनलाल यादव के रूप में है। वर्तमान दस्तावेजों में बालिक होने का प्रमाण है। जिसका आवश्यक दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न हैं, कंडिका 2 में दर्शाये राजस्व खाते अनुसार नाबालिक को हटाकर बालिक दर्ज करने हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504104700051 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री जितेन्द प्रसाद प्रजापति पिता जगतपाल प्रजापति निवासी क्वा. न.-10 बी, सी.एस.पी.जी.सी.एल. कालोनी बंसतपुर तह. व जिला जांजगीर चांपा के द्वारा मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. - जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर-1084/111, रकबा :- 0.010 हे0 1200 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक के नाम पर दर्ज हो गया है। किन्तु उपरोक्त वर्णित भूमि वर्तमान बी-01, में पटवारी अभिलेखों में विक्रेताओं का नाम दिखा रहा है। जबकी उक्त भूमि मेरे नाम पर पंजीकृत प्रमाणीकरण कर ऋणपुस्तिका मुझ केता के नाम पर प्राप्त हो गई है। उपरोक्त भूमि के संबंध में खसरा बी-01, 02, में नाम ऑनलाईन दर्ज करवाने एवं विकताओं का नाम विलोपित कर उनका नाम विलोपित कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

आंधी-तूफान में एक हजार से अधिक बिजली खम्भे, 1217 लाइनें क्षतिग्रस्त

- आबादी क्षेत्रों में आपूर्ति सामान्य
- व्यक्तिगत शिकायतों का निराकरण युद्धस्तर पर जारी
- जंगलों तथा खेतों में सुधार दूसरे चरण में
- मुख्यमंत्री साय द्वारा निरंतर निगरानी

रायपुर /नवप्रदेश। 1 मई की शाम अनायास तेज आंधी-तूफान के कारण रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव तथा जगदलपुर क्षेत्र में पेड़ गिरने तथा तेज हवा के कारण 1000 से अधिक बिजली के खम्भे टूटे। 1217 लाइनें क्षतिग्रस्त हुई जिससे ज्यादातर फीडरों से विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तेजी से सुधार तथा आपूर्ति सामान्य करने के निर्देश दिये गये तथा किये जाने वाले कार्यों पर लगातार नजर रखी गई। ऊर्जा सचिव की निगरानी में मैदानी विद्युत अमले ने दिन-रात एक करके विद्युत प्रदाय सामान्य बनाने का कार्य युद्धस्तर पर किया। प्रबंध निदेशक, वितरण कंपनी भीमसिंह कंवर ने बताया कि आज की स्थिति में आंधी-

तूफान प्रभावित ज्यादातर आबादी क्षेत्रों में आपूर्ति सामान्य हो गई हैं। आज भी रात भर कार्य किया जायेगा। वहीं खेतों तथा वन क्षेत्रों में दूसरे चरण में शीघ्र ही सुधार कार्य कर स्थिति को सामान्य बनाया जायेगा।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विभिन्न जिलों में 01 मई 2025 को आये तेज आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाइनों पर पे?, फ्लेक्स, शेड, होर्डिंग्स तथा अन्य स्ट्रक्चर्स गिरने के कारण 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. विद्युत नेटवर्क ट्रिप हुआ व आपूर्ति बाधित हुई। प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सर्वप्रथम ग्राउंड पेट्रोलिंग करते हुए लाईनों पर गिरे हुए पेड़, फ्लेक्स, शेड, होर्डिंग्स को हटाने की त्वरित कार्यवाही की गई। अनेक स्थानों पर स्थानीय निकायों तथा जिला प्रशासन की मदद भी लाइन पर गिरी चीजें हटाने में ली गई।

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया कि रायपुर ग्रामीण बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, महासमुंद एवं गरियाबंद जिला में बड़े पैमाने पर पेड़ आदि के गिरने के कारण लाईनों के तार, क्रॉसआर्म, इन्सुलेटर तथा कई पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गए।

संक्षिप्त खबरें

सोलर कंट्रोल रूम में अचानक बैटरी फट जाने से बिजली बंद

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतिम छोर ग्राम मेचका के आश्रित ग्राम बोईरगांव,ग्राम पंचायत मेचका श्रीधन सोम जनपद पंचायत नगरी में भ्रमण के दौरान ग्राम वासियों से चर्चा परिचर्चा गांव के लोगों द्वारा बताया कि 27 अप्रैल रविवार की रात 9 बजे सोलर कंट्रोल रूम अचानक बैटरी फट जाने के कारण पिछले 4 दिनों से गांव में लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिससे ग्राम वासी से चर्चा पर चर्चा कर उच्च कार्यालय को तत्काल नया बैटरी लगवाने एवं 2024 में बना नया सोलर कंट्रोल रूम निर्माण कार्य 2024 में हो चुका है और आज तक के उसे कंट्रोल रूम में बैटरी नहीं लगा है, चिंता का विषय है। तत्काल निराकरण करने हेतु जिला धमतरी कलेक्टर के नाम से ज्ञापन बनाकर अवगत करवाया गया। जनपद पंचायत सदस्य श्रीधन ने बताया कि यह गंभीर समस्या है। जिसके चलते ग्रामीण जन परेशान हो रहे हैं जिसमें गर्मी के दिनों में अंधेरा में रहना पड रहा है विभागीय अधिकारी इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है गांव वाले के द्वारा संबंधित विभाग को तत्काल अवगत कराया गया है।

प्रदेश की कमला देवी ने दुबई में बजाया भारत का डंका

- 67 साल की उम्र में बनीं अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट
- वेटलिफ्टिंग में जीते तीन गोल्ड मेडल

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कमला देवी ने अपने अटूट संकल्प, अनुशासन और आत्मबल से न सिर्फ जीवन को चुनौती दी, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में अपने शहर, राज्य और देश का नाम भी रोशन किया। उन्होंने हाल ही में दुबई में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय खेल समारोह में तीन गोल्ड मेडल हासिल की है। उम्र सिर्फ एक संख्या है यह कहावत मनेन्द्रगढ़ की कमला देवी मंगतानी ने सच कर दिखाई है। 67 वर्ष की आयु में जब अधिकतर लोग अपने शरीर की सीमाओं को स्वीकार कर बैठते हैं।

कमला देवी मंगतानी पिछले 30 वर्षों से डायबिटीज जैसी जटिल बीमारी से जूझ रही हैं। एक समय था जब डॉक्टरों ने इलाज से जवाब दे दिया था और चलने-फिरने में असमर्थता के कारण उन्हें बैसाखी थमा दी गई थी,

अब तक जीत चुकीं हैं 100 से अधिक गोल्ड मेडल

कुछ ही वर्षों में उन्होंने खुद को इतना सशक्त बना लिया कि स्थानीय जिम में जाना शुरू कर दिया। पिछले पांच वर्षों से वे लगातार जिम में नियमित रूप से अभ्यास कर रही हैं। जहां उनके उम्र के लोग रिटायरमेंट के बाद आराम की जिंदगी जीते हैं, वहीं कमला देवी सुबह उठकर जिम में पसीना बहाने जाती हैं। जिम में उन्होंने खुद को न केवल फिट किया, बल्कि वजन उठाने (वेटलिफ्टिंग) जैसी कठिन कसरत में भी महारत हासिल कर ली। उनकी मेहनत और जज्बे का परिणाम यह रहा कि उन्होंने विभिन्न स्तरों पर आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से शुरू होकर वे धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंच गईं। अब तक वे 100 से अधिक गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इन पुरस्कारों में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय खेल समारोह में जीतीं तीन गोल्ड मेडल

सबसे हालिया और गौरवपूर्ण सफलता उन्हें दुबई में आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय खेल समारोह में प्राप्त हुई। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के सानिध्य में 22 से 28 अप्रैल 2025 के बीच हुआ। इसमें दुनियाभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कमला देवी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किए। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल भारत, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य और विशेष रूप से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले का नाम रोशन किया।

लेकिन जहां एक ओर शरीर जवाब दे रहा था, वहीं दूसरी ओर उनका मनोबल और आत्मविश्वास नई उड़ान भरने को तैयार था। उन्होंने न केवल बैसाखी को छोड़ा बल्कि अपने पैरों पर खड़ा होकर चलना शुरू किया। एक-एक कदम आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जीवन के प्रति एक नया नजरिया अपनाया।

650 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त मौके से शराब बनाने वाला गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। आबकारी विभाग की एक संयुक्त टीम ने आमादरहा नाले के पास जंगल में हाथ भट्ठी शराब निर्माण अड्डे पर छापा मारकर 650 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 1.30 लाख रुपये आंकी गई है। साथ ही 6 क्विंटल लाहन जिसकी कीमत 3 लाख रुपये को नष्ट कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सरायपाली , बसना, सांकरा और पिथौरा आबकारी टीम को मुखबिर की सूचना पर आमादरहा नाले के समीप महुआ शराब भट्ठी पर संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम को दूर से आता देखकर शराब निर्माण में लगा एक व्यक्ति भाग निकला वहीं टीम ने मौके से श्याम लाल खुंटे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में फरार हुए व्यक्ति का नाम अर्जुन जोल्हे बताया गया है। संयुक्त टीम ने शराब, लाहन आदि जब्त कर छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) (च), 34 (2) 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक दरसराम सोनी, हृदयराम तिरपुड़े, मिर्जा जफर बेग आदि शामिल रहे।

27 लीटर देशी शराब जब्त

इसी तरह एक दूसरे मामले में संयुक्त टीम ने गोकुल चौहान को 27 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा । दोपहिया वाहन सीजी 06-जीएस-3678 तथा 12 हजार रुपए कीमत की देशी मदिरा जब्त कर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। उपरोक्त टीम के अलावा इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राज किशोर पांडे भी शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com